


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं रोहित शर्मा!......

मैं ट्रंप को हरा देता लेकिन पार्टी की एकजुटता की खातिर पीछे हटा: बाइडन...... 12


वर्ष : 12 | अंक : 269 | पटना, रविवार, 12 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**
अधिकतम तापमान 14.0°C
न्यूनतम तापमान 12.0°C

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
सेंसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

## मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में की समीक्षा बैठक

# वर्तमान बिहार की स्थिति से लोगों को कराएं अवगत : नीतीश

### बोलें-वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी

प्रात : किरण

पटना। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की। दरभंगा समाहरणालय स्थित डॉ भीवराव अंबेडकर सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया है। यहां उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखी है। यहां उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों से मैं यही कहूंगा कि इनके क्षेत्र की समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र कराएं। इसके अलावा और भी कहीं कोई समस्या है तो उसे चिह्नित कर सरकार को अवगत करायें, उसका निदान किया जाएगा। मैं आप सभी से यही आग्रह करूंगा कि 24 नवबंर 2005 से पहले का बिहार और वर्तमान बिहार की स्थिति से लोगों को अवगत कराएं। हमलोगों ने बिहार के हर क्षेत्र में विकास का काम कराकर बिहार की तस्वीर बदली है। आज हम दरभंगा जिले में कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखें हैं, लोगों से बातचीत भी की है। काफी अच्छा काम हो रहा है। बिहार के लोगों ने 24 नवंबर 2005 से हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका दिया। तब से हमलोग निरंतर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण प्रदेश में काफी बदलाव आया है।



राज्य में अमन चैन, भाईचारा और सद्भाव का माहौल कायम हुआ है। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अब लोग कभी भी कहीं भी अपनी जरूरत के अनुसार आते-जाते हैं। कहीं कोई डर-भय का वातवरण नहीं है। वर्ष 2005 से पहले बिहार के अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। जब हम सांसद थे और क्षेत्र में घूमते थे तो उस समय रास्ता नहीं होने के कारण काफी पैदल चलना पड़ता था। सड़कें सुनसान रहती थी। पटना में भी भय का माहौल रहता था। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। कुछ लोग अनाप-शनाप बयानबाजी करने में लगे रहते हैं। हमलोगों का काम करने में यकीन है। 24 नवंबर 2005 से हमलोग एक साथ मिलकर बिहार के विकास का काम करना शुरू किया। आज भी साथ हैं और पूरी मजबूती के साथ आगे भी एकजुट रहेंगे। 2005 के पहले प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच विवाद की खबरें मिलती थी। पहले बिहार में सड़कों की संख्या काफी कम थी और जो सड़कें थी उनकी स्थिति बदहाल थी। अब हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। खेती के लिए भी कृषि फीडर के माध्यम से किसानों को सस्ते दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क के निर्माण का बड़े पैमाने पर हुआ काम :

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटे किया गया है। इसके लिए बड़ी संख्या में हर स्तर पर सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006-07 से हमलोगों ने सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत कराई। उसके बाद वर्ष 2008 से 9वीं क्लास में पढ़नेवाली लड़कियों के लिए साइकिल योजना शुरू कराई गई। बच्चियां स्कूल से लौटने के बाद शाम में अपने माता-पिता को साइकिल बाजार भी ले जाती हैं। लड़कों की मांग पर वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना शुरू की गई। बड़े पैमाने पर सरकारी शिक्षकों एवं नियोजित शिक्षकों की बहाली की गई। स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। अब नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में सिर्फ 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। हमलोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी विकास का काम कराया ताकि लोगों को इलाज में सुविधा मिले। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 1 माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। हमलोग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करा रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में बिहार में पहला एम्स का निर्माण पटना में कराया गया। दरभंगा में दूसरे एम्स का निर्माण होनेवाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आकर देख चुके हैं। हमलोग दरंभगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की क्षमता को बढ़ाकर 2500 बेड का करानेवाले हैं। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 5400 बेड की क्षमता का बनाया जा रहा है।

### इस वर्ष 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी व 34 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना-2 के तहत हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने मदरसों को सरकारी मान्यता प्रदान की है। अब सरकारी शिक्षकों के समान मदरसा शिक्षकों को भी वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सभी पार्टियों के साथ बैठक कर बिहार में जाति आधारित गणना कराने निर्णय लिया, जिसके बाद बिहार में जाति आधारित गणना कराई गई। जाति आधारित गणना में 94 लाख गरीब परिवारों को चिहिन्त किया गया है, जो हर जाति-धर्म से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### असम में 10 महीने के बच्चे में पाया गया एचएमपीवी संक्रमण

डिब्रूगढ़। असम में 10 महीने के एक बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एचएमपीवी संक्रमण का पता चला है, जो इस मौसम में असम में ऐसा पहला मामला है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे का डिब्रूगढ़ स्थित असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज हो रहा है और अब उसकी हालत स्थिर है। एएमसीएच के अधीक्षक डॉ. ध्रुबज्योति भुइयां ने बताया कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी संबंधी लक्षणों होने के कारण सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अधीक्षक ने कहा, लाहौल स्थित आईसीएमआर-आरएमआरसी से परीक्षण के नतीजे मिलने के बाद कल एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई।

### नफरती बयान देने के आरोप में भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी

कोट्टायम । भाजपा की केरल इकाई के नेता पी. सी. जॉर्ज पर धार्मिक नफरत पैदा करने वाली टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जॉर्ज पर इस सप्ताह की शुरूआत में आयोजित टीवी परिचर्चा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करने का आरोप है। मुस्लिम यूथ लीग नगर समिति की शिकायत के आधार पर एराट्टुपेट्टा पुलिस ने शुक्रवार को वरिष्ठ नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि उनके खिलाफ भारतीय न्याय सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस बीच, भाजपा ने जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की और आरोप लगाया कि यह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार का राजनीतिक प्रतिशोध है।

# मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर : पीएम मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दीं पीएम मोदी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ₹अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर एक पोस्ट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए



### पीएम ने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

लिखा, ₹हम चाकर रघुवीर के... जय श्री राम

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पीएम मोदी के पोस्ट को दोबारा शेयर किया। उन्होंने लिखा, ₹असंख्य राम भक्तों को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। बता दें कि रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 11 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर रामलला के दरबार को फूलों से सजाया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में वीवीआईपी पास निरस्त रहेंगे। इसके अलावा दर्शन करने का समय भी बढ़ा दिया गया है।

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, तीन दिवसीय समारोह के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ रामलीला भी होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कुबेर टीला पर भक्तों को संबोधित करेंगे, जिसके बाद संगीत और भक्ति कार्यक्रमों की एक श्रृंखला होगी। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार महोत्सव में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान के संत और अयोध्या के 100 से अधिक स्थानीय संत वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगे।

# राज्य सरकारें तय करें क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं

### कोर्ट ने कहा यह अधिकार क्षेत्र विधायिका और कार्यपालिका का

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत में एससी-एसटी वर्ग को आरक्षण देने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का हाल में दिया गया फैसला महत्वपूर्ण है। अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ग के क्रीमीलेयर को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की सिफारिश की थी, ताकि आरक्षण का फायदा वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस फैसले को लागू करने की जिम्मेदारी अब राज्य सरकारों पर डाल दी गई है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह फैसला विधायिका और कार्यपालिका का कार्य है, अर्थात संसद और राज्य सरकारों को यह तय करना होगा कि क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं। मध्य प्रदेश के एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें उसने राज्य सरकार को आदेश देने का अनुरोध किया था कि वह सरकारी भर्तियों में क्रीमीलेयर को आरक्षण लाभ से बाहर करे। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से मांग की थी कि सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में एससी-एसटी वर्ग के क्रीमीलेयर को आरक्षण लाभ से वंचित किया जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर जो विचार व्यक्त किए गए थे, वे केवल सुझाव थे, और इसे लागू करने का काम राज्य सरकारों का है।

कोर्ट ने कहा कि यदि क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर किया जाता है तो यह फैसला नीति निर्धारक निकायों द्वारा किया जाएगा, क्योंकि यह एक नीतिगत मुद्दा है। इस मामले में अटॉर्नी जनरल ने तर्क दिया था कि कोर्ट को इस प्रकार के नीतिगत फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इसके अलावा जब याचिकाकर्ता ने यह तर्क रखा कि नीति निर्धारक खुद क्रीमीलेयर मानदंड के कारण आरक्षण से वंचित हो जाएंगे, तो कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह विधायिका का काम है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले अगस्त 2024 में एक ऐतिहासिक आदेश दिया था, जिसमें उसने एससी-एसटी वर्ग में क्रीमीलेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण से बाहर करने के लिए एक तंत्र तैयार करने की जरुरत जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि ओबीसी क्रीमीलेयर का सिद्धांत एससी-एसटी पर लागू नहीं हो सकता और इसके लिए एक अलग तंत्र होना चाहिए। यह फैसला उन लोगों के हित में था जिन्होंने आरक्षण का लाभ लिया और समाज में उच्च पदों तक पहुंचे। इस आदेश के बाद कई दलित समुदाय के प्रभावशाली वर्गों ने इसका विरोध किया था, उनका कहना था कि इससे एससी-एसटी समुदाय की एकता को खतरा हो सकता है। इस मुद्दे पर समाज में विभाजन के डर को लेकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हालांकि कोर्ट का मानना है कि जिन लोगों ने जीवन में उच्च पदों पर पहुंचने के बाद आरक्षण का लाभ लिया है, उन्हें अब सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा नहीं माना जा सकता और उन्हें आरक्षण का लाभ जारी रखने की भी जरुरत नहीं है।

# दिल्ली मोड़ स्थित बस अड्डे को अंतरराज्यीय बस पड़ाव के रूप में किया जाएगा विकसित : नीतीश

### उदघाटन

-- डॉ नवीन कुमार --

### प्रगति यात्रा में मुख्यमंत्री ने 97 योजनाओं का शिलान्यास 89 योजनाओं का किया उदघाटन

दरभंगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि दिल्ली मोड़ स्थित बस अड्डे को अंतरराज्यीय बस पड़ाव के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे दरभंगा हवाई अड्डा के लिए आसपास के जिलों से आने-जाने वाले यात्रियों के अलावा शोभन में प्रस्तावित एम्स के निर्माण के बाद इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी सुविधा होगी। वे शनिवार को दरभंगा में प्रगति यात्रा के क्रम में समाहरणालय के आंबेडकर सभागार में जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले मुख्यमंत्री ने 56175.1735 लाख की 97 योजनाओं का शिलान्यास और 93528.54 लाख की 89 योजनाओं का उदघाटन किया।

उन्होंने कहा कि हम लोगों ने दरभंगा जिले में विकास का काफी काम कराया है फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गई है उसे पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा स्थित गंगासागर, हराही व दिग्घी तालाब का सुंदरीकरण एवं तीनों तालाबों का एकीकृत कर विकास किया जाएगा। इससे बड़ी आबादी को नागरिक सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने दरभंगा शहर के दोनार चौक के पास आरओबी निर्माण के स्थल का निरीक्षण किया। इसका



निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया।दरभंगा मेडिकल कालेज एवं अस्पताल तक दरभंगा आमस हाईवे से एलिवेटेड रोड की संपर्कता प्रदान की जाएगी। इससे यहां आने वाले लोग शहर में प्रवेश किए बिना ही सीधे डीएमसीएच पहुंच जाएंगे जिससे शहर में जाम की समस्या नहीं होगी। एकमी चौक से लहेरियासराय टावर व कपूरी चौक होते हुए स्टेशन तक सड़क का चौड़ीकरण एवं आवश्यकतानुसार एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी। प्रस्तावित एम्स निर्माण स्थल शोभन बाईपास को फोर लेन पथ के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे एम्स आने-जाने वाले पथ में जाम की समस्या नहीं रहेगी। बाबा कुशेश्वरस्थान का सुंदरीकरण एवं विकास किया जाएगा। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना, स्नान, ठहराव आदि में सहूलियत होगी जिससे पर्यटक स्थल के रूप में इस स्थान को बढ़ावा मिलेगा। मिथिला शोध संस्थान का आधुनिकीकरण एवं संरक्षण का कार्य कराया जाएगा। इससे मिथिला संस्कृति एवं भाषा को बढ़ावा मिलेगा। कुशेश्वरस्थान पूर्वी के असमा पुल के पास से एसएच-56 तक बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इससे कुशेश्वरस्थान बाजार में जाम की समस्या से निजात मिलेगी तथा श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा होगी।इसके पश्चात दरभंगा के दोनार चौक स्थित रेलवे गुमटी पर जाम की समस्या के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दरभंगा जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या 56 पर दरभंगा लहेरियासराय रेलवे स्टेशन के बीच लेबल क्रॉसिंग संख्या-25 एस०पी०एल० के बदले पहुंच पथ सहित आर०ओ०बी० का 134.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। दरभंगा जिला अंतर्गतराज्य उच्च पथ संख्या 75 पर मोहम्मदपुर कमटौल रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 10 के बदले पहुंच पथ सहित 70 करोड़ रुपये की लागत से आर0ओ0बी0 का निर्माण,प्रस्तावित बेनीपुर के क्षेत्राधीन अस्मा पुल के पास पथ से धबोलिया तक बाइपास पथ, डीएमसीएच से आमस - दरभंगा भारतमाला परियोजना तक एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य, प्रस्तावित एकमी घाट चौक से लहेरियासराय टावर होते हुए बेनता चौक तक एलिवेटेड रोड एवं दरभंगा -मोहम्मदपुर रेलवे स्टेशनों के बीच एल०सी० नंबर 2 एस०पी०एल० के बदले आरोपी पथ का निर्माण कार्य के संबंध में भी अधिकारियों ने मार्ग रेखन के माध्यम से मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा के कपूर्री चौक पर शहर की यातायात एवं जाम की समस्या के निदान हेतु विभिन्न पथों एवं फ्लाइओवर के निर्माण संबंधी मॉडल प्रस्ताव का अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तक भ्रमण कर आवामन हेतु पथों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 9.56 करोड़ रुपये की लागत से दरभंगा जिला में नवनिर्मित वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय भवन एवं पुलिस केंद्र दरभंगा में प्रशासनिक भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन का निरीक्षण कर आगंतुक कक्ष, डाक कोषांग आदि का जायजा लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर दरभंगा से मुख्यमंत्री ने 37.41 करोड़ रुपये की लागत से दरभंगा जिला में 200 महिला सिपाही बैरक,मॉडल थाना भवन फेकला, मॉडल थाना भवन तिलकेश्वर, मॉडल थाना भनव मोरो, मॉडल थाना भवन ललित नाराणय मिथिला विश्वविद्यालय एवं मॉडल थाना भवन बड़गांव सहित कुल 12 पुलिस भवनों का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। जिला अतिथि गृह के समीप स्थापित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण किया ।

# मोदी का फ्रांस दौरा, एआई शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

प्रात : किरण

पेरिस/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 11 फरवरी तक फ्रांस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट में भाग लेंगे। शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी।

राजदूतों के 30वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि फ्रांस 10-11 फरवरी को एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह शिखर सम्मेलन एआई पर बातचीत का अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे देश में एक प्रमुख यात्रा पर आएंगे, क्योंकि हम एआई पर सभी शक्तियों के साथ बातचीत करना चाहते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति ने वैश्विक बातचीत के रूप में एआई के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसमें अमेरिका, चीन और भारत जैसे देशों के साथ-साथ खाड़ी के देश भी शामिल होंगे, जिनकी एआई प्रौद्योगिकियों के विकास और विनियमन में महत्वपूर्ण भूमिका है।

मैक्रों ने कहा कि अमेरिका, चीन और भारत जैसे प्रमुख उभरते देशों के साथ-साथ खाड़ी देशों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि शिखर सम्मेलन में नवाचार, प्रतिभा और फ्रांस तथा यूरोप को वैश्विक एआई परिदृश्य के केंद्र में रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उस रूपांतरण से परे, हम फाउंडेशन के साथ सार्वजनिक हित के लिए जो करना चाहते हैं, वह यह है कि मेरे लिए शिखर सम्मेलन का मूल नवाचार और प्रतिभा को आकर्षित करने की क्षमता और फ्रांस तथा यूरोप को एआई लड़ाई के केंद्र में रखना होगा।

विशेष रूप से फ्रांसीसी प्रेसीडेंसी ने दिसंबर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट के लिए भारत को निमंत्रण दिए जाने की पुष्टि की थी, इसमें भारत को ₹बहुत महत्वपूर्ण देश₹ बताया गया था।

शिखर सम्मेलन के बारे में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, फ्रांसीसी प्रेसीडेंसी ने घोषणा की कि भारत सहित 90 देशों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने भारत को आमंत्रित किया है और शिखर सम्मेलन की तैयारी में भारत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। गलत सूचना और एआई का दुरुपयोग ऐसे विषय हैं जिन पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि लोगों के जीवन पर ठोस प्रभाव डालने की इसकी क्षमता के कारण भारत एक बहुत ही महत्वपूर्ण देश है। हम शिखर सम्मेलन की विभिन्न टीमों में भारत के योगदान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### भारत के पहले रोबोटिक सिस्टम ने 286 किलोमीटर की दूरी से की टेलीसर्जरी

नई दिल्ली। मेड-इन-इंडिया सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्र ने टेलीसर्जरी के जरिए 286 किलोमीटर की दूरी से दो 'रोबोटिक कार्डियक सर्जरी' सफलतापूर्वक पूरी की है। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने गुरुग्राम से मणिपाल अस्पताल जयपुर तक एसएसआई मंत्र 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का इस्तेमाल कर इस सर्जरी को पूरा किया। टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमरी आर्टरी हार्वेस्टिंग प्रक्रिया को दूर से ही सफलतापूर्वक केवल 58 मिनट में पूरा किया गया। सर्जरी ने केवल 35-40 मिलीसेकंड (एक सेकंड का 20वां हिस्सा) की कम देरी के साथ असाधारण सटीकता का प्रदर्शन किया। इस ग्राउंडब्रेकिंग प्रक्रिया के बाद एक दूसरी वर्ल्ड-फर्स्ट, रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास (टीईसीएबी) प्रक्रिया पूरी की गई। टीईसीएबी को सबसे मुश्किल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रिया के रूप में जाना जाता है। इस प्रक्रिया को भी मात्र 40 मिलीसेकंड में गुरुग्राम से जयपुर में टेलीसर्जरी के जरिए पूरा किया गया था। एसएस इनोवेशन के संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ₹हम मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमताओं को एडवांस करने के लिए बेहद रोमांचित हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 12 जनवरी, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### बाल ज्ञान सहयोगी कॉन्वेंट का धूमधाम से मनाई गई 19वीं वर्षगांठ

फतुहा। शनिवार को आदिलपुर स्थित बाल ज्ञान सहयोगी कॉन्वेंट स्कूल का 19वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। वर्षगांठ कार्यक्रम में बच्चों संग शिक्षकों ने केक काटा साथ ही बच्चों को उपहार एवं मिठाई भी बांटे गए। स्कूल के निदेशक वीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से ही हम इतनी दूरी तय कर पाएँ हैं। सहयोग मिलता रहें। हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं। वहीं कार्टूनिस्ट व पत्रकार अमरेन्द्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर कई चुनौतियाँ सामने आती हैं, ऐसे में वीरेंद्र कुमार राय धन्यवाद के पात्र हैं हमेशा इसी तरह आगे बढ़ते रहें। वर्षगांठ कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक वीरेंद्र कुमार राय, प्राचार्य रेखा कुमारी, शिक्षिकों में शोभा कुमारी, रजनीश कुमार, तरन्नुम प्रवीण, राजीव कुमार, चंदन कुमार एवं छात्रों में खुशी, सुमन, ब्यूटी, सुहानी, रजनी राज, शबनम, सुकेश, अजीत, नीलम, रौशनी सहित स्कूल के सभी बच्चे शामिल हुए।

### रामलला की पहली वर्षगाँठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

दानापुर नगर अंतर्गत सर्वजन कल्याण समिति अंबेडकर पथ के नजदीक शनिवार को पौष शुल्वा पक्ष की द्वादशी तिथि 11 जनवरी है।श्रीरामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगाँठ पर सर्वजन कल्याण समिति, अम्बेदकरपथ के द्वारा राम भजन एवं बधाई गीत के गायन और साथ ही हलवा प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक संजीव चौरसिया एवं बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या शीला पंडित प्रजापति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गायक मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा प्रस्तुत राम भजन एवं बधाई गीत पर सभी श्रद्धालु खुब आनंदित हुए।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार टिंकल संगठन महामंत्री मिथिलेश कुमार सिन्हा और चंदन सिंह, एस० के० सिन्हा, कृष्णा मुखर्जी, अनिल कु० सिन्हा, रमेश चन्द्र रमण, संतोष कु० सिन्हा, एन० के० गुप्ता उमेश प्रसाद वर्मा जी, एन० के० सिंह, लल्लू, जी. श्यान किशोर प्रसाद, निर्मल बाबू अरुण सिंह, विशुन देव जी, राजन्द्र कर्ण, कुंदन राघवन, मिथिलेश सिन्हा सहित कई गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### लावारिस अवस्था में ट्रेन से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत ट्रेन 12141 के कोच नंबर,2 के बाथरूम के पास रखा अज्ञात उजाला पीला रंग का एक झोला व पिट्टू बौग में अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग बैरल 5 पीस आफ्टर डार्क 8 पीस रॉयल स्टैग सुपीरियर सात बोतल ऑफिसर चॉइस व्हिस्की टेट्रा पैक 6 पीस कुल शराब की मात्रा 11.520 लीटर शराब बरामद किया गया

### वरीय पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर औचक निरीक्षण पर निकले एएसपी

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रात्रि गश्ती में डियूटी के दौरान पुलिस मुख्यालय व वरीय पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश का पालन का जायजा लेने एएसपी निकले। बीते रात एएसपी भानू प्रताप सिंह रात्रि कालिन गश्ती का औचक निरीक्षण करने निकले। इस दौरान उन्होने गश्ती के दौरान पुलिस कर्मी को मोबाइल फोन का प्रयोग करते एवं एक गश्ती वाहन चालक व उस पर तैनात पदाधिकारी को देखा। जिसके बाद उन सभी से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही। एएसपी एएसपी श्री सिंह ने बताया कि बीते रात पुलिस गश्ती का निरीक्षण किया गया। दानापुर थाना के गृहरक्षक मनीष कुमार व कमलेश कुमार व खगौल थाना के पीटीसी रवीन्द्र कुमार को मोबाइल का प्रयोग करते पाया गया। एक गृहरक्षक को प्रोपर टर्न आउट नही थे। इसके साथ गश्ती के दौरान दानापुर थाना के 112 के एक चालक व पदाधिकारी सोते मिले। सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दिव्य ज्योति कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

मसौढ़ी !अखिल भारतीय गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वावधान में संचालित देशव्यापी अखंड दिव्य ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार को मसौढ़ी में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।इस मौके पर राम जानकी मंदिर में 1000 दीप जलाए गए, जिला संयोजक सुधीर शरण ने कहा कि कलश यात्रा का उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाना है।इस मौके पर स्थानीय विधायिका रेखा देवी अभय कुमार सिंहा डॉ राम जयपाल संतोष केशरी सपना केशरी केदार प्रसाद यादव व अन्य शामिल रहे।

# सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान इमारत-ए-शरिया की पहल पर मस्जिदों एवं मदरसों से की जाएगी दवा सेवन करने की अपील

- राज्य के 24 जिलों में 10 फरवरी से शुरू होगा अभियान
- भ्रांतियों पर ध्यान न देने की भी नसीहत



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य के 24 जिलों में 10 फरवरी से शुरू हुए सर्वजन दवा सेवन अभियान में अब इमारत-ए-शरिया भी शामिल हो चुका है। इमारत-ए-शरिया के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस निसार अहमद ने पत्र जारी करते हुए एमडीए/आइडीए अभियान में शामिल जिलों में मस्जिद के इमाम और मदरसों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। डॉ अहमद ने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। समान्य भाषा में इसे हाथीपांव भी कहते हैं। सर्वजन दवा सेवन अभियान को इंसानियत का हिमायती बताते हुए डॉ अहमद ने कहा कि मस्जिद में आने वाले नमाजियों, मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को, शुक्रवार को होने वाले नमाज में और माइकिंग के माध्यम से इस अभियान के बारे में बताएं और समाज में इस दवा को खाने की अपील करें। वहीं इस अभियान के दौरान दी जाने वाली दवाओं के बारे में उपजे वहम से दूर रहने रहने को कहा। ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के सामने खानी होगी दवा सर्वजन दवा अभियान में स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पिरामल स्वास्थ्य के ने बताया कि राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, एनटीडी, बासब रूज 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में शुरू होने वाले अभियान में ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के तौर पर आशा दीदी या अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाएगें। लोगों को यह दवा उनके सामने ही खानी होगी। उन्होंने बताया कि पिरामल टीम के लगातार प्रयास से इमारत-ए-शरिया ने तमाम मौलाना एवं इमाम को निर्देशित किया है कि बिहार एवं झारखंड के तमाम मस्जिदों से सर्वजन दवा सेवन अभियान के दैरान दवा खाने की अपील की जाए। बासब रूज ने बताया कि इस पहल से दोनों राज्यों के 25,000 से अधिक मौलाना, मदरसा एवं मस्जिदों के जुड़ने से अभियान की कवरेज को बढ़ने की उम्मीद ह। अभियान के दौरान बांका, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, कैमूर, मुंगेर, सीतामढ़ी, सुपौल, सिवान एवं पश्चिम चंपारण जिलों में 2 दवाएं एवं अरवल, औरंगाबाद, बेगुसराय, गया, जमुई, मुजफ्फरपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सहरसा एवं वैशाली जिलों में 3 दवाएं खिलाई जाएगी एमडीए के 14 दिनों में घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी वहीं, मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में में 17 दिनों का बूथ बनाया जाएगो इसके जरिये अधिक से अधिक दवा सेवन को सुनिश्चित करने में आसानी होगी।

## ड्राईंग एवं पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कार वितरण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृव में ड्राईंग एवं पेंटींग तथा निबंध प्रतियोगिता 2024 में विजेता बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए अधिकारी क्लब, पाटलिपुत्रा रेल परिसर, दीघा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में 39 बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिन्हें नकद पुरस्कार, मेरिट प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मिनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएँ उपस्थित थीं।

## गौशाला के जीणोर्धार को लेकर एसडीएम ने की समिति के साथ बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

मोकामा। शनिवार को मोकामा के ऐतिहासिक श्रीकृष्ण गोशाला को नये सिरे से जीणोर्धार करने पर गहन मंथन किया गया। गोशाला परिसर में आयोजित प्रबन्ध समिति की बैठक में गोशाला की जर्जर स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। बाढ़ एसडीओ शुभम कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सचिव चंदन कुमार ने गोशाला की घेराबंदी कराने और गो पालन की मुकमल व्यवस्था करने पर जोर दिया। इस बैठक में मोकामा के सौ साल पुराने गोशाला को नया स्वरुप प्रदान करने और लोगों की सेवा करने पर भी प्रकाश डाला गया। उल्लेखनीय है कि मोकामा यह गोशाला वर्षों से जर्जर अवस्था में अपने दुर्दिन पर रो रहा है। इस दौरान यह गोशाला चोर और मवालियों का अड्डा बन गया था। गौशाला की स्थिति काफी देनी हो गई थी। शहर के प्रबुधजनों की सार्थक पहल के बाद एसडीओ शुभम कुमार ने भी कड़ा संज्ञान लिया और गोशाला को नया रुप देने की कवायद परवान चढ़ा दी गयी। सरकार के स्तर से भी इस ऐतिहासिक गोशाला को नया स्वरुप प्रदान करने की योजना है। सरकारी स्तर पर गोशाला की घेराबंदी करने और गो पालन की योजना को मूर्त रुप दिया जायेगा।इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए एसडीओ शुभम कुमार ने नई कमेटी का भी गठन कर दिया है।बैठक में श्रीकृष्ण गोशाला को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने की महती योजना है। सचिव चंदन कुमार के अनुसार मोकामा के इस ऐतिहासिक श्रीकृष्ण गोशाला को राज्य स्तरीय गोशाला बनाया जायेगा।बैठक में सीओ समेत कृष्णदेव सिंह,मुरारी कुमार,अरुण कुमार, संजीव सिंह, रौशन भारद्वाज और किसानों ने भी शिरकत की।

## गुरु गोविंद सिंह का त्याग और बलिदान धर्म रक्षा की प्रेरणा:जत्थेदार ज्ञानी रंजीत सिंह गौहर -मिस्कीन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। शनिवार को कबीरपंथी आश्रम, मीठापुर में मंहत श्री ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में दशमेश गुरु गुरुगोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे तख्त श्री हरि मंदिर साहिब गुरुद्वारा पटना के मुख्य जत्थेदार रहे ज्ञानी रंजीत सिंह गौहर -मिस्कीन जी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग और बलिदान को याद करने के लिए उनका प्रकाश पर्व मनाना हम सभी का कर्तव्य भी है। गुरु जी ने अपना सारा जीवन सच्चाई की राह पर चलते हुए लोगों की सेवा में गुजार दी। वे जितने बड़े विद्वान थे उतने बड़े अजेय योद्धा भी थे। उनके दरबार में 52 कवियों का आश्रय था। धर्म, शिक्षा और लोक सेवा के उनका त्याग और बलिदान नयी पीढ़ी के बीच लाने की जरूरत है। वे सबल, सुशिक्षित एवंपवित्र जीवन का संकलप लेकर खालसा पंथ बनाया। जाति धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर मानव धर्म को प्रतिष्ठा दिया खालसा पंथ ने। इसी कड़ी में मंहत ब्रजेश मुनि महाराज जी ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका त्याग युगों-युगों तक धर्म रक्षा के लिए सर्वस्य न्योछावर करने की प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धालु रूबी प्रधान, चंदनेश्वर, कमलेश, उषा देवी ने गुरु वंदना सहित गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन पर आधारित भजनों सहित गुरु नानक देव जी का प्रसिद्ध भजन-ह्रसुमिरन कर ले मेरे मना तेरी बीती जाय उमर हरिनाम बिना गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। इस अवसर पर आश्रम के संत विवेक मुनि, संत अशोक दास, संत करसन मुनि, हरिंदर राय, बिरजू गोप आदि उपस्थित थे।

## शिविर लगा राजद का बनाया सदस्य, बनेगी तेजस्वी की सरकार

### 17 माह के कार्यकाल को गिनाते हुए भावी योजना को बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के शहीद भगत सिंह चौक मोड़ पर राजद का सदस्यता अभियान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी तथा संचालन पटना महानगर के उपाध्यक्ष मो साबिर अली ने किया। इस दौरान राजद के पटना महानगर के अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि पटना साहिब राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं कार्यकर्ता के सहयोग से दो लाख सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया है, जो सराहनीय है। यहां के लोग गरीब, किसान, मजदूर, युवा व महिलाएं सदस्य बनने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 2025 में श्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय व युवाओं की सरकार बनाना है। राजद नेता बलराम चौधरी एवं राजद के वरिष्ठ नेता मोहम्मद जावेद ने कहा कि राजद जो कहती है, वह करती है। 17 महीने की सरकार में बतौर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने बिहार में लगभग पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी देकर तथा स्वास्थ्य विभाग में मिशन 60 के तहत बदलाव लाकर इतिहास कायम किया है। उस समय को जनता भूली नहीं है। वर्ष 2025 के चुनाव में उन्होंने बिहार के युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ-साथ हर घरों में 200 यूनिट फ्री बिजली, मां-बहन सम्मान योजना से 2500 रुपया प्रति महिलाओं के खाता में एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत अन्य राज्यों की तरह वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग को डेढ़ हजार प्रति माह देने की घोषणा की है। इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव, पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, मुन्ना जायसवाल, उमेश पंडित, कृष्ण कुमार यादव, डॉ इकबाल अहमद, युवा राजद के प्रदेश महासचिव अजीत सिंह कुशवाहा, मो अख्तर अली, मो आसिफ, सईद अंजुम, पंकज रजक, पह्लाद यादव, राकेश यादव, गौतम तांती, कौशल किशोर, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, भूषण माली आदि ने कहा कि कैंप में सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित हैं। इसका प्रमाण है कि आज लगभग 1500 लोगों ने 10 रुपया देकर सदस्यता ग्रहण की है। आने वाले दिनों में जिस तरह से जदयू और बीजेपी के लोग झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का काम किया है, बिहार की जनता इस सरकार से ऊब गई है। इसका हिसाब बिहार की जनता तेजस्वी यादव की सरकार बनाकर हिसाब चूकता करेगी।

## मां की तीसरी पुण्यतिथि पर किया रक्तदान




प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !अक्सर लोग अपने स्वर्गीय माता-पिता को याद करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ऐसा एक कार्यक्रम शनिवार को मसौढ़ी में देखने को मिला, जब बेटों ने अपनी मां की पुण्यतिथि पर रक्तदान कर मां को सच्ची श्रद्धांजलि दी। प्रखंड मुख्यालय स्थित खरौना गांव निवासी मृत्युंजय पेरियार ने अपनी मां सुदमिया देवी की तीसरी पुण्यतिथि पर ब्लड बैंक में जाकर अपना रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि मां की पुण्यतिथि पर रक्तदान कर काफी खुशी हो रही है।रक्त से कई जरूरतमंदों को सीधा लाभ मिलेगा।

## आलमगंज से किशोरी लापता, सिविल कोर्ट के पास से दो बाइक चोरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र से सात जनवरी से करीब 14 साल की किशोरी लापता है। परिजनों ने इस संबंध में संबंधित थाना में मामला दर्ज कराया है। इसमें पुलिस को बताया गया है कि वह घर से महावीर घाट स्थित विद्यालय पढ़ने के लिए गई थी। इसके बाद से वह घर नहीं लौटी है। परिजनों ने संबंधित रिश्तेदार एवं अपने स्तर से हर तरह पता करने के बाद आलमगंज थाना में लिखित में मामला दर्ज कराया है। वहीं इसी थाना क्षेत्र के गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय के पास से पटना हाईकोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता और कदमकुआं के रहने वाले अभिषेक कुमार की मोटरसाइकिल चोरी चली गई। वह बाइक लगाकर कोर्ट में गए थे और जब वापस लौटे, तो उनका वाहन गायब मिला। वहीं दूसरी ओर दीदारगंज थाना क्षेत्र के ज्ञानचक के रहने वाले संतलाल सिंह की मोटरसाइकिल भी न्यायालय के बाहर से चोरी चली गई है। दोनों मामले में आलमगंज थाना में सूचना दर्ज कराई गई है।

## मठ लक्ष्मणपुर में मिले प्राचीन मंदिर का होगा कायाकल्प : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अशोक राजपथ के त्रिपोलिया से दक्षिण की ओर जाने वाले रास्ते मठ लक्ष्मणपुर नारायण प्रसाद लेन में प्राचीन शिव मंदिर मिला था। इसके बाद लगातार मंदिरों के मिलने का सिलसिला जारी रहा। इसका मुआयना करने के लिए शनिवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव पहुंचे। उन्होंने मंदिर का अवलोकन किया। पूजा-अर्चना की। लोगों की बातों को सुनने का काम किया। हर चीज को बारीकी से देखा और सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दरअसल यहां पर मठ पहले से होने के कारण ही इस रास्ते का नाम मठ लक्ष्मणपुर पड़ा है और इस मठ में निश्चित तौर पर मंदिर भी रहा होगा, जो अब सामने आ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मंदिर बनेगा और भव्य बनेगा। जो भी बाधा बीच में आएगी, उसे नियमपूर्वक दूर किया जाएगा। इसमें कहीं कोई शक की गुंजाइश नहीं रह जाती है। हालांकि उन्हें बताया गया कि मामला बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद में भी है। फिलहाल न्यास पर्षद भंग है। प्रशासक के रूप में वहां एके सिंह काम कर रहे हैं। सबों को सुनने के बाद श्री यादव ने स्पष्ट तौर पर कहा कि नियमपूर्वक काम करते हुए मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। साथ ही जो कुछ भी होगा, वह सब बेहतर ढंग से ही होगा। उन्हें खुशी है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में इतना प्राचीन और भव्य मंदिर शिवलिंग मिला है। इस दौरान पूर्व डिप्टी मेयर रूपनारायण मेहता, नरेश मेहता, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रामजी मेहता, शशि बल्दिहार, सीता सिन्हा आदि मौजूद थे। विधायक नंदकिशोर यादव का स्वागत स्थानीय स्तर पर मंदिर के जीर्णोद्धार और कार्य देखने वाले उमाकांत जी, विजय पाल और सुभाष कुमार ने किया। खानकाह में उर्स आज से पटना सिटी. मीतन घाट स्थित खानकाह मुनएमीया कमरीया में हजरत मखदूम शाह मुहम्मद,मुनइम पाक का 261 वां उर्स दो दिनों का रविवार से आरंभ होगा. खानकाह के गद्दनशीं सैयद शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी ने बताया कि पहले दिन मजारशरीफ पर इत्र व संदल के साथ कुल होगा. इसके बाद खानकाह व उनकी सेवाओं पर सेमिनार,फिर मजलिस के उपरांत जुलूस ए चादरपोशी होगी. वहीं पुस्तकों का विमोचन होगा. फिर कुल व मजलिस ए शमा होगा. अगले दिन 13 जनवरी को कुरानखानी, फातेहा के बाद कुल हजरत मौलाना सैय्यद शाह मो मंजूर मुनएमी के बाद मजलिस ए शमा के साथ अन्य आयोजन होगा. इसमें देश विदेश के जायरीन शामिल होंगे। गांधी सेतु पर परिचालन प्रभावित होने से रहा वाहनों का दवाब पटना सिटी. महात्मा गांधी सेतु पर हाजीपुर की तरफ पाया संख्या 14 व 15 के बीच बस में आग लगने की वजह से सेतु पर वाहनों का परिचालन प्रभावित हो गया था. इस कारण वाहनों का दवाब सेतु पर बढ़ गया. जिससे रुक रुक कर जाम की स्थिति बनी. यातायात पुलिस ने बताया कि जले बस को क्रेन की मदद से साइड कराया गया. इसके बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी. पुलिस ने बताया कि आगलगी की घटना के दौरान सुरक्षा की लिहाज से वाहनों का परिचालन रोका गया था. इस वजह से जाम की स्थिति सेतु के पूर्वी व पश्चिमी लेन पर बनी थी. स्थिति यह थी कि बस में आग लगने के बाद वाहनों के परिचालन रोके जाने से पटना से हाजीपुर जाने वाले लेन व हाजीपुर से पटना आने वाले लेन पर वाहनों की कतार लग गयी थी. फायर अफसर गयानंद सिंह ने बताया कि चार यूनिट यहां भी आग बुझाने के लिए भेजी गयी थी।

## गांधी सेतु पर बस में आग लगने से परिचालन प्रभावित



- बस चालक की सूझबूझ से यात्रियों की बची जान, अग्निशमन ने आग पर पाया काबू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महात्मा गांधी सेतु पर हाजीपुर की तरफ पाया संख्या 14 और 15 के बीच बस में आग लग गई। इस कारण से सेतु पर वाहनों का परिचालन प्रभावित हो गया था। वाहनों का दबाव सेतु पर बढ़ जाने से रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनती रही। यातायात पुलिस ने बताया कि जिस बस में आग लगी थी, अग्निशमन की टीम के द्वारा काबू पाए जाने के बाद उसे क्रेन की मदद से हटाने का काम किया गया इस दौरान वाहनों के परिचालन पर खासा असर पड़ा। वाहनों की आवाजाही शुरू होने के बाद आगे बढ़ाने की होड़ में ओवरटेक किया जाने लगा। इस कारण से भी जाम की स्थिति बनी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि चालक की सूझबूझ से जान की हानि नहीं हुई। जैसे ही बस के आगे इंजन से धुआं निकलने लगा, चालक ने किसी तरीके से वाहन को रोका और सभी यात्रियों को तेजी के साथ वाहन से उतरने को कहा। चालक खुद भी स्टेयरिंग से कूद जान बचाया। पुलिस ने बताया कि आगलगी की घटना के दौरान सुरक्षा के लिहाज से वाहनों का परिचालन रोका गया था। इस वजह से जाम की स्थिति सेतु के पूर्वी व पश्चिमी लेन पर बनी थी। स्थिति यह थी कि बस में आग लगने के बाद वाहनों के परिचालन रोके जाने से पटना से हाजीपुर जाने वाले लेन व हाजीपुर से पटना आने वाले लेन पर वाहनों की कतार लग गयी थी। फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि चार यूनिट पटना सिटी भी आग बुझाने के लिए भेजी गया था। इससे वैशाली से आयी फायर यूनिट के सहयोग से बस में लगी को आग बुझाने में सफलता मिली।

## श्रीराम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर छाया भक्ति का माहौल, भंडारे का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !अयोध्या धाम में श्री रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पौष शुक्ल द्वादशी के दिन शनिवार को मेनरोड स्थित वंशी मार्केट के सौजन्य से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किए गए,जहां भजन-कीर्तन के बीच भक्ति का माहौल छाया रहा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सैकड़ों वर्षों के सपने का साकार होना है।यह हिंदू जनमानस के लिए ऐतिहासिक दिन है।और हर घर में इस उत्सव को मनाया जाना चाहिए।इस दौरान संस्कृति और सनातन धर्म पर विशेष चर्चा भी हुई। कार्यक्रम में मनीष कुमार सोमेश केशरी संतोष केशरी सपना संजय केशरी रविशंकर प्रसाद विनोद ठठेरा विक्की सोनी गौरव कुमार अमृत राज सोनी सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे।सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## मारपीट हुआ गोलीबारी में चार नामजद व दो अज्ञात, जांच जारी

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार के पंचशील स्कूल के पास मारपीट एवं फायरिंग मामले में पुलिस ने चार लोगों को नामजद एवं दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि मारपीट में घायल कुम्हरार का रहने वाला राजा उर्फ ढनढन के पिता धनंजय कुमार ने मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया गया है कि नौ जनवरी की रात ढनढन ऑटो पर बैठा हुआ था। उसी समय छोटे सरकार, चंदन, रॉकी व अभिनंदन और दो अज्ञात ने बेटे के साथ मारपीट की और पिस्टल के बट से मार कर घायल कर दिया। छोटू एवं रॉकी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग किया। इसमें वह बाल-बाल बच गया। गोली एक अन्य व्यक्ति को जाकर लगी। अभियुक्तों ने बेटे के साथ मारपीट कर दस हजार रुपया भी छिन लिया। पिता ने घटना का कारण पुराना विवाद बताया है। पुलिस ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## युवा दिवस की पूर्व संध्या पर किया पौधारोपण



पटना सिटी (प्राकि)। आरपीएम कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को यह आयोजन राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा पर्यावरण की स्वच्छता एवं समृद्धि के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोडॉ पूनम ने करते हुए छात्रों को कहा कि पौधा लगाने और उसकी सेवा करते हुए रखरखाव पर ध्यान देते हुए पेड़ बनने तक देखभाल किया जाना चाहिए था पौधा लगाकर ही हम पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते हैं। यदि पर्यावरण स्वच्छ होगा, तब हम सब भी स्वस्थ, युवा और निरोग रह सकते हैं। पौधे की कमी के कारण ही कोरोना कल में ऑक्सीजन का संकट भी देखा गया। राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ किरण कुमारी ने छात्राओं को एक छात्र एक पौधा का शपथ दिलाई। डॉ नीना कुमारी के द्वारा समारोह का समापन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस दौरान कालेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी भी समारोह में मौजूद रहे।

## राजकीय फामेर्सी संस्थान में नव आगंतुक छात्रों का किया स्वागत




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं स्थित राजकीय फामेर्सी संस्थान में नए फामेर्सी छात्रों के स्वागत के लिए शनिवार को 2023 बैच के द्वारा 2024 बैच के छात्रों का स्वागत समारोह (परिचय) का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के प्राचार्य डॉ राम कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सबसे पहले दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि जिस जगह पर छात्र को शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और विरासत के बारे में जानकारी दी जाती है, वहां पर छात्रों का हर तरह से विकास होता है। इस मौके पर छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य और अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सभी छात्र-छात्राओं ने मिल कर फामेर्सी की दुनिया में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से नए और पुराने छात्रों ने परिचय के माध्यम से एक-दूसरे के साथ आपसी तालमेल, भाईचारा और स्नेह का परिचय दिया। मंच का संचालन प्राची केशरी, जीवन, कोमल और मनीषी मौर्या ने किया। सुमन, आशुतोष, अंकित, रजनीश, अभिषेक, शालिनी, निधि आदि सक्रिय रहे। संस्थान के सभी अध्यापकों ने नए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिले को दी लगभग 1500 करोड़ रुपये की सौगात

# जीविका से जुड़कर महिलाएं अपने परिवार के भरण-पोषण में निभा रही अहम भूमिका : नीतीश

## सीएम ने 186 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को प्रगति यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले को लगभग 1500 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 186 योजनाओं से संबंधित शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 935.28 करोड़ रुपये की लागत से 89 योजनाओं का उद्घाटन एवं 561.75 करोड़ रुपये की लागत से 97 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना के तहत दरभंगा जिले के मौजा मनिहास में 200 आवासन के नवनिर्मित वृहद् आश्रय गृह भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वृहद् आश्रय गृह प्रांगण एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान नवनिर्मित वृहद आश्रय गृह दरभंगा पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई। अधिकारियों ने वृहद आश्रय गृह के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि यह वृहद् आश्रय गृह 5 एकड़ भूमि में बनाया गया है, जिसमें 100 बालकों तथा 100 बालिकाओं के आवासन के साथ-साथ सेवा प्रदाताओं के रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नवनिर्मित वृहद आश्रय गृह के प्रांगण में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 32 सीसीटीवी कैमरे आच्छादित किये गये हैं। पर्याप्त संख्या में स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं।फायर फाइटिंग अलार्म और स्मॉक अलार्म भी लगाये गये हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपणः

मुख्यमंत्री ने सिंहवाड़ा प्रखण्ड स्थित सिमरी में चंद्रसार पोखर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह काफी बड़ा पोखर है, जो 52 बीघा में स्थित है। लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इसके चारो तरफ सीढीनुमा घाट निर्माण कराएं और सघन वृक्षारोपण भी कराएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मखाना भंडार गृह निर्माण हेतु मखाना विकास योजना अंतर्गत सहायता अनुदान का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। सिंहवाड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति से जुड़े लोगों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की। इस दौरान सिंहवाड़ा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री पंचायत सरकार भवन सिमरी के प्रांगण में सुधा डेयरी बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। पंचायत सरकार भवन सिमरी के प्रांगण में बने प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पैक्स द्वारा किए जा रहे धान अधिप्राप्ति का चेक लाभुकों को प्रदान किया। पंचायत सरकार भवन, सिमरी के प्रांगण में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा तथा आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। पंचायत सरकार भवन सिमरी के प्रांगण में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श कक्ष, प्रसव पूर्व जांच आदि का जायजा लिया। ग्राम पंचायत सरकार भवन सिमरी का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर न्यायालय कक्ष, पुस्तकालय आदि की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा मध्य विद्यालय सिमरी के प्रांगण में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिंहवाड़ा का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं द्वारा लिए जा रहे जूडो कराटे (आत्म) प्रशिक्षण को मुख्यमंत्री ने देखा एवं उसके बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। आत्म प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बच्चियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत करते हुए उनकी प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी।

प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरी के परिसर में दरभंगा जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उद्घाटन एवं शिलान्यास किए गए विकासात्मक योजनाओं से संबंधित पुस्तिका को जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को भेंट किया।

### ये रहें मौजूदः

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री सह दरभंगा जिले के प्रभारी मंत्री मंगल पांडे, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, सांसद संजय कुमार झा, सांसद गोपाल सिंह ठाकुर, विधायक विनय कुमार चौधरी, विधायक संजय सरावगी, विधायक श्री अमन भूषण हजारी, विधायक जीवेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय कुंदन कृष्णन, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, दरभंगा प्रक्षेत्र स्वपना एम, पुलिस उप महानिरीक्षक, सुरक्षा दीपक वर्णवाल, दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री ने उच्च विद्यालय सिमरी परिसर में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत कुल 2391 परिवारों को 9 करोड़ 87 लाख 86 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, 23384 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं समूह से संबंधित कुल 93536 जीविका दीदियों को बैंक से क्रेडिट लिंकेज के रूप में प्राप्त वित्तीय सुविधा का 284 करोड़ 79 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही जीविका भवन की चाबी, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत संपोषित वाहन की चाबी, बिहार लघु उद्यमी योजना अंतर्गत प्रदत्त राशि का सांकेतिक चेक, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत मनरेगा द्वारा निर्मित बकरी शेड की चाबी, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्मित आवास की चाबी, अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। हम जहां भी जाते हैं वहां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदियों से जरूर बातचीत करते हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर जीविका दीदियां काफी मेहनत कर रही हैं। इससे उनकी आमदनी बढ़ रही है। साथ ही परिवार और समाज में उनका मान-सम्मान भी बढ़ा है। महिलाएं जहां पहले घर से बाहर निकलने में शमार्ती थीं वहीं अब निःसंकोच न सिर्फ घरों से बाहर निकल रही हैं बल्कि कई प्रकार के कारोबार से जुड़कर अपने परिवार के भरण-पोषण में अहम भूमिका निभा रही हैं। मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरी के प्लस टू वासुदेव उच्च विद्यालय के प्रांगण में 9.95 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान का भी रिमोट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया।

दरभंगा के दिल्ली मोड़ स्थित न्यू बस स्टैंड को प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय / अंतर्राज्यीय बस पड़ाव स्थल के रुप में विकसित करने एवं दरभंगा बस स्टैंड को दरभंगा हवाई अड्डा के सिविल इनक्लेव से जोड़ने संबंधी प्रस्ताव के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रस्तावित दरभंगा बस स्टैंड के भवन प्रारूप एवं मैप के माध्यम से पार्किंग, यात्रियों की सामान रखने की सुविधा, चार्जिंग प्वाइंट, कार्यालय भवन आदि की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का सांकेतिक चेक एवं वाहन की चाबी लाभुकों को मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तावित दरभंगा बस पड़ाव के संदर्भ में तैयार किए गए लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने हराही, दिग्धी, गंगा सागर तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों तालाबों को इंटर कनेक्ट करवाएं। ये तीनों तालाब आसपास ही स्थित है। इसके चारो तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं ताकि सहूलियत पूर्वक लोगों की पहुंच पानी तक हो सके।मुख्यमंत्री ने दरभंगा में कई स्थानों का किया निरीक्षणः मुख्यमंत्री ने दरभंगा के दोनार चौक स्थित रेलवे गुमटी पर जाम की समस्या के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दरभंगा जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-56 पर दरभंगा-लहेरियासराय रेलवे स्टेशन के बीच लेबल क्रॉसिंग संख्या-25 एसपीएल के बदले पहुंच पथ सहित आरओबी का 134.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। दरभंगा जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-75 पर मोहम्मदपुर-कमटौल रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या-10 के बदले पहुंच पथ सहित 70 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी का निर्माण, प्रस्तावित बेनीपुर के क्षेत्राधीन अस्मा पुल (दरभंगा से कुशेश्वर स्थान) के पास पथ एचएच-56 से धबोलिया (कुशेश्वर स्थान-फुलतोड़ा घाट पथ) तक बाइपास पथ, डीएमसीएच से आमस-दरभंगा भारतमाला परियोजना (अस-गांव के पास) तक एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य, प्रस्तावित एकमी घाट चौक से लहेरियासराय टावर होते हुए बेनता चौक तक एलिवेटेड रोड एवं दरभंगा-मोहम्मदपुर रेलवे स्टेशनों के बीच एलसीनंबर 2 एसपीएल के बदले आरोपी पथ का निर्माण कार्य के संबंध में भी अधिकारियों ने मार्ग रेखन के माध्यम से मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा के कपूरी चौक पर शहर की यातायात एवं जाम की समस्या के निदान हेतु विभिन्न पथों एवं फ्लाइओवर के निर्माण संबंधी मॉडल प्रस्ताव का अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तक भ्रमण कर आवाामन हेतु पथों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने 9.56 करोड़ रुपये की लागत से दरभंगा जिला में नवनिर्मित वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय भवन एवं पुलिस केंद्र दरभंगा में प्रशासनिक भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन का निरीक्षण कर आगंतुक कक्ष, डाक कोषांग आदि का जायजा लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर दरभंगा से मुख्यमंत्री ने 37.41 करोड़ रुपये की लागत से दरभंगा जिला में 200 महिला सिपाही बैरक, मॉडल थाना भवन फेकला, मॉडल थाना भवन तिलकेश्वर, मॉडल थाना भनव मोरो, मॉडल थाना भवन ललित नाराणय मिथिला विश्वविद्यालय एवं मॉडल थाना भवन बड़गांव सहित कुल 12 पुलिस भवनों का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। जिला अतिथि गृह के समीप स्थापित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण किया।

# नीतीश कुमार की अगुवाई में विकास की नई गाथा लिख रहा बिहार : नवल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में बिहार विकास की नई बुलंदियां छू रहा है। फेसबुक लाइव के माध्यम से अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बदहाल बिहार को विकास के शिखर पर पहुंचाने का काम किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बिहार के विकास को लेकर संकल्प ही है कि शासन संभालने के बाद अबतक उन्होंने राज्य भर की 15 यात्राएं की है और जिलों को विकास की नई सौगातें दी है। वर्तमान समय में मुख्यमंत्री की ह्यप्रगति यात्राह्न की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वो एक बार फिर से जिलों की यात्रा पर हैं जहां वो विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं साथ ही जिलों को सैकड़ों करोड़ों रुपए की नई योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरभंगा जिले को माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने करीब 2 हजार 181 करोड़ की दर्जनों योजनाओं की सौगात दी है जिससे पूर्व से लंबित विकास कामों को नई गति मिल सकेगी साथ ही नई विकास योजनाओं को पंख लग सकेंगे।

दरभंगा जिले में पूर्व में हुए विकास कामों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में एम्स के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 206 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को दी है जिससे जल्द से जल्द एम्स का निर्माण हो सके और जिसका लाभ मरीजों को मिल सके। साथ ही करीब 2500 करोड़ रुपए की लागत से दरभंगा मेडिकल कॉलेज को अपग्रेड कराने का काम किया जा रहा है जिससे मरीजों को इलाज के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि दरभंगा शहर में दो इंजीनियरिंग कॉलेजो का निर्माण कराया गया है और सबसे खास बात ये है कि इसमें से एक इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण महिलाओं के लिए किया गया है। वहीं जिले के 18 प्रखंडों में आईटीआई कॉलेजों का निर्माण कराया गया है। दरभंगा में फ्लोटिंग पावर प्लांट का निर्माण कराया गया है। सौर ऊर्जा संचालित इस प्लांट से बिजली का उत्पादन हो रहा है। शहर के कैदराबाद पॉलिटेक्निक कैंपस में बने इस पावर प्लांट की खास बात ये है कि यह पानी के उपर बना है। उन्होंने कहा कि जिस बिहार में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल में महज 700 मेगावाट बिजली की आपूर्ति होती थी और राज्य की राजधानी पटना को महज 7-8 घंटे बिजली नसीब हुआ करती थी उस बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में आज 8 हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली की आपूर्ती हो रही है और पटना में 24 घंटे बिजली उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि साल 1990 से लेकर साल 2005 तक के जिस बदहाल बिहार में उद्योग धंधे चैपट थे, रोजगार का अभाव था, शाम होते ही लोग डर से घरों से बाहर नहीं निकल पाते थे उस बिहार में हाल ही पटना में आयोजित बिजनेस मीट के दौरान 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इतने बडे. औद्योगिक निवेश पर एमओयू का होना ये दशार्ता किस तरह बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में विकास की नई कहानियां लिख रहा है।

# दलित की हत्या मामले में कार्रवाई को लेकर सीएम से मिले अरुण भारती



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना जिले के धनरूआ थाना अंतर्गत जियाउद्दीन चक गांव में 28 दिसंबर को दलित समाज के धर्मवीर पासवान की निर्मम हत्या पश्चात नामजद आरोपियों और दबंगों के द्वारा लगातार पीड़ित परिवार समेत अन्य दलित समाज के परिवारों को डराने-धमकाने की घटना का संज्ञान लेते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर जमुई सांसद सह बिहार प्रभारी अरुण भारती ने इस मामले को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संज्ञान में लाते हुए हत्या के इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा व न्याय सुनिश्चित मुहैया कराने की मांग की है। 28 दिसंबर को दलित समाज के युवक धर्मवीर पासवान की उनके घर के सामने उनके परिजनों की उपस्थिति में दबंगों के द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में ऋक्रसंख्या-754/24 में राजकिशोर उर्फ कारू यादव, राहुल यादव, दीपक यादव, चुन्नू यादव, चंदन यादव, सोहराय यादव नामजद अभियुक्त हैं परंतु अभी तक पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

हत्या की निंदनीय के पश्चात लगातार प्रशासन तथा आरोपियों और दबंगों के द्वारा पीड़ित पक्ष को डराया धमकाया जा रहा है। इस घटना के कारण कई पीड़ित दलित परिवार गांव छोड़ने को मजबूर हैं।

लोजपा (रा) के प्रदेश की एनडीए सरकार दलित समुदाय की सुरक्षा को लेकर शत प्रतिशत प्रतिबद्ध है। इस मामले में एफआईआर में वर्णित मुख्य आरोपियों सहित सभी नामजद आरोपी जल्द से जल्द पकड़े जाएं इसका आश्वाशन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोजपा के प्रतिनिधिमंडल को दिया है। लोजपा (रामविलास) के प्रतिनिधिमंडल में जमुई सांसद अरुण भारती के साथ प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी व युवा लोजपा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय उपस्थित रहे।

# विपक्ष को नहीं दिखाई देता नीतीश कुमार का बनाया विकसित बिहारः राजीव रंजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने लालू प्रसाद यादव के ट्वीट पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बिहार की बबार्दी के नायक लालू प्रसाद यादव को विकासपुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बना विकसित बिहार दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि दरअसल परिवारवाद का चश्मा आंखों पर चढ़ाए लालू प्रसाद यादव को अपने बेटे-बेटियों की भलाई से आगे कुछ दिखाई नहीं देता है। हालत ये है कि विधानसभा उप चुनाव में आरजेडी को मिली करारी हार के बाद उन्हें राजनीतिक तौर पर नजरबंद कर दिया गया है और वो इससे निकलने की छटपटाहट में लोगों को भरमाने वाला बयान दे रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लालू प्रसाद यादव को याद दिलाते हुए पूछा कि उनके और राबड़ी देवी के 1990 से लेकर साल 2005 तक के शासनकाल में आलम ये था कि लोग डर से घरों से नहीं निकल पाते थे। आज भी दलितों और दूसरी जातियों के साथ हुए नरसंहार की कहानी को कोई नहीं भूल सका है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल में हुए दंगों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उस दौरान नरसंहारों में 812 लोग मारे गए। लालू प्रसाद यादव के कुशासन के दौरान राज्य में कुल 67 हजार 249 लोगों की हत्याएं हुईं, 12 हजार 827 महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी दुखद घटनाएं हुईं, फिरौती के लिए 5 हजार 243 लोगों का अपहरण हुआ। लालू प्रसाद यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि क्या लालू प्रसाद यादव अपने शासनकाल की सच्चाई को भूल गए?

लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के 15 सालों के कुशासन के दौरान बेरोजगारी और की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उस दौरान बीपीएससी द्वारा महज 19 हजार 538 नियुक्तियां की गई जबकि महज 33 हजार 499 शिक्षकों का नियोजन हुआ। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सरकार से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि आज बिहार में उनकी अगुवाई में करीब 9 लाख 6 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने काम पूरा कर लिया गया है जबकि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने 10 लाख सरकारी नौकरी देने के वादे से ज्यादा करीब 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने पर काम किया जा रहा है। वहीं विधानसभा चुनाव से पहले अपने 24 लाख लोगों को रोजगार देने के वादे से आगे बढ़कर करीब 34 लाख लोगों को रोजगार देने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों बिहार में बिहार में प्रति व्यक्ति आय करीब 745 प्रतिशत बढ़ी है साथ ही बिहार आज विकास दर में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला राज्य है। वर्तमान समय में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 66 हजार 828 रुपए हो चुकी है,जो साल 2005 में केवल 7 हजार 914 रुपए थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपने और अपनी पत्नी के शासनकाल में बिहार की बबार्दी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता आरजेडी को राजनीतिक सबक सिखाने का काम करेगी और तेजस्वी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनने लायक सीटें भी नहीं मिल सकेगी।

## विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिकः विजय

पटना। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर कहा कि सनातन संस्कृति के वाहक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश की युवा शक्ति को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाई जाती है। इस वर्ष युवा दिवस का विषय राष्ट्र निर्माण के लिए युवा सशक्तिकरण हैं। युवा दिवस मानने का मूल उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को देश के हर युवा तक पहुँचना है जिससे वे प्रगति में योगदान दे सके। स्वामी विवेकानंद ने 19वीं सदी में यह भविष्यवाणी की थी कि 21 वीं सदी भारत का होगा। वर्तमान स्थिति में यह सच होता दिखाई पड़ता है। यह महज संयोग नहीं है कि स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेन्द्र था और वर्तमान में देश का नेतृत्व नरेन्द्र ही कर रहे है। नरेन्द्र की वाणी को पूरा करने के लिए नरेन्द्र के हाथों में की भारत का नेतृत्व है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान समय में युवाओं का देश है। भारत में 65 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है, जबकि दुनिया के बड़े देशों में यह संख्या बहुत कम है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और दुनिया का पथ प्रदर्शक बनेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रत्येक युवा को युवा दिवस पर यह संकल्प लेना चाहिए कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे। युवा दिवस कार्यक्रम सभी स्तर पर आयोजित होते है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सन 1893 में शिकागों अमेरिका में विश्व धर्म परिषद् में अपने संबोधन की शुरूआत बहनों और भाईयों से की थी। यह विचार भारत के वसुधैव-कुटुम्बकम के आदर्श का प्रभाव था। सनातन संस्कृति पूरी दुनिया को एक परिवार मानता है।

# बिहार बंद का बीपीएससी छात्रों और दुकानदारों का समर्थनः पप्पू

## पप्पू यादव ने की बीपीएससी 70 वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में 12 जनवरी, 2025 को बिहार बंद का आह्वान किया है। इस संबंध में शनिवार को राजधानी पटना के होटल मौर्य में सांसद पप्पू यादव ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीपीएससी मुद्दा नहीं है। मुद्दा है देश की परीक्षाओं का पेपर लीक होना। आज बीपीएससी, कल सिपाही भर्ती, परसों क्लर्क परीक्षा, तरसों मेडिकल परीक्षा का पेपर लीक होना। हाल-फिलहाल में ही मेडिकल परीक्षा से संबंधित कागजात और जले एडमिट कार्ड जदयू विधायक के भतीजे के कमरे से मिले हैं। जो भी पेपर लीक हो रहा है, चाहे वो संजीव मुखिया हो या कोई परीक्षा माफिया हो, माफियाओं का रिश्ता किसी न किसी बड़े नेताओं या उनके रिश्तेदारों से रहा है।उन्होंने कहा कि बीपीएससी के चार लाख अभ्यर्थियों के आंदोलन को कुछ राजनीतिक दलों और कोचिंग माफियाओं और कुछ दलाल टाइप के लोगों द्वारा कमजोर किया गया। 12 जनवरी को बिहार बंद बुलाया गया है, जिसका बीपीएससी छात्रों ने समर्थन किया है। विपक्ष की एक पार्टी विचारधारा को छोड़कर सभी राजनीतिक दल और छात्र युवा संगठन एक साथ काम कर रही है। उन्होंने सभी विपक्ष के विधायक दल के नेताओं से आग्रह किया कि इस लड़ाई को बिना राजनीतिक दल के बैनर के साथ लड़ा जाए । यह लड़ाई बीपीएससी तक सीमित नहीं है, यह अब पूरे पेपर लीक के सिस्टम पर है।

पप्पू यादव ने कहा कि हमारी मांग है कि बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को कैंसिल किया जाए और दोबारा आयोजित किया जाए। इसके अलावा अलग से कोर्ट में केस फाइल किया है कि छात्रों के ऊपर जो केस हुआ है उसे हटाया जाए । कल बिहार बंद में समर्थन सभी दुकानदारों ने भी किया है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक देश-एक चुनाव पर कार्यक्रम आज

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आज यानी रविवार को एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा सहित कई मंत्री और दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट, एस.डी. संजय ने बताया कि इस कार्यक्रम में एक देश-एक चुनाव के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को लेकर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए इसे लेकर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित कई मंत्री और दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे और चर्चा में भाग लेंगे। कार्यक्रम के प्रभारी राकेश ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि एक देश-एक चुनाव का विरोध सिर्फ क्षेत्रीय पार्टियां कर रही है। उन्होंने कहा कि उड़ीसा एक ऐसा प्रदेश है जहां आज लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते हैं और यह चक्र कभी नहीं टूटा।

# मोदी सरकार ने अंबेडकर के सम्मान में डाक टिकट किया है जारी : प्रेम रंजन

पटना। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने बताया कि बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को सम्मानित करने के लिए हर संभव प्रयास किया,1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने ही भारत के कानूनी एवं सामाजिक ढांचे को आकर देने में अदित्य भूमिका को मान्यता देते हुए बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी को भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। श्री पटेल ने कहा कि 12अप्रैल 1990 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में संसद के केंद्रीय कक्ष में बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई जो उनके महत्व को दशार्ता है। कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ अंबेडकर को उनके जीवित रहते ही नजर अंदाज किया।भाजपा ने उनका इतिहास के पन्नों में नाम दर्ज कराने में हर संभव प्रयास किया।

# समाज के लिए काम करने वाले लोग ही याद किए जाते हैं : नंद किशोर

## समारोह

- पुस्तक एक और दधीचिः कमलनयन श्रीवास्तव का हुआ लोकार्पण

### नई दिशा परिवार का २९वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश और समाज के लिए कार्य करने वाले लोग सदा जीवित रहते हैं। मनुष्य अपनी कीर्ति में जीवित रहता है। ऐसे ही लोग याद किए जाते हैं और ऐसे ही लोगों और संस्थाओं से समाज का निर्माण होता है।

यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सांस्कृतिक संस्था ह्यनई दिशा परिवारह्न के २९वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कही। इस अवसर पर उन्होंने सुप्रसिद्ध समाजसेवी कमलनयन श्रीवास्तव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित, डा आरती कुमारी द्वारा संपादित पुस्तक ह्यएक और दधीचिःकमलनयन श्रीवास्तवह्न का लोकार्पण भी किया।

श्री यादव ने कहा कि कमलनयन जी संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। इनकी विशेषता यह है कि जो ठान लेते हैं, उसे पूरा कर के ही दम लेते हैं। कठिनाइयाँ चाहे जितनी भी आए, वे अपने लक्ष्य पर अडिग रहते हैं। ये सांस्कृतिक चेतना के सफल संवाहक हैं। नई दिशा परिवार नयी पीढ़ी को मंच और प्रशिक्षण दे रहा है।

समारोह के मुख्य अतिथि और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि नई दिशा परिवार और कमल नयन श्रीवास्तव दोनों ही सबके हित का कार्य कर रहे हैं। जन-जन के कल्याण के लिए इस संस्था और कमल जी के कार्यों को लोग याद रखेंगे। स्थानीय सांसद और पूर्व मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि कमल नयन श्रीवास्तव समाज के लिए वन मैन आर्मी की तरह काम करते रहे है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि नई दिशा परिवार ने नई पीढ़ी को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। विगत २८ वर्षों में संस्था के द्वारा छात्र-छात्राओं और महिलाओं को रचनात्मक क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने और उनके उत्साह-वर्धन के उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कमल नयन श्रीवास्तव के सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यों को महत्त्वपूर्ण बताते हुए, उन्हें एक मूल्यवान संस्कृति-सेवी बताया। पद्मश्री डा गोपाल प्रसाद, पटना की उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, वरिष्ठ कवि भगवती प्रसाद द्विवेदी, राजेश वल्लभ, कवि प्रेम किरण तथा सूर्य प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, कुमार देवांशु, रमेश कुमार, संजीत यादव तथा डा ज्योति प्रकाश को बिहार गौरव अवार्ड, डा सुमेधा पाठक, सागरिका राय, डा मीना कुमारी परिहार, डा सत्येंद्र शर्मा, ई रूपेश कुमार, राकेश कुमार, प्रेम कुमार तथा राजीव कुमार को बिहार शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। तरुण राय को माँ देवपति मेमोरियल अवार्ड दिया गया।

अतिथियों का स्वागत संस्था के संरक्षक शिव प्रसाद मोदी ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन संस्था के सचिव राजेश राज ने किया। संस्था की ओर से एक कवि-सम्मेलन का भी आयोजन किया गया

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.- 09 ऑफ 2024-25/खुला/गति शक्ति ईकाइ, डीडीयू। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी./महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। निविदा सं.-09- डीडीयू-उपमुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति ईकाइ-24-25.

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी./महेन्द्रू घाट के अधीनस्थ डी.डी.यू. मंडल के गति शक्ति यूनिट के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबंधित "पहुँच मार्ग में सुधार करके गुड्स शेड का सूधार, अनुग्रह नारायण रोड, गया, इस्माइलपुर एवं सोननगर में प्रदूषण नियंत्रण उपाय एवं ग्राहक सुविधाओं का प्रावधान"। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹11,28,15,939.90, 3. धरोहर राशि : ₹7,14,100.00, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 30.01.2025 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in. नोट :- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। मुख्य प्रशासनिक अधि./निर्माण/आर.एस.पी./पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/01898/डीडीयू/अभि./टी/24-25/36

## संक्षिप्त खबरें

### अम्बेडकर आवासीय विद्यालय निर्माण की स्वीकृति

मुजफ्फरपुर। जिला अंतर्गत मोतीपुर, सकरा, पारु एवं मुरौल के लिए बंदरा में 720 आसन के 10+2 डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा अलग-अलग तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन 46 करोड़ 7 लाख 97 हजार की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति आज मंत्रिपरिषद की बैठक में दी गई है।उल्लेखनीय है कि जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने समाज के कमजोर वर्ग के गरीब बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए सक्रिय एवं तत्पर होकर अंचलाधिकारी से साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर एवं सतत मानिटरिंग कर बांछित 3 एकड़ से 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया तथा प्रस्ताव विभाग को भेजा। जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के आलोक में मंत्रिपरिषद द्वारा प्रत्येक आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए 46करोड़, 7लाख 97 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

### बहुप्रतीक्षित चंदवारा पुल पर आवागमन अगले तीन महीने में

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी की पहल पर तथा लगातार प्रयास करने के उपरांत बहुप्रतीक्षित चंदवारा पुल से संबंधित एप्रोच रोड का निर्माण दो तीन माह में पूरा कर पुल पर आवागमन चालू कर जनता को समर्पित कर दिये जाएंगे।विदित हो कि आज मंत्रिपरिषद की बैठक में नाबार्ड ऋण परियोजना के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मुजफ्फरपुर में बुढ़ी गंडक नदी पर डॉ जगन्नाथ मिश्र कॉलेज के पास सोडा गोदाम चौक एवं अहियापुर पुल के बीच पहुंच पथ निर्माण कार्य सहित दो लेन के 1225 मी. आकार के उच्च स्तरीय आर .सी .सी पुल निर्माण कार्य कुल 98 करोड़ 72 लाख 44 हजार की द्वितीय पुनरीक्षित अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।उल्लेखनीय है कि चंदवारा पुल की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को संज्ञान में लाया गया था तथा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अपनी प्रगति यात्रा के दौरान इस संबंध में घोषणा भी किया गया था। अब चिरप्रतीक्षित चंदवारा पुल पर आवागमन अतिशीघ्र शुरू हो जाएगा।

### पुलिस ने मारपीट मामले में फरार अभियुक्त को ग्राम सप्ता से किया गिरफ्तार

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत गुप्त सुचना के आधार पर कांड मे फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चले कि दिंनाक 23 दिसम्बर 2024को दिन के 2.30 बजे पूर्व के दुश्मनी को लेकर घर मे घुस कर गाली गलौज घर के सदस्यो के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग मना करने पर मारपीट कर गंभीर रूप से जख़्मी कर घायल कर देने को लेकर महेश यादव के फर्द व्यान के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान का भार मो0 मोईन को सौपा गया था।अनुसंधान का भार मिलते ही गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रहे थे तब से अभियुक्त फरार चल रहे थे।पुलिस को गुप्त सुचना मिला कि अभियुक्त घर पर है पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए अभियुक्त को घर से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त कि पहचान सप्ता गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र संतोष कुमार यादव थाना रहिका जिला मधुबनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेजा दिया गया। मौके पर मो0 मोईन के साथ अन्य पुलिस बल मैजूद थे।

### डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

मुजफ्फरपुर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन से संबंधित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय में बैठक की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि 7 जनवरी 2025 को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत पुरुष निर्वाचकों की संख्या 18 लाख 02 हजार 648, महिला निर्वाचक की संख्या 16 लाख 11 हजार 652 है। अंतिम प्रकाशन के उपरांत जिला में निर्वाचकों की कुल संख्या 34 लाख14 हजार 396 है। बैठक में अवगत कराया गया कि निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में जिले में कुल 27 हजार 910 नये निर्वाचकों के नाम जोड़े गए हैं तथा कुल 12 हजार 723 निर्वाचकों के नाम विहित प्रक्रिया के तहत विलोपित किये गये हैं।बैठक में अवगत कराया गया कि 29 अक्टूबर के प्रारूप प्रकाशन के समय लिंगानुपात 892 था

# सीएम ने 38 करोड़ से निर्मित वृहद आश्रय गृह का किया लोकार्पण

प्रात : किरणसंवाददाता



दरभंगा /सिंहवाड़ा। प्रगति यात्रा के दौरान शनिवार 10 बजे सिंहवाड़ा प्रखंड के मौजे मनिहास स्थित भराठी कृषि फार्म में जैसे ही मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का हेलीकॉप्टर आसमान में दिखा सुरक्षा में तैनात अधिकारियों की हलचल बढ गई। सभी अलर्ट मोड में दिखे।हेलीकॉप्टर को धरती पर उतरते ही हैली पैड के समीप से मुस्कुराते चेहरे के साथ मुख्य मंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया।हेलीपैड के बगल में मुख्य मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।जदयू व एनडीए के नेताओं ने पुष्प गुच्छ देकर कतार बद्ध रहे।बिहार सरकार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने शिल्पकार के माध्यम से बनाया गया जदयू का चुनाव तीर निशान पर कलाकृति कर अंकित बदलता बिहार फिर से नीतीश कुमार भेंट कर सम्मानित किया।इसके बाद सीएम ने 38 करोड से निर्मित वृहद आश्रय गृह लोकार्पण किया लोकार्पण किया।बालक बालिका के आवासन स्थल का निरीक्षण किया। बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विभागीय अधिकारी से ली।परिसर में मनरेगा योजना की राशि नौ लाख की लागत से बने खेलकूद मैदान का अवलोकन किया।

कहा मिथिलांचल के लिए यह बडी सौगात है।इधर वृहद आश्रय गृह से सडक मार्ग से शास्त्री चौक पहुंचे मुख्यमंत्री ने ग्रीन पार्क,विभागों के स्टाल, चन्दसार पोखर व घाट के सौन्दर्यीकरण , मत्स्य विभाग के स्टाल व मोटर बोट का निरीक्षण किया। मौके पर मत्सय जीवि सहयोग समिति के अंचल सचिव अविनाश सहनी ने सीएम को मिथिला पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया।

सिमरी पंचायत सरकार भवन पर सुधा मिल्क पार्लर,मोडेल आंगन बाडी केन्द्र,जनता प्रतीक्षालय, पीएनबी बैंक सिमरी की ग्राहक सेवा केन्द्र का लोकार्पण के मौके पर बैंक के मंडल प्रमुख रवि भूषण झा,वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक सत्यार्थ रंजन उपस्थित थे।परिसर में बना जनता प्रतीक्षालय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मोडल आंगन बाडी केन्द्र का जायजा लिया। पैक्स भवन पर धान अधिप्राप्ति के किसान पवन यादव को एक लाख 97 हजार 625 रुपए का चेक एम ओ आकांक्षा कुमारी ,बीसीओ रविकुमार पैक्स अध्यक्ष कारी यादव,प्रबंधक आनंद सुमन के माध्यम से मुख्य मंत्री ने प्रदान किया।पंचायत सरकार भवन पर सिमरी पंचायत के मुखिया दिनेश महतो ने स्वागत में जब मिथिला पेंटिंग भेंट क किया तो मुख्यमंत्री ने कहा पंचायत सरकार भवन बनवा दिये न मुखिया जी। न्यायालय कक्ष का निरीक्षण किया। सरपंच अशोक पासवान से पूछताछ की। सिमरी मध्य विधालय परिसर में दो करोड 90 लाख से बना कस्तुरबा बालिका उच्च विद्यालय भवन का उद्घाटन कर वर्ग कक्ष, बीआरसी भवन,जीम,कम्प्यूटर कक्ष की जानकारी ली गई। बासुदेव मिश्र उच्च विद्यालय परिसर में बना 50बेड का अल्पसंख्यक छात्रवास व खेलकूद मैदान को देखने के बाद सीएम दरभंगा की ओर प्रस्थान कर गये।

## प्रगति यात्रा में दरभंगा को मिली ऐतिहासिक सौगातें : संजय सरावगी



दरभंगा।वरिष्ठ भाजपा नेता, विस में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने दिल्ली मोड़ स्थित दरभंगा बस स्टैंड परिसर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सिक्की आर्ट से बनी तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जब भी दरभंगा आते हैं, यहां के लोगों को विकास की नई सौगातें देकर जाते हैं। प्रगति यात्रा के दौरान दरभंगा को जो ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं, वह शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। दरभंगा के इतिहास में आज का दिन स्वर्णिम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा के विकास के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को एक बार फिर से प्रदर्शित किया है। श्री सरावगी ने कहा कि दिल्ली मोड़ स्थित दरभंगा बस स्टैंड का कायाकल्प होना अब सुनिश्चित हो गया है। सीएम ने बस स्टैंड को अंतर्राष्ट्रीय बस पड़ाव के रूप में विकसित करने के लिए 92 करोड़ रुपये की डीपीआर को शीघ्र कैबिनेट में लाने का निर्देश दिया। साथ ही, हराही, दिग्घी और गंगासागर के दिन भी अब बदलने वाले है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हराही तालाब के भ्रमण के दौरान तीनों तालाबों के सौंदर्यीकरण और इसे आपस में जोड़ने के लिए अधिकारियों को त्वरित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद वे दोनार चौक गये, जहां उन्होंने अविलंब दोनार आरओबी का निर्माण कार्य आरंभ कराने का निर्देश दिया। नगर विधायक ने कहा कि इन योजनाओं की स्वीकृति के लिए वे निरंतर प्रयासरत थे। दरभंगा के लिए आज स्वर्णिम दिन है। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एकमी घाट चौक से लहेरियासराय टावर होते हुए कपूरी चौक, डीएमसीएच से आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे और डीएमसीएच से दरभंगा रेलवे स्टेशन तक आवश्यकतानुसार ऐलिवेटेड सड़क का निर्माण एवं सड़क के चौड़ीकरण की घोषणा की। कबड़ाघाट स्थित मिथिला शोध संस्थान को भी विकसित किया जायेगा।खेलों को बढ़ावा देने के लिए नेहरू स्टेडियम को राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के रूप में विकसित करना आवश्यक है, ताकि यहां के खिलाड़ी उच्च स्तर की सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर ।सांसद- सह- केंद्रीय राज्यमंत्री, जल शक्ति मंत्रालय ,भारत सरकार- सह -अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति मुजफ्फरपुर डॉ राज भूषण चौधरी की अध्यक्षता में सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की गई । लेखक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सदस्यों से आवश्यक फीडबैक, सुझाव भी लिया गया।बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उप विकास आयुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यो,उपलब्धियों की जानकारी दी गई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अद्यतन स्थिति स्पष्ट किया गया।जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024- 25 के रिपोर्ट में अवगत कराया गया कि मनरेगा योजना अंतर्गत जिला में अब तक 179458 परिवारों को काम उपलब्ध कराया गया है जो 99.8 प्रतिशत है । मनरेगा में लक्ष्य के विरुद्ध 95.84 प्रतिशत मानव दिवस सृजित किए गए हैं। मनरेगा योजना अंतर्गत 198971 योजनाएं ली गई जिसमें से 166072 योजनाएं पूर्ण करा दी गई जो 83.7 प्रतिशत।मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के वृक्षारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य 8.20 लाख के विरुद्ध 8.70 लाख पौधे लगाए गए जो निर्धारित लक्ष्य का 106.04प्रतिशत है। जीविका के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की संख्या 52247 , समूह सदस्यों की संख्या 6088 52 , ग्राम संगठन की संख्या 3692, संकुल संघ की संख्या 66 तथा कुल 50365 समूह का बैंक खाता खोला गया है। जिला में उत्पादक समूह की संख्या 606, उत्पादक कंपनियों की संख्या 2, कृषि गतिविधियों से जुड़े परिवारों की संख्या 299954 , पशुपालन गतिविधियों से जुड़े परिवारों की संख्या 57510 , कुल चिन्हित लखपति दीदियों की संख्या 145420 है। बैग निर्माण कार्य से जुड़े 845 उद्यमी हैं। जिला अंतर्गत जीविका दीदी की रसोई 8 की संख्या में संचालित है तथा 48 दीदी की नर्सरी है। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्रायोजन योजना के तहत वर्तमान में कुल 501 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गई है। बाल संरक्षण इकाई के तहत अनाथ बच्चे जो अपने निकट संबंधी के पास रह रहे हैं या विधवा/ तलाकशुदा/ परित्यक्त महिला के बच्चे या वैसे बच्चे जिनके माता-पिता गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से पीड़ित हों या वैसे बच्चे जिनके माता-पिता मानसिक अस्वस्थता अथवा दुर्घटना के कारण बच्चों को आर्थिक एवं शारीरिक रूप से देखभाल करने में सक्षम ना हो या वैसे बच्चे जिनके माता-पिता जेल में बंद हो एवं जिनके देखभाल करने वाला कोई ना हो के बच्चे को इस योजना के तहत 4000 प्रति माह राशि का भुगतान किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि गर्भवती महिलाओं के एएनसी में नवंबर माह में 120% तथा शहरी क्षेत्र में 140% की उपलब्धि है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिला अंतर्गत कुल 1827346 परिवारों में से न्यूनतम एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा कुल 47601 दिव्यांगजन का सर्टिफिकेशन हो गया है जिसमें से 14658 दिव्यांगजन को यूडीआइडी कार्ड सृजित किया गया है।

## राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट एक्सपो का हुआ शुभारंभ,एक लाख ले अधिक वस्तुएं उपलब्ध



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट काटन सिल्क एक्सपों 2025 की पारिवारिक प्रदर्शनी का शुक्रवार को नगर विधायक संजय सरावगी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा कि यहां संपूर्ण भारत वर्ष के हस्तशिल्प एवं हैंडलूम वस्तुओं का अनोखा संगम है। एक लाख से अधिक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध है। प्रदर्शनी में जम्मू कश्मीर, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम राजस्थान आदि राज्यों के उत्पादन उपलब्ध हैं। आयोजक मनीष यादव ने बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट काटन सिल्क एक्सपो 2025 में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, काटन हैंण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा काटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं दरभंगा में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शाल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं खनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवंआकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है।

## प्रगति यात्रा की समीक्षा बैठक में सांसद ने दो दर्जन मुद्दों से सीएम को कराया अवगत

प्रात :किरणसंवाददाता



दरभंगा।दरभंगा के विकास के लिए ऐतिहासिक साबित हुई सीएम की प्रगति यात्रा और समीक्षा बैठक। इस बैठक में जिले के जवलंत मुद्दों पर जितनी संवेदनशीलता से चर्चा की गई तथा सीएम नीतीश कुमार ने जिस तरह से हर एक बिंदु पर संज्ञान लेते हुए चर्चा की है वह आने वाले समय में दरभंगा के लिए वरदान साबित होंगे। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा समाहरणालय स्थित डा भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित प्रगति यात्रा दरभंगा की समीक्षा बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार को अपने मुद्दों से अवगत कराते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने समीक्षा बैठक की शुरूआत होने से पहले मंचस्थ बिहार के सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तथा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी चौधरी को मखान की माला तथा मिथिला पेटिंग के पाग व अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया।सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा के लिए इस यात्रा की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होनें मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को दरभंगा में पटना हाई कोर्ट की बेंच , दरभंगा में मिथिला हाट, कैंसर इंस्टीट्यूट , मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर शोध संस्थान, डब्लूआईटी जैसे मुद्दों से अवगत कराते हुए कहा कि मिथिला क्षेत्र की भौगोलिक दृष्टि तथा यहां के करोड़ों लोगों के लिए आर्थिक रूप से संसाधन की बचत के लिए पटना हाई कोर्ट की बेंच का दरभंगा में चालू होना जनहित में अनिवार्य है जबकि एयरपोर्ट विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन जैसी सुविधाओं को देखते हुए एनएच 57 से सटे किसी क्षेत्र में यहां मिथिला हाट के बन जाने से पर्यटन के क्षेत्र में दरभंगा का नाम देश स्तर पर स्थापित होगा। सांसद डा ठाकुर ने प्रगति यात्रा को दरभंगा के विकास के लिए सार्थक रचनात्मक और सकारात्मक परिणाम देने वाली यात्रा बताते हुए कहा कि 2025 की शुरूआत होते ही नीतीश कुमार की यह यात्रा दरभंगा के लिए मंगलकारी साबित होगी।

## विभूतिपुर के किसान उज्जवल गणतंत्र दिवस की पैरेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में लेंगे भाग

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर कृषि बागवानी में बिहार स्तर पर अपना नाम रौशन करने वाले प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर मिल्की निवासी किसान उज्जवल कुमार झा इस बार गणतंत्र दिवस पैरेड के विशिष्ट अतिथि के रूप में साक्षी बनेंगे। इसके लिए उन्हें उद्यान विभाग की ओर से ट्रेन का टिकट भी उपलब्ध कराया गया है। वे 24 जनवरी को पटना से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 25 जनवरी को दिल्ली पहुंचकर पीएम से मिलेंगे, और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पैरेड में विशिष्ट अतिथि के तौर पर साक्षी बनेंगे। इसकी पुष्टि करते हुए प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि अपने प्रखंड क्षेत्र का उज्जवल कुमार झा एक प्रतिभाशाली किसान है जिन्होंने सब्जी व बागवानी के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है। मिल्की के अमरनाथ झा व विभा देवी के पुत्र किसान उज्जवल कुमार झा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वे इससे पूर्व वर्ष 2022 में बागवानी में कृषि मंत्री से सम्मानित हो चुके हैं। वहीं 2024 के बागवानी महोत्सव में वे मुख्यमंत्री से भी सम्मानित हो चुके हैं। उनके इस चयन पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार, कृषि समन्वयक अभिजीत कुमार, ग्रामीण सुधांशु झा, कृषि सलाहकार प्रथम रंजीत कुमार, सतीश कुमार झा, पूर्व मुखिया कपिलेश्वर कुंवर, प्रगतिशील किसान कृष्णदेव प्रसाद सिंह आदि ने बधाई दी है। नौकरी छोड़ कृषि व बागवानी में 10 वर्षों से जुटे रहे उज्जवल, पाई कई सफलताएं प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत अंतर्गत मिल्की निवासी किसान उज्जवल कुमार झा स्नातक डिप्लोमा इलेक्ट्रीशियन हैं। अल्प वेतन के कारण उन्होंने प्राइवेट नौकरी छोड़कर परंपरागत खेती शुरू की। परंतु इसमें लागत अधिक लगता था और मुनाफा कम होता था। आर्थिक तंगी के कारण इनके मन में सब्जी की खेती करने का विचार आया। इसी क्रम में प्रखंड उद्यान पदाधिकारी से मुलाकात की। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत सब्जी की खेती करने के लिए मिनी स्प्रिंगकल का अधिष्ठापन ढाई एकड़ में किए। इसके बाद उन्होंने सब्जी में परवल प्रभेद पूसा टू लगाया। उन्होंने बताया कि मिनी स्प्रिंकल लगाने से परवल के मुख्य किट माइट प्रकोप काफी कम हो गया।

## कन्वेंशन को सफल बनाने के लिए इंसाफ मंच की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी !वक्फ संशोधन बिल को खारिज करो !।सच्चर कमिटी की सिफारिश को लागु करो ,1991 वरशिप एक्ट को मजबूती से लागू करो, आदि मांगों को लेकर आज कुढनी प्रखंड के चैनपुर बंगरा पंचायत के ग्राम- भीखनपुर सैफ में इंसाफ मंच की एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य 12 जनवरी को मुजफ्फरपुर के हशमत पैलेस, चंदवारा में होने वाले कन्वेंशन को सफल बनाना था। इंसाफ मंच बिहार के उपाध्यक्ष व औराई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पुर्व विधायक प्रत्याशी आफताब आलम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी और संघ परिवार द्वारा अपनाई जा रही नफरत की राजनीति अब देश के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की दिशा में बढ़ती जा रही है। उनके द्वारा लगातार किए जा रहे हमले भारतीय संविधान की मूल भावना और लोकतंत्र के स्तंभों को कमजोर कर रहे हैं।आज भाजपा और संघ परिवार की राजनीति, जो धार्मिक और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओर अग्रसर है, समाज में घृणा और वैमनस्य फैलाने का काम कर रही है। उनकी यह राजनीति देश की विविधता, एकता और अखंडता के सिद्धांतों के खिलाफ है। संविधान में दिए गए अधिकारों और स्वतंत्रताओं का उल्लंघन कर, वे एक निश्चित वर्ग के खिलाफ नफरत और भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं। भाजपा-आरएसएस के फासीवाद को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ भाकपा-माले के आह्वान पर 9 मार्च को पटना में महाजुटान रैली आयोजित की जा रही है . उसी रैली को सफल बनाने के लिए 12 जनवरी को कन्वेंशन का आयोजन किया गया है. इंसाफ मंच बिहार के उपाध्यक्ष सुरज कुमार सिंह ने कहा कि भा.ज.पा. और संघ परिवार की नफरत की राजनीति भारतीय लोकतंत्र की मूल संरचना को चुनौती देती है। उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता में बने रहना और नागरिकों के बीच विभाजन पैदा करना है। संघ परिवार की यह नफरत फैलाने वाली राजनीति भारतीय संविधान की धाराओं के खिलाफ है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता, और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने का अधिकार देती है कन्वेंशन में मुख्य रूप से वक्फ संशोधन बिल को खारिज करने, सच्चर कमिटी की सिफारिशों को लागू करने, और 1991 वरशिप एक्ट को मजबूती से लागू करने की मांग उठाई जाएगी। इन मुद्दों पर व्यापक चर्चा और चिंतन के बाद यह निर्णय लिया गया कि संविधान की रक्षा और सामाजिक समानता की दिशा में ये कदम बेहद महत्वपूर्ण हैं।बैठक में इंसाफ मंच मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष फहद जमां, इंसाफ मंच मुजफ्फरपुर के कोषाध्यक्ष सह आरवाईए मुजफ्फरपुर के उपाध्यक्ष एजाज अहमद, इंसाफ मंच बिहार के सह सचिव जफर आजम, मोहम्मद आरीफ, मुजफ्फरहुसैन, नूरआलम, सब्बीर, सकील, इफ्तेखार, अहमद, फरहान और जफरुल साह के एलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कंपकंपाती ठंड में रात भर जरूरत मंदो के बीच कंबल बांटते रहें सीए सुरेश झा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। कपकपाती ठंड की रात मे अगर कोई आकर आपके शरीर पर कंबल डाल दे तो आपके जुवा से उनके लिए सिर्फ दुआ ही निकलेगी। शुक्रवार की रात कुछ इसी तरह का नजारा दरभंगा शहर के कई स्थानों पर देखने को मिला। जहां स्टेशन पर सो रहे लोगो, डीएमसीएच में इलाज करा रहे मरीजो व उनके परिजनो रोजी-रोटी के लिए रात में रिक्शा चला रहे रिक्शा चालको, पूल पुलिया के नीचे सोए लोगों को अचानक गर्म कंबल मिला तो उन लोगों की जुबा ने कुछ बोला तो नहीं लेकिन दुआ दे गया।

एक बार फिर भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता, फिल्म निमार्ता सीए सुरेश झा ने दरभंगा शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मध्य रात्रि में सैकड़ो की संख्या में गर्म कंबल का वितरण किया। मानवता की सेवा के लिए कटहलबाड़ी ब्रिज के नीचे से शुरू हुआ यह अभियान दरभंगा रेलवे स्टेशन, दोनार चौक, अल्लपट्टी, कपूरी ठाकुर चौक, डीएमसीएच इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, मेडिसिन वार्ड, अन्य वार्ड, लहेरियासराय रेलवे स्टेशन, लोहिया चौक होते दरभंगा बस स्टैंड तक चला। इस बीच रास्ते में जहां भी सीए सुरेश झा को जरूरतमंद लोग नजर आए उन्हें उन्होंने अपने हाथों से गर्म कंबल दिया। रात के 12 बजे शुरू हुआ यह अभियान सुबह के 5 बजे तक चलता रहा। गर्म कपड़े पाकर लोग काफी खुश नजर आए। ज्ञात हो की प्रत्येक साल ठंड में सीए सुरेश झा रात के समय स्वयं अपने हाथों से कंबल बांटते हैं ताकि यह जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ठंड के समय में सबसे अधिक जरूरत गर्म कंबल की ही होती है। खासकर उन लोगों के लिए यह और अधिक जरूरी होता है जो किसी न किसी कारण से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेडिकल कार्यो से रात में भी घर से बाहर रहने को मजबूर हैं।

## मुख्यमंत्री को स्मारपत्र देकर मिथिलाराज निर्माण सहित इक्कीस सूत्री मांगों का आग्रह:प्रो शीतलांबर झा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी प्रो शीतलांबर झा महासचिव मैथिल समाज रहिका मधुबनी सह पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कल जिलाधिकारी मधुबनी के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को एक स्मारपत्र देकर मिथिलाराज निर्माण सहित इक्कीस सूत्री मांगो के दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। प्रो झा ने अपने स्मारपत्र में कहा है कि भारत के सांस्कृतिक इतिहास में मिथिला का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है मिथिला का भौगोलिक सीमा समय समय पर कम अधिक होता रहा है और सत्ता का केंद्र बिंदु भिन्न काल में भिन्न स्थान पर रहा है परंतु आदिकाल से मिथिला का सांस्कृतिक केंद्र मधुबनी रहा है आप जानते है कि प्राचीन विदेह राजा का राजधानी भी यहां रहा है आधुनिक काल में सुगौनाके ओइनवार और भौर के खण्डवला मिथिला में सुदृढ़ राज्य स्थापित किया है बौद्धिक गतिविधि के दृष्टिकोण से दोनों राजवंश का शासनकाल स्वर्ण युग कहा जाता है,मिथिला का भूमि को मोक्षदायिनी भी कहा गया है विदेह राजा जनक जी पृथ्वी के गर्व से माता जगज्जननी जानकी जी का प्रदर्भावभी कराए है कालांतर में कपिल कणाद जैमिनी याज्ञवल्क्य ज्योति श्वरवाचस्पति उदयन गंगेश अयाची शंकरपक्षधर मदन गोकुलनाथ एवं लक्ष्मीनाथ गोसाई जैसे असंख्य महर्षि एवं मनीषियों ने अपने ज्ञान और आध्यात्मिक चिंतन एवं शिक्षण से समस्त मानवता को आलोकित किया है साहित्य के क्षेत्र में महाकवि कालिदास श्रृंगार रस के शिखर पर प्रतिष्ठित है तो भाषा के आदिकवि विद्यापति मधुर गीत के लिए सदैब विश्व विख्यात है मिथिला लोककला एवं चित्रकला माछ एवं मखान से भी विश्व विख्यात है देश के आजादी के लडाई में मिथिला क्षेत्र का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है बीसवी सदी में महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में लोगों ने अपना बलिदान तक दिए है आप जानते है मिथिला भूमि के पुत्रो ने अनेकों राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नेतृत्व दिया है आजादी के तुरंत बाद मिथिला केसरी स्व बाबू जानकी नन्दन सिंह जी ने मिथिलाराज की मांग किए थेमिथिला के सभ्यता संस्कृति विद्वता समृद्धि रहने के बावजूद मिथिला क्षेत्र देश के अन्य क्षेत्र से बहुत ही पीछे है मिथिला क्षेत्र के लोगों के लिए बाढ़ रौदी भुखमरी और पलायन इसके भाग्य में ही लिखा है जबकि मिथिला के भूभाग में अनेको उद्योग था जो आज बंद पड़ा हुआ है

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

प्रात : किरण संवाददाता




विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत में संचालित सिध्दिविनायक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के वर्ग नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के संस्थापक रमेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक के नेतृत्व में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं वर्ग नवम दशम के छात्र-छात्राओं ने कल्याणपुर क्षेत्र अंतर्गत एस एच 88 पर रैली निकाली। वही घंटों सड़क पर खड़ा होकर यातायात करने वाले वाहन चालकों को गुलाब की फूल देकर हेलमेट का उपयोग एवं सुरक्षित यात्रा के प्रति सचेत किया। रैली समापन उपरांत विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा, हमारा समाज एवं राष्ट्र के प्रति दायित्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सतीश कुमार झा, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, फूलो राय आदि ग्रामीणों ने सुरक्षित वाहन चालन के लाभ एवं महत्व पर चर्चा किया। वर्ग नाम के छात्रा कुमारी आस्था, कुमारी रिंकू, कुमारी नेहा, अक्षिता, सोनाली, शिवानी, गायत्री, अनुराधा, सिद्धार्थ, आस्तिक के द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर समवेत गान प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत मोहन सिन्हा, मनोरंजन कुमार सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## गिद्धौर के पतसंडा में रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर निकाली गयी विशाल कलश शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर. श्री राम जन्म भूमि मंदिर अयोध्या में हुए भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जन कल्याण की भावना के साथ शनिवार को गिद्धौर के पंच मंदिर प्रांगण से 501 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. उक्त कलश यात्रा के संपन्न होने के उपरांत गिद्धौर के ऐतिहासिक पंच मंदिर परिसर में 24 घंटे के अखंड सीताराम धुन अष्टयाम की शुरूआत की गयी है. यह कलश यात्रा गिद्धौर पंच मंदिर से होते हुए गिद्धौर दुर्गा मंदिर, महावीर मंदिर, मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर, बाबा बूढ़ा नाथ मंदिर, काली मंदिर, मां बूढ़ी स्थान मंदिर से पुनः पंच मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ. इस दौरान उलाय, नागी एवं नकटी नदी के संगम तट से कलश में जल एकत्र किया गया. इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में पतसंडा गांव निवासी सोनू रावत एवं पिंकी कुमारी ने पूजन का संकल्प लिया। वहीं उक्त अनुष्ठान को सम्पन्न कराने को ले बनारस से गिद्धौर आए पंडा राहुल पांडेय, उत्तम कुमार झा उर्फ राजा सहित उनके सहयोगी अपना योगदान दे रहे हैं. इस विशाल कलश यात्रा में गिद्धौर के हजारों सनातनी राम भक्त गगन भेदी नारा लगाते हुए बढ़ चढ़कर शामिल हुए. वहीं आयोजन को ले जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष बिट्टू कुमार ने बताया कि सनातन संस्कृति को जागृत रखने एवं आमजनमानस में धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा के साथ जन कल्याण की भावना लिए यहां यह आयोजन करवाया जा रहा है. बीते वर्ष पौष मास शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला अपने मंदिर में विराजे थे. अवसर पर यह आयोजन किया गया. सीताराम धुन अष्ट्याम की शुरूआत दोपहर 1:41 बजे से प्रारंभ किया गया. जिसका समापन 24 घंटे के उपरांत रविवार को किया जाएगा. कार्यक्रम के सफल संचालन में जन्माष्टमी पूजा समिति, पंच मंदिर के कार्यकर्ता गम्भीरता से जुटे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सूचना के आधार पर थाना के एसआई ने साइकिल सहित 5 लीटर देसी शराब को किया बरामद

जमुई [ झाझा ] सूचना के आधार पर झाझा थाना के एस आई निधि कुमारी ने साइकिल सहित 5 लीटर देसी शराब किया बरामद । अपने दर्ज आवेदन में एस आई निधि कुमारी ने बताया कि सशस्त्र बल के साथ में दिवा गस्ती में थी । गस्ती के दौरान हमें एलटीएफ प्रभारी संजय कुमार के द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति साइकिल पर देसी शराब लेकर सुन्दीटाड गांव के तरफ जा रहा है । जब में सुन्दीटाड गांव की और प्रस्थान किया तो बजरंगबली मंदिर के पास पहुंचते ही एक व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर साइकिल छोड़कर भागने लगा जब उस व्यक्ति को हमारे सशस्त्र बल पकड़ने की कोशिश किया गया। लेकिन गली का फायदा उठाकर भागने में उक्त व्यक्ति सफल रहा । साइकिल पर टंगा हरा रंग के झोले की तलाशी ली गई तो 5 लीटर देसी शराब बरामद किया गया जिसका मामला थाना में दर्ज किया गया ।

### जंगल से नही गुजरेगी नए प्रारूप के तहत एनएच 333

जमुई [ झाझा ] नए प्रारूप के तहत अब जंगल से होकर एनएच 333 नही गुजरेगी बल्कि अब जंगल के बाहर के रास्ते से बरियारपुर से विशनपुर अलग अलग क्षेत्रों से गुजरेगी। इस संदर्भ में झाझा विधानसभा के विधायक व पूर्व मंत्री दामोदर रावत ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि एनएच मुंगेर के द्वारा जमुई कलेक्टियर एनआईसी में प्रारूप दिया दे दिया गया है । जिसमे एनएच मुंगेर के द्वारा एनएच 333 के नए प्रारूप के तहत बरियारपुर से विशनपुर तक जाने वाली एनएच अब जंगल के रास्ते न गुजरकर जंगल के बाहर से गुजरेगी। नए एनएच 333 नए प्रावधान से निर्माण होगा इसके लिए डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । विधायक ने आगे बताया कि गिद्धौर, सोनो में बायपास का प्रावधान किया गया जबकि झाझा में एनएच को जमीन उपलब्ध हो गया इसलिए झाझा में बायपास नही होगा।

# सहूलियत : टीएलएम को लेकर जमुई जिला स्तरीय कमेटी का किया जाएगा गठन

## टीचिंग लर्निंग मटेरियल के जरिए होगी कक्षा एक से पांच तक के छात्र- छात्राओं की पढ़ाई

- 13 से 31 जनवरी के बीच विद्यालय स्तर पर होगा टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। जिले के सरकारी विद्यालयों के कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्र- छात्राओं को टीचिंग लर्निंग मटेरियल(टीएलएम) के जरिए पढ़ाई की जाएगी। इसको लेकर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में टीएलएम मेला 2.0 के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है।मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शिक्षा को और प्रभावी बनाना है। राज्य फाऊंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी(एफएलएन) मिशन के तहत स्थानीय भाषा में तैयार किए गए टीचिंग लर्निंग मटेरियल के जरिए पढ़ाई कराई जाएगी। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान को पत्र जारी किया है। मिशन निपुण बिहार अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा-सह-राज्य एफएलएन मिशन निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट टाक्स फोर्स की 16वीं बैठक में निर्णय लिया गया है कि टीएलएम मेले में प्रतिभागी शिक्षक व शिक्षिका शिक्षण अधिगम सामग्री का विकास स्थानीय भाषा में विकसित करें। बताया गया है कि अकादमी वर्ष 2023-24 की तहत अकादमिक वर्ष 2024-25 में भी टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन किया जाएगा। छात्रों व शिक्षकों के लिए भी सीखने व क्षमताओं को बढ़ाने का मिलेगा अवसर टीएलएम मेला 2.0 छात्रों की पढ़ाई को रुचिकर और प्रभावी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह उन्हें स्थानीय भाषा और संस्कृति के साथ जोड़ने का एक बेहतरीन माध्यम बनेगा। टीएलएम मेला 2.0 के तहत सामग्री को इस तरह तैयार किया जाएगा कि छात्रों के बीच पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े। स्थानीय भाषा में बनी सामग्री छात्रों को उनके सांस्कृतिक और भाषाई परिवेश से जोड़ते हुए उन्हें आसानी से विषयों को समझने में मदद करेगी।मेला न केवल छात्रों के लिए,बल्कि शिक्षकों के लिए भी सीखने और अपनी क्षमताओं को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। इसको लेकर निर्णायकों का उन्मुखीकरण भी किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर 13-31 जनवरी के बीच होगा आयोजन टीएलएम 2.0 को लेकर जिले की सभी विद्यालय परिसर,डायट और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देश दिये गए हैं। विद्यालय स्तर पर टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन 13 से 31 जनवरी के बीच किया जाएगा। वहीं 01 से 22 फरवरी के बीच प्रखंड स्तर,24 फरवरी से 13 मार्च तक जिला स्तर पर मेले का आयोजन किया जाएगा। जबकि राज्य स्तर पर मेले आयोजन 26-27 मार्च 2025 के बीच होगी। प्रत्येक विषय के लिए अधिकतम 10 टीएलएम का होगा चयन हिंदी,अंग्रेजी,गणित,पर्यावरण, विज्ञान और उर्दू विषय शामिल है। सभी टीएलएम के उपयोग का 2 से 3 मिनट का वीडियो बनाया जाएगा, ताकि छात्रों को सामग्री को समझने में आसानी होगी। प्रत्येक विषय के लिए न्यूनतम 5 और अधिकतम 10 उत्कृष्ट टीएलएम का चयन किया जाएगा।हर टीएलएम के लिए एक शिक्षक जिम्मेदार होंगे। जो बेहतर ढंग से प्रस्तुत करेंगे। पिछले वर्ष भी किया गया था टीएलएम मेला का आयोजन बता दें कि पिछले वर्ष की सफलता को देखते हुए टीएलएम मेले में प्रतिभागी शिक्षकों से प्राप्त एसओपी के संशोधन के बाद निपुण टीएलएम विकसित की गई है।निपुण बिहार मिशन के तहत राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद के द्वारा राज्य एएफएलएन नोडल पदाधिकारी-सह-निदेशक प्राथमिक शिक्षा के नेतृत्व में पिछले वर्ष भी टीएलएम मेले का आयोजन किया गया था।

## सड़क दुर्घटना की रोकथाम, नियमों के पालन को लेकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद के दिए गए आदेशानुसार संध्या बेला में सड़क दुर्घटना की रोकथाम और यातायात नियमों को लेकर एनएच 333 स्थित सोहजाना मोड़ के पास एसडीपीओ राजेश कुमार की अगुवाई में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिन चालकों के पास वाहन से सम्बंधित कागजात की कमी या बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे वैसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे जुमार्ना राशि वसूला गया।

इसके अलावे एसडीपीओ ने वाहन चालकों से वाहन चलाने के दौरान नियमों का पालन करने का निर्देश भी दिया। वाहन चेकिंग अभियान में एसएचओ संजय कुमार सिंह, पुअनि कुंज बिहारी, नंदन कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा सड़को पर दौड़ रहे दो पहिया से लेकर चारपहिया वाहन को रुकवाते हुए चालक से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात के अलावे वाहन की डिक्की की जांच किया साथ ही साथ बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट बांधकर वाहन चला रहे वाहनों चालकों को भी रुकवाया गया।

वाहन चेकिंग अभियान में 20 वाहनों से करीबन 26 हजार रुपये जुमार्ना राशि वसूला गया।

## धमना गांव में महायज्ञ को लेकर युध्द स्तर पर हो रही है भव्य तैयारी



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धमना गांव में आगामी 30 जनवरी से प्रारंभ होकर 7 फरवरी तक चलने वाले श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर यज्ञशाला परिसर में जारी है। धमना में लगभग 300 मीटर के दायरे में होने वाले महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमे अलग अलग राज्यों से कई प्रसिद्ध पंडित शामिल होंगे। इसके अलावे रासलीला, प्रवचन, भक्ति जागरण भी होंगे जिससे महायज्ञ की एक अलग ही वातावरण बना रहेगा। जिसमे पंचायतवासियो का सहयोग भी काफी देखा जा रहा है और यज्ञ को लेकर धमना पंचायत के विभिन्न गांवों के अलावे अन्य कई गांव के ग्रामीण भी भव्य होने वाले महायज्ञ को लेकर उत्साहित है। खासकर लोगों को 30 जनवरी को निकलने वाले कलश शोभायात्रा में हेलीकॉप्टर से पुष्प की होने वाली वर्षा को देखने के लिए लोग बेताब हो रहे है और इस बात की चर्चा जिलेभर में फैली हुई है। अब बस श्रद्धालुओं को 30 जनवरी का इंतेजार है जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय बन जायेगा।

## रेलकर्मियों ने रेलवे अधिकारी के स्थानंतरण पर दी विदाई




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] वरीय अनुभाग अभियंता ( संकेत) में विदाई सह स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को रेलकर्मियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलकर्मी विकास वैभव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कियूल से आये अधिकारी एएसटीई दीपक कुमार, सीएसआई रणविजय कुमार, एसएसई नरेंद्र कुमार, रेलवे टेलीकॉम विभाग के जेई वीरेंद्र कुमार, आईओडब्ल्यू विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश, स्टेशन प्रबंधक रविकांत माथुरी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रवि कुमार गुप्ता सहित अन्य स्थानीय अधिकारी, रेलकर्मियों ने स्थानंतरण हुए संतोष कुमार के द्वारा झाझा में अपने पद पर रहकर किये गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में विभाग के रेलकर्मी एवं अन्य विभाग के रेलकर्मी अधिकारी काफी संतुष्ट रहे। विदाई समारोह में एसएस के पद से सिंग्नल विभाग से स्थानंतरण हुए अधिकारी संतोष कुमार को अलग अलग विभाग के रेलकर्मियों ने उपहार, अंग वस्त्र देकर विदाई दिया तो जेई के पद पर आए अधिकारी गौतम कुमार को लोगों ने स्वागत किया।

## बीसीसी टूनार्मेंट के उदघाटन मैच में जमुई पार्क टेलर टीम 55 रन से विजयी

- माँ काली क्रिकेट क्लब धोबघट की हार

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर । प्रखंड मुख्यालय के मौरा पंचायत के अलखपुरा गांव के खेल मैदान में बीसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा जिलास्तरीय क्रिकेट टुनार्मेंट का आयोजन किया गया। आयोजित टूनार्मेंट का उदघाटन मौरा पंचायत के मुखिया धनराज कुमार यादव,युवा समाजसेवी पिन्टू कुमार यादव एवं सिंगर प्रभाकर कुमार के द्वारा फीता काट व बल्ले से शॉट लगाकर किया गया। उक्त टुनार्मेंट का उद्धघाटन मैच माँ काली क्रिकेट क्लब धोबघट बनाम जमुई पार्क टेलर के बीच खेला गया। टूनार्मेंट में जमुई पार्क टेलर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में



07 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनायी। वहीं मैदान में दूसरी पारी खेलने उतरी माँ काली क्रिकेट धोबघट की टीम ने 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस टूनार्मेंट के उदघाटन मैच को जमुई पार्क टेलर की टीम ने जीत लिया। खेल समाप्ति उपरांत मैच के दौरान मैन ऑफ द मैच जमुई पार्क टेलर की टीम के खिलाड़ी विक्कू कुमार को 14 सौ रुपए नगद राशि दिया गया। मैच में उदघोषक की भूमिका मो.मुस्ताक अंसारी ने निभायी। वहीं स्कोरर की भूमिका नारायण कुमार सिंह एवं गुडू कुमार ने निभाई। टूनार्मेंट के सफल आयोजन में मो.महफुज अंसारी,मो. एमामुल अंसारी,सोनू कुमार,रोहित कुमार,पप्पू कुमार,राहुल कुमार,सुमन सेम,अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल को देखने सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी युवा खिलाड़ी व दर्जनों की संख्या में ग्रामीण खेल को देखने के लिये मैदान में मौजूद थे।

## जमुई में अजब-गजब फजीर्वाड़ा देखकर हैरान हुए अधिकारी, एक ही शख्स के दो बार मौत

### मौत के बाद मुआवजे की राशि के लिए दो बार एक शख्स की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। जिले में एक शख्स का दो अलग-अलग तारीख में डेथ सर्टिफिकेट बनने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि लेबर कार्ड पर श्रम विभाग द्वारा सरकार की 2 लाख 5 हजार की सहायता राशि निकालने के लिए यह गड़बड़ी की गई है। कह सकते हैं कि मौत के मुआवजे के लिए यहां मुर्दे को ही मार दिया गया. श्रम विभाग से सहायता राशि लेने के लिए एक ही शख्स की 3 महीने में दो बार मौत हो गई। दरअसल, यह मामला जमुई जिले के गिद्धौर के गुगुलडीह इलाके के छेदलाही गांव से जुड़ा है. यहां के गुलो तांती की मौत 20 दिसंबर 2023 को हुई थी। बताया जा रहा है कि तब गुलो तांती का लेबर कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ था। जिससे श्रम विभाग द्वारा मिलने वाले मजदूरों की मौत के बाद सहायता राशि नहीं मिल सकती थी. बताया जाता है कि सहायता राशि के


Registration Number D-2024:10-61813-000022
NAME GULO TANTI
GENDER Male
DOD 20-12-2023
Name of Mother NA
Name of Father BIHARI TANTI
Place of Death CHHEDLAHI, GUGULDIH, GUGULDIH ( PART IN BARHAT )*, GIDHAUR, JAMUI, BIHAR, 811305
Registration Date 16-01-2024

- एक ही शख्स का दो अलग-अलग तारीखों में डेथ सर्टिफिकेट जारी हुआ
- मामले की जांच में जुटे सांख्यिकी विभाग और श्रम विभाग के अधिकारी

लिए बिचौलियों के द्वारा पहले गुलो तांती के लेबर कार्ड का नवीनीकरण कराया गया और फिर एक और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया गया, जिस पर मौत की तारीख 9 फरवरी 2024 बताई गई है। सहायता राशि लेने के लिए एक ही शख्स को दो बार मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का मामला संज्ञान में आने के बाद जिला सांख्यिकी विभाग और श्रम विभाग जांच में जुट गई है। गुलो तांती का निर्माण कर्मी के रूप में श्रम विभाग में 17 दिसंबर 2015 को निबंध हुआ था। नियम के अनुसार, दिसंबर 2020 में नवीनीकरण कराया जाना था, जो नहीं हुआ. इसी दौरान 20 दिसंबर 2023 को गुलो की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस जिसके बाद दलाल सक्रिय हो गए और दूसरा डेथ सर्टिफिकेट निर्गत कराकर उनके परिवार वालों को मुआवजा दे दिया गया। इस खेल में श्रम और सांख्यिकी विभाग के कर्मी भी शामिल बताए जा रहे हैं। 9 फरवरी 2024 को जो मृत्यु प्रमाण पत्र हाथ लगा है उसका क्यूआर कोड भी स्कैन करने पर कोई रिस्पॉंस नहीं दे रहा, जिससे आशंका है कि कहीं या फेक तो नहीं। सवाल उठने लगा है कि क्या डेथ सर्टिफिकेट की जांच श्रम विभाग के अधिकारियों ने गहनता से नहीं की थी।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के झंडोतोलन व साफ सफाई, झांकी को लेकर शनिवार 11 जनवरी 2025 को संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारीयों के साथ जिला परिषद जमुई के संवाद कक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद तथा अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण रामदुलार राम की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में सर्वप्रथम सभी आगंतुक पदाधिकारीयों का स्वागत करते हुए पिछले साल 26 जनवरी को हुए कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। इसके बाद सभी जगह पर झंडोतोलन के कार्यक्रम का समय निर्धारित किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अलग-अलग विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएगी। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण इकाई, परिवहन विभाग, कौशल विकास केंद्र, उत्पाद विभाग, आईसीडीएस एवं जीविका द्वारा झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री एवं सभी पदाधिकारीयों द्वारा महादलित बस्तियों में झंडोतोलन का कार्यक्रम किया जाएगा। शहीदों के आश्रितों तथा स्वतंत्रता सेनानी को सम्मानित किया जाएगा। शहर में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, रंग रोगन की जाएगी। इन मुर्तियों पर स्थानीय पदाधिकारी के द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि झंडोतोलन का अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में विशिष्ट हासिल करने वाले लोगों को नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किया जाएगा। गांधी मैदान में सलामी परेड का पूर्वाभ्यास 17 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा। पूर्वा अभ्यास में विद्यालयों के बैंड पार्टी भी रहेंगे। बैठक में जिले स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे ।

## मुर्गी फार्म में आग लगने से 2 हजार मुर्गी के बच्चे जलकर हुए खाक



मुंगेर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड के कटारिया पंचायत स्थित बाकरपुर बगीचे में मुर्गी फार्म में शॉर्ट सर्किट से लगी आग फार्म में 2000 मुर्गी के बच्चे जलकर आग में हुआ खाक। वहीं इसकी सूचना मुफस्सिल अग्नि विभाग टीम को दी गई मौके पर अग्नि चालक विपुल कुमार आलोक कुमार आकाश कुमार तेजस्वी यादव बिट्टू कुमार कुमार बिजेंदर घटना स्थल पर पहुंचकर आज पर काबू पाया। वही मुर्गी फार्म संचालक समीना बानो द्वारा बताया गया आज 5:30 पर लगभग मुर्गी फार्म में लगने की सूचना मिली तब हम लोग जब तक आए तब तक फोन में रखी सभी मुर्गियां की बच्चे जलकर खाक हो चुका था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट से प्रतीत होता है।

## विधिज्ञ संघ हवेली खड़गपुर में मनाया गया 33 वां स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खडगपर(कोर्ट)। अनुमंडल कार्यालय स्थित विधिज्ञ संघ में अधिवक्ताओं द्वारा 33 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विधिज्ञ संघ में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रौशन महासचिव गणेश तांती अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद सिंहा ने संयुक्त रूप से केक काट कर स्थापना दिवस मनाया। सभी अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंच का संचालन अधिवक्ता सह महासचिव गणेश तांती द्वारा किया गया। 33 वां स्थापना दिवस को लेकर सभी अधिवक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार को प्रकट किया। विधिज्ञ संघ के वर्तमान महासचिव गणेश तांती, अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष चौबे कुमार द्वारा कहा गया कि अनुमंडल खड़गपुर की स्थापना हुए 33 वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होना खड़गपुर वासी के लिए दुर्भाग्य की बात है। व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने से खड़गपुर वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आगे उन्होंने बताया कि अगर व्यवहार न्यायालय की स्थापना अति शीघ्र नहीं की जाती है तो विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता बहुत जल्द चरणबद्ध आंदोलन को तैयार है। विधिक संघ के 33 वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश कुमार, अपरनश कुमार सिन्हा, रामनाथ पंडित, प्रमोद कुमार यादव, संजय कुमार सुमन, हरे कृष्ण पासवान, जनार्दन कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, नवीन कुमार, सच्चिदानंद सिंह, आधिवाक्ता सह नोटिरी पद्माकर कुमार वर्मा, नरेश तांती, वरुण कुमार यादव, रामखेलावन रविदास, राजकुमार प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, राजेंद्र चौधरी, पूर्व कोषाध्यक्ष जय प्रकाश साह, पूर्व महासचिव तेजनारायण सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष सकलदेव कुमार यादव, श्याम कुमार सिंह, अमरदीप लाल मंडल, रामदुलार सिंह, शशि भूषण गुप्ता, सहायक सचिव मुकेश कुमार, सुभाष सिंह, जितेंद्र कुमार, अमरदीप कुमार अमर, लक्ष्मी प्रसाद यादव, अधिवक्ता लिपिक राजेंद्र प्रसाद बिंद, विश्वनाथ झा एवं टंकण आशीष सिन्हा आदि मौजूद थे।

## ऑल इंडिया गुलाब रावत फूटबाल टूनार्मेंट के दुसरे सेमीफाइनल में नोथर्न रेलवे नई दिल्ली 2-0 से विजयी

### बिहार एलेवन बनाम श्री गढ़ीमाई यूथ एकेडमी बिरगंज नेपाल के बीच महिला शो फुटबॉल मैच आज

- यूनाइटेड एफ सी जम्मू कश्मीर श्री नगर सेमीफाइनल में पराजित
- 13 जनवरी को होगा नॉर्थन रेलवे दिल्ली बनाम यूथ एकेडमी बीरगंज नेपाल के बीच फाइनल फुटबॉल मुकाबला

प्रात : किरण संवाददाता




गिद्धौर। कुमार सुरेन्द्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में चल रहे ऑल इंडिया गुलाब रावत फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप बी का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला नोथर्न रेलवे नई दिल्ली बनाम यूनाइटेड एफसी जम्मू कश्मीर श्रीनगर के बीच खेला गया। इस रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल के प्रारंभ से ही खेल मैदान में इस ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में अपनी जगह सुनिश्चित करने को लेकर जदोजेहद करते रहे।लेकिन खेल मध्यांतर से लेकर मध्यांतर के अंत तक कारारी टक्कर दोनों टीमों के बीच होता रहा लेकिन कोई परिणाम निकलकर सामने नही आया।अंततः खेल के दौरान निर्णायक मंडली द्वारा इस फुटबॉल मुकाबले का परिणाम निकालने को लेकर 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें नॉर्थन रेलवे दिल्ली टीम के 20 नंबर के खिलाड़ी बीरेंद्र कुमार ने एक गोल दाग 1-0 से अपनी टीम को बढ़त दिला दी। वहीं दूसरा गोल जर्सी नंबर 05 के खिलाड़ी जेपी जितेंद्र ने पुनः एक गोल दाग अपनी टीम नॉर्थन दिल्ली को 2-0 से बढ़त दिलाते हुए इस सेमीफाइनल मुकाबले को जीत लिया व फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।बताते चलें कि इस ऑल इंडिया गुलाब रावत फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकबला 13 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।वहीं आज 12 जनवरी को एक महिला शो फुटबॉल मैच बिहार एलेवन बनाम श्री गढ़ीमाई यूथ एकेडमी बिरगंज नेपाल के बीच खेला जाएगा।खेल समाप्ति उपरांत मेन ऑफ द मैच का खिताब दिल्ली टीम के जर्सी नंबर 20 के खिलाड़ी बीरेंद्र कुमार को पूर्व विधान परिषद संजय प्रसाद एवं शैलेन्द्र रावत के सौजन्य से दिया गया। खेल में निर्णायक की भूमिका अरुण हांसदा, दीपक कुमार, मोहन कुमार एवं संतोष कुमार पांडे ने निभायी।वहीं खेल में उदघोषक की भूमिका राणा रंजीत ने निभायी।इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, प्रदेश युवा जदयू नेता राजीव रावत,युवा जदयू नेता गुंजन कुमार,डॉ. शशि शेखर प्रसाद,अशोक केशरी,सचिव सुजीत सक्सेना,गिद्धौर सैग सेंटर के पूर्व प्रभारी नंद किशोर प्रसाद,डॉ. प्रदीप कुमार, सोनू कुमार,कुमार पुष्पराज,छोटे सिंह,उदय कुमार के अलावे हजारों की संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी सेमी फाइनल फुटबॉल मुकाबले को देखने के लिये खेल मैदान में मौजूद थे।

## चरघरा शिव मंदिर में बैठक की गई आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नगरक्षेत्र अंतर्गत चरघरा मुहहले के शिव मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क पर बह रहा नाला का गंदा पानी से निजात को लेकर नगर परिषद कार्यालय के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं मुहहलेवासियों के बीच बैठक हुई । बैठक में नप के अध्यक्ष संजय कुमार यादव, ईओ डॉक्टर जनार्दन वर्मा, समाजसेवी राजीव कुमार यादव, उपाध्यक्ष विपिन साव, पूर्व प्रत्याशी विनोद प्रसाद यादव, पूर्व बैंक प्रबंधक शैलेश कुमार, वार्ड पार्षद अजय पासवान, अशोक साव, विपुल झा, विजय कुमार राम, दयानंद साह आदि शामिल हुए। बैठक में नाली बनाने के लिए जगह देने का आग्रह किया जिसमें उपस्थित चरघरा भलुआ पासवान टोली के बुद्धिजीवी ने अपनी अपनी राय दिया। वार्ड में विकास हो इसके लिए वार्डवासियों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है । अध्यक्ष ने कहा कि नगर क्षेत्र में हर वार्ड में विकास सबसे पहली प्राथमिकता है इसलिए हर वार्ड में नाली, सड़क आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है ताकि वार्डवासियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। समाजसेवी गुड्डू यादव ने कहा अगर किसी वार्ड वासियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो वे सीधे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से करे ताकि जो भी समस्या है उसका समाधान किया जा सके। बैठक में शंभू यादव, बमबम, अनूप साह, राजेश साह, दीपक साह, पूर्व वार्ड पार्षद सुरेंद्र साह बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने असैनिक निर्माण कार्य शिक्षा विभाग से संबंधित कार्य का किया समीक्षात्मक बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई शनिवार को समाहरणालय परिसर में स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में असैनिक निर्माण कार्य, शिक्षा विभाग से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षात्मक बैठक आहूत कि गई । बैठक में जिला पदाधिकारी महोदया ने कहा कि जमुई जिले अंतर्गत जिस विद्यालय का भवन नहीं है वहां बीपीएम या बीआरपी, कनीय अभियंता के साथ जाकर जांच करवाने का निर्देश दिया गया । आगे उन्होंने कहा कि प्रखंड सोनो अंतर्गत फर्जी टीचर पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया । वहीं उन्होंने हर प्रखंड में 10 मॉडल विद्यालय बनाने के लिए कहा । जिलाधिकारी महोदया ने प्रखंड झाझा तथा इस्लामनगर अलीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में लापरवाही को लेकर स्पष्ट कारण परीक्षापृच्छा किया गया । इसी क्रम में महोदया ने एनजीओ के किचन की जांच के लिए डीपीओ एमडीएम को कहा गया, साथ ही साथ रसोई घर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया । अंततः जिलाधिकारी महोदया ने प्रत्येक जगह एमडीएम का मेनू डिस्प्ले करने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई को निर्देशित किया। बैठक में कार्यपालक अभियंता योजना एवं विकास विभाग जमुई, जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग जमुई, कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, रविवार, 12 जनवरी, 2025

# विचार मंथन

## सम्पादकीय

## भावी युवा पीढ़ी के समक्ष चुनौतियां, समस्या एवं समाधान : स्वामी विवेकानंद जयंती पर विशेष



स्वामी विवेकानंद भारतीय विचारक, योगी एवं आध्यात्मिक गुरु थे। स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को है ।12 जनवरी का दिन भारत में ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने भारतीय युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया तथा समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए योगदान देने का आह्वान किया। उनका विश्वास था कि युवकों में अपार शक्ति है एवं योग्य मार्गदर्शन से वे देश को प्रगति की ओर ले जा सकते हैं, परंतु वर्तमान में युवा पीढ़ी अनेक चुनौतियां एवं समस्याओं का सामना कर रही है जिन पर उपाय आवश्यक हैं। प्रस्तुत लेख में युवा पीढ़ी के समक्ष चुनौतियां, समस्याएं एवं उन पर उपाय इस पर विचार किया गया है। पाठकों को इसका निश्चित ही लाभ होगा। शिक्षा तथा कौशल्य (निपुणता) विकास की बाधाएं - वर्तमान शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन आवश्यक है, क्योंकि केवल पारंपरिक शिक्षा पद्धति पर्याप्त नहीं है। युवा पीढ़ी को डिजिटल कुशलता, नवीन उपक्रम, तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षा संस्थानों में प्राप्त शिक्षा व्यावहारिक नहीं है ऐसा युवकों को लगता है। परिणामस्वरुप उपलब्ध रोजगार के अवसर मर्यादित लगते हैं। शिक्षा में अवसरों की कमी एवं कुशलता में कमी यह एक बड़ी समस्या है। बेरोजगारी एवं करियर चुनने की समस्या - युवा पीढ़ी को आज के बाजार में या व्यावसायिक बाजार में करियर निर्मित करने में अनेक रुकावटें आती हैं। बेरोजगारी यह एक प्रमुख समस्या है ।उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर भी अच्छी नौकरियां मिलना कठिन हो गया है। इसके अलावा करियर चुनने के संबंध में असमंजस की स्थिति, अस्थिर मानसिकता, केवल सरकारी नौकरी की ओर लक्ष्य केंद्रित होना, औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी का अभाव एवं नई संधियाँ खोजने में उदासीनता, इनके कारण युवकों में नकारात्मकता आती है। मानसिक स्वास्थ्य का संकट - दिन प्रतिदिन युवा पीढ़ी में मानसिक रोगों का प्रमाण बढ़ रहा है। करियर, प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं एवं सामाजिक माध्यमों पर होने वाले तनाव के कारण मानसिक समस्याएं गंभीर हो रही हैं। इससे डिप्रेशन, चिंता तनाव एवं आत्महत्या के विचार यह समस्याएं बढ़ गई हैं । मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता एवं उपचार की सुविधाओं के अभाव के कारण यह प्रश्न अधिक विकट हो गया है। नशे की अधीनता तथा तनाव व्यवस्थापन - वर्तमान समय में अनेक युवा धूम्रपान, मद्यपान एवं ड्रग्स के अधीन हो रहे हैं। यह बुरी आदतें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल परिणाम करती हैं ।तनाव का प्रबंधन संभव न होने के कारण व्यसन या नशे की अधीनता बढ़ रही है। इस प्रकार युवाओं की ऊर्जा का अपव्यय होकर उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। डिजिटल माध्यमों का अत्याधिक प्रयोग तथा सामाजिक जीवन का अभाव - डिजिटल माध्यम (डिजिटल प्लेटफॉर्म्स )आज के युवाओं के जीवन का अविभाज्य अंग बन गया है। सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग एवं मशीनी ज्ञान में अधिक व्यस्त होने के कारण अनेक युवा आभासी, काल्पनिक संसार में अटक गए हैं। परिणाम स्वरूप उनका सामाजिक जीवन, संभाषण की कुशलता एवं वास्तविक संसार के रिश्ते-नाते कमजोर हो गए हैं। काल्पनिक संसार में जीना यह युवाओं के मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के लिए बड़ी समस्या है। नैतिकता एवं समाज की असमंजस की स्थिति - आज की युवा पीढ़ी अपने सामाजिक नैतिक मूल्यों से कुछ दूर चली गई है ऐसा प्रतीत होता है। समाज में बढ़ती हिंसा और असहिष्णुता एवं सामाजिक दृष्टिकोण में अंतर इससे युवाओं का मानसिक संतुलन बिगड़ता है ।समाज के बदलते मूल्य एवं आधुनिक जीवन शैली का दबाव इन समस्याओं को अधिक गंभीर बना रहा है। इन समस्याओं पर उपाय एवं प्रेरणा - इन समस्त समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक बनाना, डिजिटल साक्षरता बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य के लिए मार्गदर्शन एवं सलाह की सुविधा उपलब्ध कराना, तथा तनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण देना इस पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। इसी के साथ युवाओं को स्वयं को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना चाहिए। युवा पीढ़ी देश की अमूल्य संपत्ति है, परंतु यदि इस पीढ़ी ने स्वयं की चुनौतियों का प्रभावपूर्ण तरीके से सामना किया तभी स्वयं के साथ देश की प्रगति संभव है। इसलिए स्वामी विवेकानंद ने आत्मविश्वास, देश प्रेम एवं परिश्रम का महत्व इस संबंध में युवाओं को दी गई शिक्षा आज भी बहुमूल्य है। उनका ह्लउठो जागो एवं जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं होता तब तक मत रुकोह्न ये शब्द युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं।

## युवाओं के आध्यात्मिक शक्ति पुंज थे स्वामी विवेकानंद

युवाओं के सबसे बड़े प्रेरक और स्वयं भी युवा संत रहे स्वामी विवेकानंद संसार की एक ऐसी दिव्य आत्मा मानव रूप में हुई है जिन्होंने बहुत कम आयु में जीवन के कई जन्मों का पुरुषार्थ कर युवाओं के सामने एक सार्थक उदाहरण प्रस्तुत किया था।स्वामी विवेकानंद न सिर्फ एक संत थे बल्कि एक सोच थे,एक राष्ट्रवादी विचारधारा थे, एक नवक्रांति है,एक नवनिर्माण की मशाल थे तो अपनी वाकपटुता व बौद्धिक कौशल से दुनिया का दिल जीतने वाले एक महान कर्मयोगी भी।उन्हें नैतिक मूल्यों के विकास एवं युवा चेतना के जागरण हेतु प्रतिबद्ध माना गया तो मानवीय मूल्यों के पुनरुत्थान के सजग प्रहरी, अध्यात्म दर्शन और संस्कृति को जीवंतता देने वाली संजीवनी बूटी के रूप में एक महारथी भी।वे वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए। स्वामी विवेकानन्द को युवाओं के आदर्श के रूप में देखा जाता हैं। उनकी सोच रही कि युवको को शारीरिक प्रगति से ज्यादा आंतरिक प्रगति की आवश्यकता है। उन्होंने युवकों को प्रेरणा देते हुए कहा था कि पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है, फिर उसका विरोध होता है और अंत में उसे स्वीकार कर लिया जाता है। वे युवकों में जोश भरते हुए कहा करते थे कि, उठो मेरे शेरों ! इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो। जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। ऐसी ही कुछ प्रेरणाएं हैं जो आज भी युवकों को आन्दोलित करती हैं, पथ दिखाती हैं और जीने का दर्शन प्रदत्त करती हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के परम-शिष्य स्वामी विवेकानंद एक ऐसे संत हुए जिनका रोम-रोम राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। राष्ट्र के दीन-हीनजनों की सेवा को ही वे ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे। इस युवा संन्यासी ने निजी मुक्ति को जीवन का लक्ष्य नहीं बनाया था, बल्कि करोड़ों देशवासियों के उत्थान को ही अपना जीवन-लक्ष्य बनाया। उनके सदवचन, किसी की भी जिंदगी परिवर्तित कर सकते है।उनके शब्दों में, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। जिस तरह से विभिन्न स्त्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। किसी की निंदा न करें। यदि आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरूर बढ़ाएं। यदि नहीं बढ़ा सकते हैं, तो अपने हाथ जोड़िए, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिए और उन्हें उनके मार्ग पर जाने दीजिए।आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं। अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता। हम वह हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते। सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, आप यकीन कर सकते हैं कि आप गलत रास्ते पर सफर कर रहे हैं।यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है, लेकिन जो दुसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। भगवान की एक परम प्रिय के रूप में पूजा की जानी चाहिए, इस या अगले जीवन की सभी चीजों से बढ़कर। स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता।बाहरी स्वभाव केवल अंदरुनी स्वभाव का बड़ा रूप है।हम जितना ज्यादा बाहर जाएं और दूसरों का भला करें, हमारा हृदय उतना ही शुद्ध होगा ।युवाओं के प्रेरणादायक स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त है।

# ज्ञान चक्षु खोलने में समर्थ है विवेकानंद जी का जीवन

**1890 के दशक में उन्होंने कहा था कि भारत अकल्पनीय परिस्थितियों के बीच अगले 50 वर्षों में ही स्वाधीन हो जाएगा। जब उन्होंने यह बात कही तब कुछ लोगों ने इस पर ध्यान दिया। उस समय ऐसा होने की कोई संभावना भी नहीं दिख रही थी। ऐसी पृष्ठभूमि में स्वामी विवेकानंद जी की यह सत्य सिद्ध दी हुई। विवेकानंद ने ही एक और भविष्यवाणी की थी जिसका सत्य सिद्ध होना शेष है। उन्होंने कहा था भारत एक बार फिर समृद्धि तथा शक्ति की महान ऊँचाइयों पर उठेगा और अपने समस्त प्राचीन गौरव को पीछे छोड़ जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अतीत से ही भविष्य बनता है। अतः यथासंभव अतीत की ओर देखो और उसके बाद सामने देखो और भारत को उज्ज्वल तक पहले से अधिक पहुंचाओ। हमारे पूर्वज महान थे। हम भारत के गौरवशाली अतीत का जितना ही अध्ययन करेंगे हमारा भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। भारत में श्रीराम, कृष्ण, महावीर, हनुमान तथा श्री रामकृष्ण जैसे अनेक ईष्ट और महापुरुषों के आदर्श उपस्थित हैं।**






**डॉ. वंदना सेन**
**लेखिका**

वर्तमान में जिस प्रकार से देश प्रगति कर रहा है, उसी प्रकार से कुछ लोग भारतीयता से दूर भी होते जा रहे हैं। हालांकि इस निमित्त कई संस्थाएं भारतीय संस्कारों को जन जन में प्रवाहित करने के लिए प्रयास कर रही हैं। यही कार्य भारत के संत मनीषियों ने किया था, जिसके चलते संपूर्ण विश्व ने भारतीय दर्शन का साक्षात्कार किया। अमेरिका के शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी ने जिन प्रेरक शब्दों का प्रवाह प्रसारित किया, उससे उस समय विश्व के अनेक आध्यात्मिक मनीषी आप्लावित होते दिखाई दिए। एकाग्रचित्त होकर श्रवण किया गया स्वामी विवेकानंद जी का यह संबोधन एक ऐसे मार्ग का दर्शन कराता है, जो व्यक्ति और राष्ट्र को सकारात्मक बोध कराने वाला था। स्वामी विवेकानंद जी के वे विचार न केवल भारतीय ज्ञान की पताका फहराने वाले थे, बल्कि उस भाव का भी प्रकटीकरण करने में समर्थ थे, जहां भारत के विश्व गुरु होने के प्रमाण प्रस्फुटित होते हैं।

स्वामी विवेकानंद का शिकागो व्याख्यान एक ऐसा दर्शन था, जिसमें भारत के वसुधैव कुटुंबकम का भाव समाहित है। विश्व के किसी भी दर्शन में संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानने की परंपरा और विचार परिलक्षित नहीं होता, लेकिन भारत की संस्कृति में यह दर्शन पुरातन काल से समाहित है। विश्व के सबसे पुराने प्रामाणिक ग्रंथों में भारत का मूल समाया हुआ है। इसी मूल को स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका की धरती पर फैलाने का सफल प्रयास किया। हम जानते हैं कि अच्छे विचार को जन-जन में प्रवाहित करने के लिए कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। शिकागो में जाने के लिए स्वामी विवेकानंद जी ने भी अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। हालांकि भगवान की कृपा से यह समस्याएं दूर होती चली गई और स्वामी विवेकानंद जी अपने संकल्प को प्रवाहित करने के लिए धर्म सम्मेलन में सम्मिलित अनेक विद्वानों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए थे। विद्वानों के समक्ष जब विवेकानंद जी ने अपने हृदय को खोलते हुए पूरे मन से कहा मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों। इस शब्द ने जिस आत्मीयता का बोध कराया, जिस अपनेपन का एहसास कराया, वह वहां उपस्थित मनीषियों के लिए एक नई बात थी। उन्होंने इस प्रकार की कल्पना भी नहीं की और ना उनके दर्शन में ऐसा था। विवेकानंद की वाणी सबके हृदय को छूने वाली थी, सब सबके हृदय में हृदयंगम होने वाली थी। इसीलिए प्रारंभिक शब्दों को सुनने के बाद पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया। इन तालियों में ही स्वामी विवेकानंद जी को जितना समय दिया गया था, वह समय निकल गया, लेकिन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को सुनकर वहां उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग ने स्वामी विवेकानंद जी को और ज्यादा समय देने को कहा। उसके बाद स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दर्शन पर आधारित भारतीय संस्कारों से समाहित ऐसा प्रबोधन दिया, जो सबके लिए नया था। यही भारतीय संस्कृति का स्वरूप है। उस समय संपूर्ण विश्व के मनीषियों ने यह स्वीकार किया कि वास्तव में भारत ज्ञान के मामले में विश्व गुरु है। शिकागो व्याख्यान के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है। मैं दुनिया की सबसे पुरानी संत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की तरफ से आप सभी को धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों, संप्रदायों के लाखों करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। अपने व्याख्यान में स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं जिस तरह अलग-अलग जगहों से निकली नदियां अलग-अलग रास्तों से होकर आखिरकार समुद्र में मिल जाती हैं। ठीक उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा से अलग-अलग रास्ते चुनता है। यह रास्ते देखने में भले ही अलग-अलग लगते हों, लेकिन यह सब ईश्वर तक ही जाते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि विश्व के सभी धर्मों की एक ही उपयुक्त राह है कि हम ईश्वर की प्राप्ति में लग जाएं। स्वामी विवेकानंद जी की वाणी भारतीयता से ओतप्रोत थी। विवेकानंद जी जब भी बोलते थे, उनके एक एक शब्द में भारत का प्रस्फुटन होता था। वे निश्चित रूप से उस भारतीय संस्कृति के संवाहक थे, जो समस्त विश्व के दिशादर्शक हैं। तभी तो वे कहते थे कि भारतीय संस्कृति केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक प्रगति का आधार है। वर्तमान समय में भी स्वामी विवेकानंद जी विचार उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पुरातन काल में होते थे। स्वामी जी युवाओं को शक्तिशाली बने रहने का भी उपदेश देते थे। उनका मानना था कि जिस देश का युवा निर्बल और शक्तिहीन होगा, वह राष्ट्र कभी शक्ति संपन्न नहीं हो सकता। हिंदुत्व के बारे में स्वामी विवेकानंद जी की स्पष्ट धारणा थी। वे अपनी वाणी के माध्यम से यह भी कहते थे कि तुम तब और केवल तब ही हिन्दू कहलाने के अधिकारी हो, जब इस नाम को सुनने मात्र से तुम्हारे शरीर में विद्युत प्रवाह की तरह तरंग दौड़ जाए और हर व्यक्ति सगे से भी ज्यादा पसंद आने लगे। स्वामी विवेकानंद जी सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार की तरह ही देखते थे। शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी का प्रबोधन इसी भाव धारा का प्रवाहन था। जिसकी गूंज आज भी ध्वनित होती रहती है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारत के बारे में तीन अति महत्व की भविष्यवाणी की थीं।

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान

**उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्रेत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन नामक सेवा भावी संगठन की स्थापना की।**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक**

भारत में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है। खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा सन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा सन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा सन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे सन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे। स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का ह्लअष्टाध्यायीह्न व पातंजलि का ह्लमहाभाष्याधायीह्न का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था। अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें। मैं यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो ।समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो ॥सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोक उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं। शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया। सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये। स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नही हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरण देते रहते थे। राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रुपए प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा।

# युवाओं के प्रेरणास्रोत है स्वामी विवेकानंद

**योगेश कुमार गोयल**

वर्तमान परिवेश में समाज में चारों तरफ अपराधों तथा भ्रष्टाचार का जो मकड़जाल फैल चुका है, वह घुन बनकर न सिर्फ देश को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है बल्कि युवा वर्ग भी भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के इस दूषित माहौल में हताश व निराश है। ऐसे में युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर लोगों में क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरू इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया था और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था लेकिन आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरूषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न



के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में अपनी एक विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे।

स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मनोमस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने ह्यमेरे अमेरिकी भाइयों और बहनोंह्न के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए।

स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और आदर्श व्यक्ति्व के धनी थे, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। विवेकानंद सदैव कहा करते थे कि उनकी आशाएं देश के युवा वर्ग पर ही टिकी हुई हैं। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में स्वामी जी अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 12 जनवरी, 2025



## दरियापुर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

प्रातः किरण, संवाददाता

दरियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बनवारीपुर गांव से पुलिस ने एक बोलेरो से 133 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है।हालांकि पुलिस की भनक लगते ही शराब कारोबारी फरार हो गया।पुलिस ने उसकी पहचान बनवारीपुर के स्व लड्डू राय के पुत्र अरुण राय के रूप में की है।ज्ञात हो कि शुक्रवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बनवारीपुर में एक व्यक्ति के यहां एक बोलेरो से अंग्रेजी शराब उतारी जा रही है।सूचना मिलते ही पुअनि प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम वहां पहुंच गई।पुलिस को देखते ही कारोबारी फरार हो गया।

पुलिस ने जब बोलेरो की तलाशी शुरू की तो उस पर भारी मात्रा ने अंग्रेजी शराब मिली।पुलिस ने बोलेरो को जप्त कर लिया और थाने पर लाया।फिर शराब की जांच शुरू की गई। थानाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने बताया कि बोलेरो से कुल 133 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। कारोबारी अरुण राय की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# दोषी पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध एसपीडी ट्रायल चलाकर दी जाएगी सजा :एसपी

**एसपी ने मकेर थाना अध्यक्ष के विरुद्ध की बड़ी कार्रवाई, लिया गया हिरासत में**

**32 लख रुपए सकुशल हुआ बरामद, ड्राइवर की गिरफ्तारी को ले की जा रही छापेमारी**

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा । मकेर थाना अध्यक्ष द्वारा वाहन चेकिंग का बहाना कर एक व्यक्ति की गाड़ी से रुपए से भरा थैला लेकर अपने गाड़ी में रखकर ले लिए जाने के मामले में सारण एसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस पदाधिकारी को हिरासत में ले लिया गया है, इस मामले में चालक अनिल कुमार सिंह की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी की जा रही है ' उक्त बातें सारण के पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही ' पुलिस अधीक्षक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नगर थाना के अंतर्गत रौजा निवासी स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता के पुत्र रोहन कुमार के बयान के आधार पर मकेर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसकी प्राथमिक की संख्या 05/25 है ' घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसपी ने कहा कि रोहन कुमार कारोबार के सिलसिले में 64 लाख रुपए लेकर रेवा घाट रोड होकर मुजफ्फरपुर जा रहे थे ' इसी क्रम में मकेर थाना गाड़ी का पीछा कर ओवरटेक करते हुए, रोहन कुमार की गाड़ी को रोक लिया गया । एसपी ने यह भी बताया शराब की सूचना होने की बात कह कर कर गाडी को चेक की गई ' इस दौरान गाड़ी में एक थैला में रखे 32 लख रुपए लेकर मकेर थाना अध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक रविरंजन कुमार ने अपने गाड़ी में रख लिया ' एसपी कुमार आशीष ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि रोहन कुमारऔर उनके साथियों को थाना अध्यक्ष द्वारा गांव में ले गए और धमकी देते हुए बोला गया कि तुम लोगों को गाजा और शराब के केस में फंसा देंगे, मकेर थाना अध्यक्ष ने 32 लाख रुपए रखकर थैला वापस कर दिया गया । घटना के संबंध में पुलिस कप्तान की जानकारी मिलते हीं इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले को मढ़ोरा डीएसपी से जांच कराई गई,तथा जांच उपरांत घटना सत्य पाए जाने पर इस मामले में मकेर थाना अध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक रविरंजन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए हिरासत में ले लिया गया है,तथा विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई है ' पुलिस अधीक्षक के अनुसार वाहन चालक अनिल कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है '

इस मामले में बीए.एन.एस. का अनुसंधान प्रारंभ करते हुए 32 लख रुपए सकुशल बरामद कर लिया गया है ' पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दोषी पुलिस पदाधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई संचालित कराकर कठोर से कठोर सजा दी जाएगी।

# अविलम्ब शुरू कराए मीना बाजार के पास सार्वजनिक शौचालय निमार्ण:गरिमा

**शिलान्यास के एक साल बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाने पर संवेदक पर सख्त हुई महापौर**

**बीते वर्ष ही टांगा स्टैंड परिसर में महापौर ने किया था 9.04 लाख से स्वीकृत 12 सीट वाले शौचालय का शिलान्यास**

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया। मीना बाजार क्षेत्र के समीपवर्ती टांगा स्टैंड के पास शिलान्यास के एक साल बाद भी निर्माण शुरू नहीं हो पाने पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने नाराजगी जताई है। इसको लेकर स्थानीय दुकानदारों से मिली शिकायत एवं मीना बाजार में आ रही महिलाओं की परेशानी को देखते हुए शनिवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह, साइट इंचार्ज अभियंता सुजय सुमन,सफाई निरीक्षक जुलुम साह और स्थानीय वार्ड 15 नगर पार्षद आफरीना खातून के पति ओबैद अहमद और 17 के नगर पार्षद रोहित कुमार सिकारिया के साथ पहुंची महापौर ने संवेदक से कहा कि अविलम्ब निर्माण कार्य हर हाल में शुरू करें।

महापौर श्रीमती सिकारिया ने मौके पर मौजूद नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह से कहा कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण की यह लंबित योजना उनके पूर्ववर्ती नगर आयुक्त के समय की है। चूकि मीना बाजार में कोई अन्य शौचालय कार्यरत नहीं है, इसलिए आमजन की कठिनाई को देखते हुए मीना बाजार में शौचालय निर्माण अति आवश्यक है। नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बीते वर्ष ही महापौर के द्वारा 9.04 लाख से स्वीकृत 12 सीट वाले शौचालय का शिलान्यास होने को मेरे संज्ञान में नहीं लाए जाने से निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### संतपुर साइफन पर अनियंत्रित बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर चंपापुर लाइफ लाइन दोन नहर मार्ग स्थित संतपुर साइफन के पास तीखे मोड़ पर अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।जिसमे ढंगरहिया निवासी बाइक सवार वीरेंद्र शर्मा बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें हरनाटांड़ बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बतादें की संतपुर के समीप इस साइफन तीखे मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है।

### धर्म परिवर्तन शिविर पर पुलिस प्रशासन ने लगाई रोक

बगहा।बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित चंपापुर गोनौली पंचायत के चंपापुर गांव में चल रहे झाड़फूंक की आड़ में धर्म परिवर्तन शिविर को स्थानीय पुलिस ने बंद करवा दिया है।स्थानीय लोगों ने झाड़फूंक के इस शिविर का विरोध किया और स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी। बतादें की झाड़फूंक के नाम पर ना समझ आदिवासियों को गुमराह कर धर्म परिवर्तन का खेल खेला जा रहा है। इस बात की शिकायत स्थानीय थाना वाल्मीकिनगर को लोगों ने दी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि चंपापुर के उक्त स्थल पर पहुंच के आयोजक कताओं को झ-ाड़फूंक के किसी भी इवेंट्स पर रोक लगा दी है। बतातें चलें कि लक्ष्मीपुर, सिरिसिया,चंपापुर समेत अन्य जगहों पर पर इस तरह के धार्मिक आयोजन की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल खेला जा रहा है।

### चोरी की तीन बाईक के साथ दो गिरफ्तार, गए जेल

बनियापुर। सहाजितपुर थाना क्षेत्र के पिपरपाती गाव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो लोगो को तीन चोरी की मोटरसाइकिल रखने इस्तमाल करने के आरोप मे मोटरसाइकल जप्त करते गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना के पुअनि लाल बहादुर पासवान के बयान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है, गस्ती के क्रम मे गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पीपड़पाती गाव मे अमित कुमार पिता विनोद कुमार चोरी का मीटरसाइकिल रखे हुए है जहा पहुंच सत्यापन करने पर साबित हुआ उक्त पकड़ा गया,जिसके निशानदेही पर एक अन्य हरेश कुमार पिता जगदेव महतो के यहां दो बाईक चोरी की पकड़ी गयी,जो एकमा से वर्ष 2021 मे चोरी हुई थी आरोपितो ने तीनो मोटरसाइकील मे किसी का कोई कागजात नही प्रस्तुत किए तीनो बाईक चोरी की साबित हुई,दोनो आरोपियों को तीन बाईक जप्ति के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### सेहत संवाद का हुआ आयोजन, देश पर चर्चा

छपरा कार्यालय।शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस को दृष्टिगत रखते हुए सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना, राजेंद्र कॉलेज छपरा के संयुक्त तत्वावधान में ह्लस्वामी विवेकानंद के विचार और विकसित भारत में युवाओं की भूमिकाह्न पर चर्चा और सेहत संवाद का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया । उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचार भारतीय समाज और संस्कृति के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारे समाज और युवाओं को मार्गदर्शन देती हैं। स्वामी विवेकानंद का विश्वास था कि युवा शक्ति, साहस और आत्मनिर्भरता से ही किसी राष्ट्र का भविष्य उज्जवल हो सकता है। उनके अनुसार, ह्लउठो! जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

# वन विभाग और ग्रामीणों के बीच चल रहे गतिरोध को खत्म कराने के लिए हुआ बैठक रहा बेनतीजा



प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।पिछले तीन दिनों से स्थानीय ग्रामीणों और वन विभाग के बीच वन जमीन के अतिक्रमण को लेकर चल रहे गतिरोध को लेकर गोनौली वन कार्यालय परिसर में बैठक हुई। इस बैठक में वन खाली पड़े जमीन पर पीसीसी मंच बने वन विभाग के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने पर विवाद शुरू हुए मामले को गोनौली वन कार्यालय में बैठक में विचार विमर्श स्थानीय गणमान्य लोगों के बीच हुई है।बतादें की कटहरवा के समीप खाली पड़े जमीन पर थरुहट के 52 गांवों के लोग 8 जनवरी को थारू आदिवासी मेला का आयोजन हर वर्ष किया जाता रहा है। इस मैदान पर इस वर्ष सांस्कृतिक आयोजन के लिए मंच तैयार किया गया था।

जिसे वन विभाग ने अतिक्रमण मान उस नव निर्मित मंच को तोड़ दिया ।जिसके बाद विवाद उत्तपन्न हो गया। इस बैठक में ग्रामीणों के द्वारा मांग की गई कि तोड़े गए स्ट्रक्चर को पुनः वन विभाग द्वारा बनाया जाए और थाने से केस वापस लिया जाए तब आगे वार्ता होगी। वहीं सीएफ स्टॉलिन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है।हम परमानेंट स्ट्रेक्चर निर्माण करने नहीं देंगे।

वन की भूमि पर वन से सम्बंधित ही कार्य किए जाएंगे।बुहत जल्द वन की खाली पड़ी जमीन पर योजना की तहत कार्य किए जाएगें।बहरहाल वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों की बैठक बे नतीजा रही।इस बैठक में सीएफ फेडरल स्टॉलिन,रेंजर राजकुमार पासवान,संलग्न रेंजर श्याम कुमार पांडे,महेश्वर खजी,महेश्वर महती,पारस महती,संतपुर सोहरिया के मुखिया प्रतिनिधि, राजेश काजी आदि लोग शामिल हुए।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बिहार सरकार के मंत्री के अध्यक्षता में लिया गया निर्णय

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी छपरा के मुख्य कार्यालय में संगठन महापर्व हेतु बैठक आयोजित हुई, बैठक की अध्यक्षता संगठनात्मक चुनाव हेतु आए हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री जनक चमार जी ने प्रदेश महामंत्री श्री जगन्नाथ ठाकुर, प्रदेश मंत्री श्री संतोष रंजन जी, चुनाव प्रभारी संजय गुप्ता के उपस्थिती में किया, संगठन महापर्व में जिला अध्यक्ष चुनाव में जिले के सभी मां विधायकगण मां पुर्व विधायक पूर्व अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण, निवर्तमान मंडल अध्यक्षगण, सभी वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे संचालन महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया

बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्रों पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम के साथ शुरूआत की गई, संगठन महा पुर पर उपस्थित बैठक में विषय वस्तु को रखते हुए प्रदेश के मंत्री संतोष रंजन जी ने बताया की संगठनात्मक दृष्टि से सारण जिला को संगठन की मजबूती के लिए दो भागों में बांटा गया है जिसमें पूर्वी एवं पश्चिमी है, उन्होंने विस्तार से संगठन महा पर्व में प्राथमिक सदस्यता सक्रिय संस्था बूथ अध्यक्षों का चुनाव मंडल अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला अध्यक्ष हेतु सारन जिला के दोनों क्षेत्रों से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ के बाद सभी उपस्थित नेताओं ने एवं मंडल अध्यक्षों तथा प्रतिनिधियों से राय मांगी तथा बैठक में सभी ने ध्वनि मत से सर्वसम्मति से छपरा में रणजीत कुमार सिंह को पुनः जिला अध्यक्ष के दायित्व देने एवं पश्चिम में पुराने कार्यकर्ता अनुभवी बृजमोहन सिंह को अध्यक्ष का दायित्व देने की घोषणा बिहार सरकार के मंत्री भाजपा नेता माननीय जनक के चमार जी ने की सब सम्मति से की उपस्थित सभी मंडल अध्यक्ष एवं नेताओं ने इस फैसले पर हर्ष व्यक्त किया जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह पुनः एक बार फिर भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष का दायित्व दिए जाने पर प्रदेश नेतृत्व माननीय नेताओं मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने पुणे इस दायित्व के निर्वहन के लिए मुझे चुनाव और निश्चित थी 2025 में सारण में भाजपा मजबूत हो एनडीए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव जीते इसके लिए मैं प्रयासरत रहूंगा वही छपरा पश्चिम के जिला अध्यक्ष के दायित्व मिलने पर बृजमोहन सिंह ने कहा कि मैं आभार व्यक्त करता हू प्रदेश नेतृत्व का और अपने नेताओं का जिन्होंने इस दायित्व के लिए मुझे चुनाव मैं लंबे समय से भाजपा के विभिन्न पदों का दायित्व का निर्माण किया है ।बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक तरैया विधायक जनक सिंह जी, पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह,विधायक डॉ सीएन गुप्ता , बिधान पार्षद ई सचितनानन्द राय आदि मौजूद थे।

# कौरुधौरु पैक्स के चौथी बार अध्यक्ष बने वीरेन्द्र सिंह

प्रातः किरण, संवाददाता



माँझी। मांझी प्रखण्ड के कौरुधौरु पैक्स के अध्यक्ष पद के चुनाव में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मिथिलेश कुमार उर्फ मुन्ना सिंह को 473 वोटों से हराकर लगातार चौथी बार बम्पर जीत दर्ज की। शुक्रवार की शाम सात बजे तक चले मतदान के बाद मतगणना रात भर चली और समर्थक कड़ाके की ठंड में भी पूरी रात प्रखण्ड मुख्यालय पर जमे रहे। शनिवार को सुबह छह बजे तक चली मतगणना की समाप्ति के बाद बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी रंजीत सिंह ने श्री सिंह को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। सम्पन्न चुनाव में विजेता निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह को कुल 889 मत तथा उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मिथिलेश कुमार उर्फ मुन्ना सिंह को 313 मत मिले। सम्पन्न चुनाव में श्री सिंह द्वारा प्रस्तावित सदस्य पद के सभी प्रत्यासी भी चुनाव जीतने में सफल रहे। जीत का प्रमाण पत्र मिलने के बाद उत्साहित कार्यकताओं ने प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बजरंगबली की पूजा अर्चना करने के बाद श्री सिंह को फूलमाला पहनाकर गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में उन्हें उनके घर धनी छपरा तक ले गए। चुनाव में जीत से उत्साहित श्री सिंह ने कहा कि पैक्स से जुड़े मतदाताओं तथा किसानों के सम्मान एवम स्वाभिमान के संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाने के साथ साथ उन्हें सभी सरकारी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का वे हरसम्भव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कौरुधौरु पैक्स का चुनाव स्थगित कराकर उनको हतोत्साहित करने तक का भी प्रयास किया गया। बावजूद पँचायत क्षेत्र के मतदाताओं ने उनके समर्थन में जबरदस्त तरीके से मतदान करके हमारा मनोबल बढ़ाया है।

# 17 को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का होगा आयोजन

**नियोजन कैम्प में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा केंद्र मैनेजर पद पर 400 वैकेंसी के विरुद्ध किया जायेगा पात्र लोगों का चयन**

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सहायक निदेशक (नियोजन) अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के द्वारा दिनांक-17 जनवरी 2025 को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन नियोजन कार्यालय , छपरा में किया जाएगा। इस नियोजन कैम्प में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा केंद्र मैनेजर पद पर 400 वैकेंसी के विरुद्ध पात्र लोगों का चयन किया जायेगा।

रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी इस नियोजन कैम्प में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

नियोजन कैम्प में भाग लेने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण रखा गया है तथा आयु सीमा 19-29 वर्ष होनी चाहिये। वेतन 15200 रुपये + ळअ+ऊअ+इंसेंटिव होगा। जॉब लोकेशन समूर्ण बिहार होगा।

नियोजन कैम्प में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन नियोजनालय में हो।नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाईन कर दी गयी है जो कि भारत सरकार के पोर्टल (६६६.ल्लू२.ॅङ्ग५.ल्ल) के माध्यम से होता है। कोई भी अभ्यर्थी घर बैठे अपना निबंधन इस पोर्टल के माध्यम से कर सकता है। साथ ही अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा कार्यालय में भी ऑनलाईन निबंधन हेतु संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपना नियोजनालय निबंधन इस पोर्टल पर आवश्यक रूप से करा लेंगे। नियोजन कैम्प में भी ऑनलाईन नियोजनालय निबंधन की व्यवस्था रहेगी।

# सांसद रूड़ी के प्रयासों से बड़ी उपलब्धि अमनौर में नया पावर ग्रिड बनने का रास्ता साफ

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय । सारण जिले को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ी सफलता मिली है। स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी के सतत प्रयासों से अमनौर अंचल के मौजा अरना में 400/220/132 ङश्ऋ ग्रिड उपकेंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बिहार सरकार ने इस परियोजना के लिए मौजा अरना की 30 एकड़ भूमि को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 6,00,75,000/- (छह करोड़ पचहत्तर हजार रुपये) के भुगतान पर सशुल्क स्थायी हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि में सलामी और पूंजीकृत मूल्य शामिल हैं। शुक्रवार को बिहार सरकार ने कैबिनेट बैठक में इसकी मंजूरी दी है।



सारण जिले में बिजली खपत को 280 मेगावॉट से बढ़ाकर 500 मेगावॉट तक के लिए तैयार किया जा रहा है। यह पहल सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जो आने वाली पीढ़ियों और औद्योगिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना ला रहे हैं। सांसद रूडी के पांच वर्षों के प्रयास से शुरू हुई यह परियोजना क्षेत्र को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएगी। सारण, बिहार का अग्रणी जिला, न केवल सबसे अधिक बिजली खपत करता है बल्कि उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिल भुगतान और पीएसएस एवं ट्रांसफार्मर की उपलब्धता में भी अग्रणी है। इससे जनता का सांसद पर विश्वास और मजबूत हुआ है। इस योजना को साकार करने के लिए सांसद श्री रुडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा और ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी ने इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए पिछले 5 वर्ष से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ऊर्जा विभाग और बिहार सरकार के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद और बैठकें कीं। उन्होंने मुख्य सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर इस परियोजना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। अंततः उनके प्रयास सफल रहे और यह स्वीकृति प्राप्त हुई।

इस संदर्भ में सांसद श्री रूडी ने कहा कि यह परियोजना सारण के विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ग्रिड उपकेंद्र के निर्माण से बिजली आपूर्ति की स्थिरता और गुणवत्ता में सुधार होगा। यह न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि किसानों और उद्योगों के लिए भी लाभकारी साबित होगा।

सांसद ने इस पहल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के दृष्टिकोण को साकार करने का एक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से सारण जिले में बिजली की समस्या दूर होगी, साथ ही रोजगार और विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने राज्य सरकार और संबंधित विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि यह पहल सारण को विकास और प्रगति की नई दिशा में आगे ले जाएगी।

## नौतन के दक्षिणी तेलहुआ में मनरेगा योजना में 1 ही पुरानी फोटो के सहारे 2 योजनाओं की दर्ज की जा रही फर्जी हाजरी

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया।मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी चंपारण जिले के नौतन प्रखंड में मनरेगा योजना में मजदूरों की ऑन लाइन हाजिरी के दौरान बड़े पैमाने पर मनमानी बरती जा रही है।प्रखंड के दक्षिणी तेलहुआ पंचायत में ऑनलाइन हाजिरी में मजदूरों की एक ही पुरानी और धुंधली फोटो को 2 अलग अलग योजनाओं में अपलोड कर हाजिरी दर्ज कराई जा रही हैं। इतना ही नहीं बताया जाता है कि कागजों में फर्जी कर भुगतान भी किया जा रहा है।

प्रखंड के दक्षिणी तेलहुआ पंचायत में मनरेगा योजना सेह्लवार्ड 15 में बांध मिट्टी भराई सह जीर्णोद्धार कार्य योजना में दिनांक 11/1/25 को जिस फोटो को अपलोड करके हाजरी बनाई गई है फिर उसी फोटो को पंचायत के ही दूसरी अन्य योजना विश्वनाथ राय के खेत से तेजनारायण राय के खेत तक बांध में मिट्टी भराई योजना में भी ठटटर में डालकर हाजरी बनाई गई है।यानी 1 फोटो से ही 2 अलग अलग योजनाओं मे कुल 101 मजदूरों की फर्जी हाजरी हर रोज बनाई जा रही है। वही सूत्र बतातें है कि ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी हाजरी का यह खेल मनरेगाकर्मी की मिली भगत से चल रहा है।और फर्जी हाजरी पर ही लाखों का भुगतान भी हो रहा है।

# खुशियों से भर गया दो दम्पतियों का घर

**दत्तक ग्रहण संस्थान बेतिया में रांची एवं गया के दो दम्पतियों को सौंपा गया बालक**

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बेतिया में दत्तक ग्रहण को उत्सव के रूप में मनाते हुए, दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत जिलापदाधिकारी महोदय के आदेशानुसार बालक मृत्युंजय कुमार को रांची झारखंड के दंपति एवं बालक अभिनव प्रकाश को गया बिहार के दंपति को सहायक निदेशक ब्रजभूषण कुमार द्वारा दिया गया।

बच्चे को दत्तक ग्रहण में देते समय बाल संरक्षण पदाधिकारी अजय पासवान एवं समन्वयक ब्रजेश कुमार पटेल सहित सभी कर्मी उपस्थित थे। बेतिया से बच्चे को गोद लेने के उपरांत दत्तक ग्राही माता पिता ने कहा कि



उनका घर आज खुशियों से भर गया।

दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन है। कोई दत्तक ग्राही माता पिता केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण (सारा) के पोर्टल पर पंजीकरण कर गोद लेने की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके लिए एक फोन नंबर, पैन कार्ड तथा ई मेल आईडी की आवश्यकता होती है। इसके उपरांत नजदीकी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा दत्तक ग्राही माता पिता का होम स्टडी रिपोर्ट तैयार किया जाता है। इस पोर्टल पर दत्तक ग्राही माता पिता अपनी एलिजिबिलिटी चेक कर सकते हैं। इस वेबसाइट के अतिरिक्त किसी व्यक्ति, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम से बच्चा गोद लेना गैर कानूनी है। जिला अंतर्गत गोद लेने हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है। किसी परित्यक्त बच्चे के प्राप्त होने के उपरांत बच्चे को 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने तथा कारा के वेबसाइट पर 24 घंटे के अंदर पंजीकरण करने का प्रावधान है। इसके उपरांत बच्चे का विज्ञापन प्रकाशित कर कोई दावेदार नहीं होने की स्थिति में बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त करने का प्रावधान है।

## निजी स्कूल में छात्र शाहिल के मौत पर परिजनों ने किया हंगामा,स्थानीय विधायक की जुबान हुई स्लिप

बगहा। बगहा के चौतरवा के नीजी स्कूल में छात्र साहिल की मौत के बाद कल अनुमंडल अस्पताल में शव के साथ हंगामा कर लोगों नें बवाल काटा । इस दौरान घटना की सूचना पर एसडीपीओ के साथ पहुँचे बीजेपी सदर विधायक राम सिंह ने तनावपूर्ण माहौल के बीच दोषी पर कार्रवाई की जगह निर्दोष को बख्शा नहीं जायेगा बोल गए जो स्लीप टोन था, लिहाजा बीजेपी राम सिंह विधायक नें प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बगहा के लोगों से क्षमा मांगी है और विधायक नें कहा है की मासूम छात्र की मौत पर मैं बेहद तनाव में आ गया था और लोगों के गुस्सा व विरोध को लेकर दोषी की जगह निर्दोष बोल गया, मेरी यह कतई मंसा नहीं है की दोषी बचें और निर्दोष फंसे । बिहार में एनडीए की नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन सरकार है हर हाल में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होंगी इसका उन्होंने बगहा की जनता को भरोसा दिलाते हुए आश्वस्त किया है।बतादें की आरजेडी एमएलसी विनोद जायसवाल समेत सोशल साइट्स पर बीजेपी विधायक के इस बयान के वायरल होनें पर पार्टी समेत शासन की जमकर किरकिरी हुईं है लिहाजा विधायक को मीडिया में आकर अपने स्लीप टोन का हवाला देकर जनता से माफी मांगनी पड़ी ।

## तेजस्वी यादव ने एनडीए डबल इंजन सरकार पर करारा हमला किया

बगहा। बगहा पहुँचे कार्यकर्त्ता दर्शन यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने, एनडीए की डबल इंजन सरकार पर करारा हमला बोला। एक ओर तिरुपति चीनी मिल प्रांगण में दिव्यांग जनों के बीच पहुँचे तेजस्वी ने ट्राई साईकिल,व्हिल चेयर और बैशाखी का वितरण किया। दूसरी ओर आप नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल नें बिहार वासियों को कोई गाली नहीं दी एडिसन वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने को लेकर था।बतादें की बगहा से एनडीए की आगामी 15 जनवरी से कार्यकर्त्ता मेला पर तंज कस्ते हुए तेजस्वी नें कहा की वे लोग कार्यकर्त्ता मेला लगाए और मैं रोजगार मेला लगाऊंगा मेरे रोजगार मेला की उनसे कोई तुलना नहीं है।शहर के श्याम सिनेमा हॉल प्रांगण में पार्टी कार्यकताओं को जरूरी टिप्स दिये।

## जनता दरबार में दो मामले का हुआ निष्पादन

इसुआपुर । थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में दो मामले आए। जिसमें दोनों मामले का निष्पादन दोनों पक्षो ने आपसी मतभेद भुलाकर सुलह समझौता कर लिया। पहला मामला उसुरी कला गांव के ललिता देवी तथा रामेश्वर राय के बीच था। वहीं दूसरा मामला इसुआपुर गांव के बीबी इमरातन खातून तथा मुन्ना कुरैशी के बीच बरसों से लंबित जमीनी विवाद था। मौके पर सीओ करुण करण, थानाध्यक्ष कमल राम तथा राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय थे।

## एसबीआई प्रबंधक ने अपने हाथो भूखों को खिलाया खाना

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर के द्वारा अन्नपूर्णा-खिचड़ी वितरण समारोह में एसबीआई प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा अपने हाथों से गरीबों एवं भूखों को भोजन कराया गया साथ ही उन्होंने गरीबों को सहयोग करने की बात की क्लब एडमिस्टेटर एस जेड ए रिजवी ने बताया की हर हफ्ते शनिवार को एक बजे दिन में दावत रेस्टुरेंट के सामने लगभग 200 गरीबों को खाना खिलाया जाता है। इस मौके पर छपरा विभूति नारायण शर्मा, राजेश कुमार आदि रहे मौजूद ।

## इस विद्यालय के विकास के लिए जितना सम्भव होगा संघर्ष करूंगा: शिवप्रकाश रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। राजकीय अंबेडकर आवासीय बालक उच्च विद्यालय मौलाबांग आ-रा भोजपुर के छात्र रह चुके अगिआंव विधायक शिवप्रकाश रंजन का सम्मान समारोह हुआ । जहां विधायक के साथ साथ पहले से पास आउट छात्रों का भी सम्मानित किया गया जिसमें शिवशंकर राम, , राजू राम , कमलेश , अम्बेडकर छात्रावास के छात्र प्रधान सियाकानत बैठा शामिल थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी संगीता प्रिंसिपल ने किया।

विदित हो कि अगिआंव विधायक शिवप्रकाश रंजन इसी विद्यालय के छात्र रहें हैं। उनकी प्राथमिक से लेकर हाई स्कूली शिक्षा इसी विद्यालय से हुई है। उन्होंने इसविद्यालय में बेहतर व्यवस्था के लिए संघर्ष किया और इसी से छात्र संगठन आइसा के नेता बने। इस मौके पर बोलते हुए कहा कि जीवन मे बेहतर शिक्षा के लिए संघर्ष ही एक मात्र रास्ता है।

उन्होंने अपने संघर्ष की बात करते हुए कहा कि जब छात्र थे तो भी विद्यालय के लिए संघर्ष किया और आज भी इसके लिए संघर्षत रहूंगा। उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अतंर्गत छात्राओं के साथ जिला पदाधिकारी का संवाद कार्यक्रम आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अतंर्गत समाहरणालय में +2 उच्च विद्यालय, चौखण्डी, सासाराम के छात्राओं के साथ जिला पदाधिकारी का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम के पूर्व सभी छात्राओं को जिला प्राग्राम पदाधिकारी, कउउ्र के द्वारा समाहरणालय स्थित सभी कार्यालयों का भ्रमण कराया गया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। छात्राओं के द्वारा महिलाओं के सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा क्या सुविध उपलब्ध करायी जा रही है से संबंधित सवाल पूछे गये। इस संबंध में संवाद कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं के कानुनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा भी पुलिस सहायता के लिए आपातकालिन नम्बर-112 एवं महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित महिला हेल्प लाईन नम्बर-181 को हमेशा याद रखने का सलाह दी गई। और आश्यकता पड़ने पर इन नम्बरो को इस्तेमाल करने का सुक्षाव भी दिया गया। वर्तमान समय में बच्चियां अच्छा कर रही है इसलिए आप सभी को कठोर परिश्रम, दृढ़ निश्चय, शिष्टाचार और गिर के उठने का साहस के साथ अपने सपने को पूरा करने के लिए प्रयास करना चाहीए। तभी आप जीवन में सफल होंगीं। अन्त में जिलाधिकारी ने सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दीं।

इसमौके पर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, डेहरी एंव बिक्रमगंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास, महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास, सासाराम के नोडल पदाधिकारी रीना श्रीवास्तव एवं जिला परियोजना प्रबंधक रवि प्रकाश सिंह उपस्थित रहें।

## डंप किये गये कचड़ा में लगी आग दूषित वातावरण से लोग परेशान



प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी के जमुआ पेट्रोल पंप के पास डंप किये गये कचरा में शनिवार को सफाई कर्मियों ने आग लगा दी। इस कचरे से निकलने वाला जहरीला धुआं मोहल्ले में फैल रहा है। जिससे लोगों का जीना दूभर है गया है। नगर के 12 वार्डो से निकले कचरा डंपिंग यार्ड नहीं होना लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने दो वर्ष हो गया, लेकिन कचरा प्रबंधन की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सका है। अभी भी कचरे के डंपिंग की स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है। डंपिंग ग्राउंड के अभाव में नगर के 12 वार्डों से निकलने वाले कचरे को सफाईकर्मी एनएच 120 बिक्रमगंज- नासरीगंज जमुआ पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग के किनारे व यत्र-तत्र डंपिंग कर रहे है। इसमें गीला कचरा भी है। एक ओर इससे निकल रही दुर्गंध के कारण लोगों का वहां से गुजरना मुश्किल हो रहा है वहीं लोग खतरनाक बीमारियों की चपेट में आ रहे है। लेकिन नपं को इस पर कोई ध्यान नहीं है। नगर से निकले कचरे को एनएच पर डंप किये जाने के बाद उसे जला दिया जाता है। जलाने से कचरे से जहरीला धुंआ निकलता है। जो पर्यावरण के दृष्टिकोण से काफी हानीकारक होता है। बावजूद इसके नपं कर्मियों द्वारा धड़ल्ले से कचरा जलाया जा रहा हैं। पूरे नगर का कचरा यहीं डंप किया जाता है। जिससे महीनों से जमा कचरा के दुर्गंध से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। एक तरफ डेंगू के डंक से बचाने के लिए विभाग की ओर से नगर पंचायत को जगह-जगह फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव का निर्देश दिया गया है। वहीं सड़क के किनारे कचरा की ढेर संक्रमण को न्यौता दे रहा है।

स्वच्छता पदाधिकारी मोइन ने बताया कि कचरा डंपिंग यार्ड बनाने के लिए सरकारी से जमीन उपलब्ध नहीं हुआ है। जमीन मिलते ही डंपिंग यार्ड बनाने की कार्य किया जायेगा।

## कड़ाके की ठंड में ग्यारहवें दिन जरूरतमंद लोगों के बीच बांटा गया कम्बल

■ सेवा करने से मिलती है खुशी: सोनाली सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



बड़हरा। सम्पूर्ण बड़हरा मेरा परिवार और मैं बड़हरा की बेटी हूं और लोगों का अपार स्नेह और आशीर्वाद मुझे प्राप्त होता रहे ।इससे बड़ी खुशी मेरे लिए कुछ नहीं है ।उक्त बातें बड़हरा विधानसभा की चर्चित समाज सेविका सोनाली सिंह ने एक कंबल एक मुस्कान अभियान के तहत लोगों को कंबल वितरण करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि कहीं कड़ाके की ठंड एवं तापमान में लगातार हो रहे गिरावट के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही सोनाली सिंह जी और युवा सवाज सेवी अमित भारद्वाज के टीम के द्वारा बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी गुण्डी एवं पश्चिमी गुण्डी इसके साथ कल बबुरा पश्चिमी पंचायत के बड़ी दुर्गा भवन शिव मंदिर के पास कंबल वितरण किया गया और बबुरा पूर्वी पंचायत के बिंदटोली में समुदायिक भवन के पास फुहा मे भी लगभग 2000 ग्रामीण के बीच कंबल वितरण किया गया ।वही बबुरा के बड़ी दुर्गा मंदिर के समीप भी टीम सोनाली सिंह के द्वारा हजारों ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज सेवा उनको विरासत में मिली है और मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इसलिए वह सेवा भाव से काम कर रही है और बड़हरा के लोगों के हर सुख दुख में शामिल रहेंगे। वही इस ठंड के मौसम में कंबल पाकर लोग काफी खुश दिखे और लोगों ने सोनाली सिंह समेत अन्य लोगों को इसके लिए धन्यवाद दिया। इस कंबल वितरण समारोह में उपस्थित लोगों में संजय जी मुखिया बबुरा पश्चिमी पंचायत रंजय जी बबुरा पूर्वी पंचायत मुखिया राममेश्वर राम जी बब्लू जी गोलू अमित नंदन सुमन जी जय कुमार पांडे , रामकुमार सिंह, गोविंद कुमार यादव, फूल कुमारी देवी, राजन कुमार सिंह, दीपक कुमार समेत पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## स्वर्गीय पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की जन्म जयंती पर रेड क्रॉस में किया गया रक्तदान कार्यक्रम




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा में 5 जनवरी को स्वर्गीय पूर्व उपमुख्यमंत्री श्रद्धा श्रद्धये सुशील कुमार मोदी के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर लेकर भोजपुर जिला में साप्ताहिक कार्यक्रम को लेकर छठवा दिन रेड क्रॉस में रक्तदान महादान का कार्य किया गया का कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष दुगार्राज ने किया ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन , संदेश विधानसभा के संयोजक राम दिनेश यादव, गजराजगंज मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र जी,संतोष चंद्रवंशी,प्रतीक चंद्रवंशी , कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक संजय सिंह , संतोष तिवारी, सोशल मीडिया के जिला संयोजक संजय सिंह,राहुल चंद्रवंशी, अरविंद यादव, अंकित सिंह,विकाश कुमार, शंभू यादव, भिखारी सिंह,रेड क्रॉस समिति की सचिव विभा जी, निर्मल सिंह और बहुत से लोग उपस्थित थे इस कार्यक्रम के संयोजक निशांत सिंह सेंगर ।जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा अरिहंत विजय जैन ने दी।

## 14 जनवरी को होगा बिहार राज्य सीनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता

■ मेजबान रोहतास के अलावा पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर और औरंगाबाद की टीम दिखाएगी अपना श्रेष्ट प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । बिहार राज्य का कबड्डी संघ के तत्वावधान एवं संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह के देख रेख मे रोहतास जिला कबड्डी संघ के द्वारा एक दिवसीय बिहार राज्य जोनल सीनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी दिन मंगलवार को स्थानीय न्यू स्टेडियम फजलगंज स्थित कबड्डी कोर्ट मे आयोजित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी रोहतास जिला कबड्डी संघ की सचिव दिव्या कुमारी ने दिया। संघ के अध्यक्ष डॉ अलोक कुमार तिवारी, निदेशक आर्ष मल्टी स्पेशलिटी नर्सिंग होम ने बताया की इस प्रतियोगिता मे मेजबान रोहतास के अलावा पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर और औरंगाबाद की टीम भाग ले रही है।

इस प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम 18 जनवरी से बेगूसराय मे आयोजित राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मे भाग लेगी। जिला कबड्डी संघ के संरक्षक रवि भूषण पाण्डेय ने बताया की प्रतियोगिता का प्रवेक्षक जय शंकर चौधरी, कोषाध्यक्ष बिहार राज्य कबड्डी संघ, समन्वयक मनोज कुमार शारीरिक शिक्षा शिक्षक को बनाया गया है तथा तकनिकी समन्वयक दिलीप कुमार (कोच) को बनाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र के कंचन टोला के पास से शनिवार को दोपहर 2 बजे अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है, जबकि चालक भागने में सफल र-हे। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार केक्षनिर्देश पर बालू के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जांच शुरू किया गया। जिसमें कंचन टोला के पास से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया, जबकि दोनों ट्रैक्टर के चालक पुलिस की गाड़ी को आते देख कंचनटोला के पास गाड़ी छोड़ कर भाग गए। पुलिस गाड़ी को जब्त कर थाने लाई। इस संबंध में चालक और ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विभागीय अधिकारी को रिपोर्ट भेज दिया गया है। जब्त ट्रैक्टर को पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

### सब्जी से भरी पिकअप पलटी व्यापारी व चालक जख्मी

करगहर (रोहतास)। थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ में जलालपुर गांव के समीप शनिवार को सब्जी से भरी पिकअप सड़क पर पलट गई । इस घटना में चालक व व्यापारी वाहन में दब गए । जिन्हें ग्रामीण ने काफी प्रयास कर बाहर निकाला तथा तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया । प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए दोनों को सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि कंपटियां निवासी चालक सोनू कुमार सिंह सासाराम से एक पिकअप पर सब्जी लोड कर करगहर आ रहे थे कि जलालपुर गांव के समीप यांत्रिक गड़बड़ी होने के कारण पिकअप अनियंत्रित होकर गहरे खाई में पलट गई ।

## भोजपुरी विभाग का पुस्तकालय बना देश का सबसे बड़ा भोजपुरी पुस्तकों का संग्रह भोजपुरी भाषा साहित्य के उच्च अध्ययन और शोध में मिलेगी सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भोजपुरी विभाग का विभागीय पुस्तकालय देश ही नहीं विश्व के सबसे बड़े भोजपुरी पुस्तकालय बनने की दिशा में अग्रसर है। स्थापना काल 1992 से ही संचालित विभागीय पुस्तकालय में पहले से भोजपुरी की हजार से ऊपर पुस्तकें और सैकड़ों की संख्या में शोध ग्रन्थ उपलब्ध थे। हाल ही में भोजपुरी के चर्चित साहित्यकार पांडेय कपिल के भोजपुरी संस्थान, भोजपुरी पुस्तकों के सबसे बड़े डिजिटल संग्रह भोजपुरी साहित्यांगन, रांची के चिकित्सक दंपत्ति डॉ संगीता ओझा और डॉ अजीत ओझा तथा भोजपुरी साहित्य सरिता के संपादक जे पी द्विवेदी और सर्व भाषा ट्रस्ट से पुस्तकें विभागीय पुस्तकालय को दानस्वरूप मिली हैं। पांडेय कपिल की सुपुत्री अंबुजा सिन्हा के सहयोग से तकरीबन 2500 पुस्तकें, डॉ संगीता ओझा तथा डॉ अजीत ओझा के सहयोग से उनके पिताजी ई नमोनाथ जी लिखित तथा अन्य 350 पुस्तकें, भोजपुरी साहित्यांगन के संस्थापक डॉ रंजन प्रकाश तथा डॉ रंजन विकास की ओर से 500 पुस्तकें तथा सर्व भाषा ट्रस्ट और जे पी द्विवेदी के सौजन्य से लगभग 300 पुस्तकें भोजपुरी विभाग को प्राप्त हुई हैं। इसके अलावा साहित्यकार कनक किशोर, मार्कण्डेय शारदेय तथा अन्य साहित्यसेवियों के सौजन्य से समय समय पर भोजपुरी पुस्तकें प्राप्त हुई हैं। कुल मिलाकर भोजपुरी विभाग के पुस्तकालय में भोजपुरी की तकरीबन 5000 पुस्तकें निकट भविष्य में शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हो जाएंगी। देश ही नहीं विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में भोजपुरी पुस्तकों का यह सबसे बड़ा संग्रह होगा। भोजपुरी विभागाध्यक्ष प्रो दिवाकर पांडेय ने बताया कि पुस्तक दानदाताओं को विभाग की ओर से सम्मानस्वरूप आभार पत्र दिया जाएगा और पांडेय कपिल की सुपुत्री अंबुजा सिन्हा को दिया भी जा चुका है। पुस्तकालय के लिए अलग से एक कक्ष को व्यवस्थित तथा विभाग को सौंदयीर्कृत किया जा रहा है। विभाग के छात्रों ने कहा कि विभाग में अब नए क्लासरूम और शोध कक्ष की आवश्यकता है और विभाग को पूर्ववत हिंदी विभाग की ओर विस्तारित किया जाए। नैक मानकों के अनुसार विभाग में नियमित पत्रिकाएं आती हैं इसके अलावा नए पुस्तकालय कक्ष में ई लाइब्रेरी सुविधा के लिए इंटरनेटयुक्त कंप्यूटर की व्यवस्था की जाएगी। नैक मानकों के अनुरूप भोजपुरी विभाग तैयार किया जा रहा है और भविष्य में इसे भोजपुरी का उच्च अध्ययन केंद्र बनाया जाएगा।

## मंदिर में तोड़फोड़ की घटना का निरीक्षण करने पहुंचे सारण डीएम और एसपी

इसुआपुर । थाना क्षेत्र के भकुरा भिठी- शिवगंज मुख्य सड़क के बंगरा गांव स्थित शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना का निरीक्षण करने सारण के डीएम अमन समीर और सारण एसपी डॉ कुमार आशीष भी शनिवार को घटनास्थल पहुंचे। वहां स्थानीय लोगों से पूछताछ किया। वहीं स्थिति से अवगत हो अज्ञात असामाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज कराई गई। मालूम हो कि बंगरा गांव स्थित शिव मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग तथा अन्य मूर्तियों को शुक्रवार को असमाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ किया गया था। लोगों ने डीएम और एसपी से कहा कि इस तरह की धार्मिक स्थल के साथ तोड़फोड़ की घटना पहले कभी नहीं हुई थी। वहीं डीएम ने लोगों से कहा कि यह मंदिर अगर ट्रस्ट के माध्यम से बनाया गया होता तो इसकी घेराबंदी करा दी जाती।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से घर-आंगन होंगे रौशन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत सभी उपभोक्ता केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आप अपना घर-आंगन रौशन कर सकते हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रविम ने बताया की सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संयंत्र लगाने पर लोगों को अनुदान मिलेगा। एक, दो और तीन किलोवाट के सोलर पैनल पर 30 से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी मिलेगी साथ ही बैंकों से सात फीसदी ब्याज पर दो लाख रुपए तक ऋण मिलेगा। एक किलोवाट पर 30 हजार रुपए, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपए और तीन किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घर का उपकरण चलाने के लिए किया जा सकता है। बची हुई बिजली को ग्रिड में भेजकर अतिरिक्त बिजली के विरुद्ध विपत्र में समायोजन किया जा सकता है। उपभोक्ता विभिन्न बैंकों से सात फीसदी के ब्याज पर अधिकतम दो लाख रुपए का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। सूर्य ऊर्जा संयंत्र के लिए प्रति किलोवाट सौ वर्गफुट क्षेत्रफल की जरूरत है। बैंकों की ओर से ऋण राशि की वसूली शहरी क्षेत्रों में चार से पांच वर्षों में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सात से आठ वर्षों में की जाएगी। यह योजना पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है। सोलर पैनल के अच्छे तरीके से रखरखाव करने पर यह 25 वर्षों तक चलने योग्य हैं, जिससे लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ ले सकते हैं।

## मढ़ौरा एसडीओ ने राजा मोटेल का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा- तरैया एसएच- 73 पर गवन्द्री गांव के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस खोले गए राजा मोटेल का शुक्रवार को मढ़ौरा एसडीओ डॉक्टर प्रेरणा सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मोटेल में ठहरने खाने व गाड़ी पार्किंग की सभी जरूरी सुविधा मौजूद हैं। इस मौके पर बोलते हुए इस मोटेल के प्रोपराइटर अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की अत्याधुनिक सुविधाओ से लैस ठहरने का कोई होटल या मोटेल अनुमंडल के अन्य किसी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवन्द्री मे एसएच- 73 के किनारे बनाए गए इस मोटेल में अतिथियों को रहने, खाने, गाड़ी पार्किंग के साथ सभी जरूरी आधुनिक सुविधा मौजूद है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह स्थान शहरी शोर शराबे से बिल्कुल दूर शांत वातावरण में है।

## बुजुर्ग दंपति की गला रेतकर हत्या, घर में घुसकर दिया घटना को अंजाम

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर में अपराधी बेखौफ हो गए हैं और खुलेआम हत्या और लूट जैसे वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग पति-पत्नी की हत्या कर दी है।

अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तार मठिया गांव में अपराधियों ने देर रात घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति की धारदार हथियार से गला काटकर मौत के घाट उतार दिया। एफएसएल की टीम एवं पीरो डीएसपी समेत अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर तफ्तीश कर रहे हैं। मृतकों में 75 वर्षीय श्रीगिरी और 70वर्षीय पत्नी शिव कुमारी देवी है।

घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के इलाके में फैली, लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं आपको बता दे की अगिआंव बाजार थाना की पुलिस अपने क्षेत्रों में बहुत कम पेट्रोलिंग करती है।

## विभागीय समिति सम्मेलन राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। भोजपुर विभाग का एक दिवसीय विभागीय समिति सम्मेलन राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सिंगही,आरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम , भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा भोजपुर विभाग संयोजक डॉ हनुमान प्रसाद अग्रवाल विभाग प्रमुख प्रवासी कार्यकर्ता वीरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर समस्त भोजपुर विभाग से अड़सठ (68) समिति सदस्यों एवं प्रधानाचार्य की उपस्थिति रहे प्रथम सत्र की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने की। द्वितीय सत्र में दक्षिण बिहार प्रांत के प्रदेश मंत्री भरत पूर्वे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस सत्र में समिति सदस्यों के साथ क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम और प्रधानाचार्यों के साथ प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने विद्यालय संचालन के पांच महत्वपूर्ण पक्ष पर गहन विचार विमर्श किया। सम्मेलन के सामूहिक समापन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों तथा शिशु वाटिका के सफल संचालन के निमित्त कई बिंदुओं पर अपनी बात रखी और समिति सदस्यों का आह्वान किया कि वर्तमान परिदृश्य में अपनी भूमिका के साथ न्याय करें।

सम्मेलन में बरेली उत्तर प्रदेश के विभाग प्रचारक ओमवीर , भोजपुर विभाग प्रचारक राणा प्रताप , विद्यालय की प्रबन्ध समिति की वरिष्ठ सदस्या बहन सुनीता सिंह के साथ साथ पूर्व छात्र विभु सिंह एवं समाज के गणमान्य लोगों के साथ कुल एक सौ से भी अधिक बंधु भगिनियों ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। स्थानीय समाज से प्राप्त अकथनीय और अदभुत सहयोग ने पूरे सम्मेलन के उत्सव पूर्ण आयोजन में महती भूमिका निभाई।

## जनता दल यूनाइटेड रोहतास के प्रखंड और नगर अध्यक्षों के साथ की गई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) : बिहार विधान परिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड के वरिय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने रोहतास जिले का दौरा किया। इस क्रम में 10 जनवरी की देर शाम उन्होंने जिले के प्रमुख साथियों के साथ बैठक की और 11 जनवरी को दिन में जनता दल यूनाइटेड रोहतास के प्रखंड और नगर अध्यक्षों के साथ बैठक की की। दोनों बैठकों की अध्यक्षता जनता दल यूनाइटेड रोहतास के जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने की । विधान पार्षद का यह दौरा संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने, सजग करने और जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। अपने वक्तव्य में रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठन की नीव पंचायत पर टिकी हुई है। अगर पंचायत का संगठन मजबूत और जागरूक हो तो हर स्तर पर पार्टी मजबूत और जागरूक रहेगी साथ ही चुनाव में भी अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस क्रम में उन्होंने कहा कि जिले के पदाधिकारी हो या प्रखंड के सभी को गांव में जाकर वहां के लोगों को जनता दल यूनाइटेड के सिद्धांतों और नीतियों से परिचित कराना चाहिए उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए ,किए जा रहे और किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताना चाहिए। जिससे नई पीढ़ी के लोग और गांव के साधारण व्यक्ति 2005 से पहले के बिहार और अब के बिहार की स्थिति और परिस्थिति से परिचित हो सके। उन्हें सरकार के नए कार्यक्रम और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो सके।



वह अपने स्थानीय परिवेश में भ्रमित करने वाले और गलत दावा करने वाले विरोधियों के बहकावे में आने से बच सके। साथ ही उन्होंने कहा कि नियमित रूप से सभी वरीय पदाधिकारियों को गांव में जाकर वहां के लोगों से मिलना जुलना चाहिए ,पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करना चाहिए और अपने तथ्यों के माध्यम से विरोधियों के भ्रामक दुष्प्रचारों का खंडन करना चाहिए। प्रखंड अध्यक्षों को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी मानते हुए उन्होंने प्रखंड अध्यक्षों को उनके कर्तव्य का बोध कराया और आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में अमरेश चौधरी ,बिंदा चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी ,रिंकू सिंह ,रजिया कामिल अंसारी, धनंजय भाई पटेल ,अलख निरंजन , राजेश सोनकर ,प्रमोद पटेल, संतोष शुक्ला ,रामप्रवेश राम ,अभिषेक पटेल, निखिल ,जय सिंह ,उषा पटेल, शिकंजय सिंह, दीपक चौबे ,सिद्धेश्वर वर्मा, सुरेंद्र राम ,विकास सिंह, विनोद कुशवाहा, हरिहर सिंह ,मनोज सिंह, गंगा बिंद, रूपेश चंद्रवंशी ,संजय वर्मा, सुरेंद्र राम, हृदया कुशवाहा ,मोहम्मद इरशाद खान ,धर्मजीत सिंह ,अमरिंदर सिंह ,नवनीत राय ,अशोक सिंह ,आशुतोष सिंह ,गुड्डू पटेल, बनारसी पटेल, जमालुद्दीन सिद्दीकी, अजय महतो ,प्रमोद सिंह, प्रमोद पटेल सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## बदलो बिहार महाजुटान की तैयारी में जुटा इंसाफ मंच : क्यामुद्दीन अंसारी

आरा। इंसाफ मंच भोजपुर जिला कमिटी की बैठक आज बस स्टैण्ड स्थित श्रीटोला पार्टी कार्यालय मे आयोजित हुआ. वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2024 को वापस ले मोदी सरकार तथा उपासना स्थल अधिनियम 1991 को पुरे देशभर मे सख्ति के साथ लागु करो तथा बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी करने वाले गृहमंत्री के इस्तिफा के सवाल इंसाफ मंच के बैठक के ऐजेन्डा मे था.बैठक का संचालन का. अजय राम ने की.इस बैठक मे इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी मौजूद थे। इंसाफ मंच की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि गृहमंत्री अमित साह का संसद मे बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर पर दिया गया टिप्पणी आप्तिजनक है घोर निन्दनिय है तथा बाबा साहब पर अपमान जनक टिप्पणी करने वाले गृहमंत्री अमित साह को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए. इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी का कहना है कि मोदी सरकार उपासना स्थल अधिनियम 1991 को कड़ायी के साथ पुरे देशभर मे लागू करे.तथा वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को सरकार शीघ्र वापस ले। क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि इन सभी सवालों को लेकर इंसाफ मंच आंदोलन रत है तथा बदलो बिहार महाजुटान मे इन सवालों को उठाते हुए भारी गोलबंदी के साथ 9 मार्च 2025 को गांधी मैदान मे भाग लेगा. आरा मे होने वाले शाहाबाद कमिशनरी स्तर के समागम मे इंसाफ मंच बड़ी गोलबंदी के साथ भाग लेगा.

इंसाफ मंच को भोजपुर मे गति प्रदान करने के लिए 17 सदसीय संयोजन समिति का गठन किया गया. रबनवाज खां,मकबुल अंसारी, अजय राम तथा मो.खुर्शीद उर्फ मुन्ना सह संयोजक बनाए गये.

आज कि बैठक मे सामिल प्रमुख लोगों मे शहाबुद्दीन कुरैशी, मनीर आलम, नसीम अंसारी, फिरोज आलम,जगजीवन राम, धनंजय सिंह, अलीहसन अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी थे।

# 1158 सीटों पर प्रवेश के लिए सीयूईटी-पीजी-2025 अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया हुई शुरू

प्रात: किरण संवाददाता



गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी द्वारा एनटीए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी-पीजी-2025 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 28 स्नातकोत्तर पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने आवेदन प्रक्रिया शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने एलएलएम एक वर्षीय पाठ्यक्रम में इस वर्ष से प्रवेश के लिए सीटों की संख्या को 38 सीटों से बढ़ाकर 50 कर दिया है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की अच्छी रैंकिंग और पर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण हाल के वर्षों में एलएलएम पाठ्यक्रम की मांग को देखते हुए प्रवेश क्षमता में वृद्धि की गई है।जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक सीओई डॉ. शांतिगोपाल पाइन ने सीयूएसबी की वेबसाइट ६६६.४३ु.ल्ल पर इस संबंध में नोटिस जारी किया है। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार 01 फरवरी 2025 को या उससे पहले 'ँ३३स्र२://ँ१३ल्ल.ल्ल३ं.ल्ल्री.ल्ल/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।विस्तृत विवरण प्राप्त करने हेतु, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांतिगोपाल पाइन ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 28 अट्ठाईस स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में कुल 1158 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए पाठ्यक्रमों एवं सीट प्रवेश का ब्यौरा क्रमश: इस प्रकार है; एमएससी बायोटेक्नोलॉजी (35), एमएससी बायोइनफॉर्मेटिक्स (15), एमएससी एनवायर्नमेंटल साइंस (45), एमएससी लाइफ साइंस (45), एमएससी जियोलॉजी (45), एमए, एमएससी जियोग्राफी (45), एलएलएम (50), एमए, एमएससी मैथमेटिक्स (45), एमएससी स्टैटिस्टिक्स (45), मास्टर इन डाटा साइंस एंड एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स (45), एमएससी कंप्यूटर साइंस (45), एमएससी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (45), एमएससी फिजिक्स (45), एमएससी केमिस्ट्री (45), एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स -15), एम. फार्मा (फामाकोलॉजी -15), एम.कॉम. (45), एमए जर्नलिज्म एन्ड मास कम्युनिकेशन, एमए एमएससी साइकोलॉजी (45), एमए सोशियोलॉजी (45), एमएसडब्ल्यू (45), एमए इकोनॉमिक्स (45), एमए पोलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स (45), एमए हिस्ट्री (45), एमए इंग्लिश (45), एमए हिंदी (45), एमएड (63) तथा एमपीएड (40)। कुमार कौशल, डिप्टी रजिस्ट्रार, अकादमिक और परीक्षा ने कहा कि सीयूएसबी में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को 'ँ३३स्र२://ँ१३ल्ल.ल्ल३ं.ल्ल्री.ल्ल/ पोर्टल के माध्यम से खुद को पंजीकृत करना आवश्यक है।परीक्षा शुल्क सामान्य के लिए 1400/-, ओबीसी-एनसीएल,जनरल-ईडब्ल्यूएस,- के लिए 1200/-, एससी,एसटी,थर्ड जेंडर के लिए 1100/- और पीडब्ल्यूबीडी के लिए 1000/- रुपये। अतिरिक्त टेस्ट पेपर प्रति टेस्ट पेपर की फीस सामान्य के लिए 700/- रुपये और अन्य श्रेणियों के लिए 600/- रुपये है।कौशल ने कहा की भारत के बाहर विदेशों के परीक्षा केंद्रों के लिए दो पेपर तक के लिए आवेदन शुल्क 7000/- रुपये और अतिरिक्त पेपर के लिए 3500/- रुपये है।वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01 फरवरी, 2025 रात 11:50 बजे तक है तथा परीक्षा शुल्क के जमा करने की अंतिम तिथि 02 फरवरी, 2025 रात 11:50 बजे तक तक है।03 से 05 फरवरी, 2025 के दौरान वेबसाइट पर आवेदन पत्र के विवरण में सुधार किया जा सकता है। वहीं 90 मिनट 1 घंटा 30 मिनट की ऑनलाइन सीबीटीपरीक्षा 13 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 के बीच पूरे देश में और एन टी ए द्वारा निर्धारित विदेशों में केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीयूएसबी में प्रवेश के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें। किसी भी सहायता के लिए अभ्यर्थी पर ईमेल कर सकते हैं या 0631 - 2229514, 2229518, 9472979367 पर कॉल भी कर सकते हैं।

# बोधगया सीओ और राजस्व कर्मचारी हल्का वार समीक्षा करेंगे: जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा आज बोधगया अंचल पहुँच कर राजस्व संबंधित किये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा एवं जांच की गई है। अंचल कार्यालय पहुंचकर जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व, डीसीएलआर सदर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी राजस्व कर्मी एवं सभी राजस्व अमीन के साथ बैठक की गई। डीएम द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि सीओ और राजस्व कर्मचारी हल्का वार समीक्षा करेंगे और रोस्टर के अनुसार राजस्व कर्मचारी एवं अमीन का तैयार करेंगे ताकि उसी अनुरूप लोगों के बीच बैठे और उनकी समस्याओं को निदान करें। प्राप्त सूचना प्राप्त होती है कि राजस्व कर्मचारी नहीं मिल पाते हैं इसे देखते हुए रोस्टर बनाने का सख्त निर्देश दिया गया है साथ ही रोस्टर को प्रदर्शित करने को भी कहा गया है। म्यूटेशन एवं परिमार्जन संबंधित जो भी मामले पेंडिंग है उसे टाइमलाइन के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बोधगया में विभिन्न प्रकार के नए-नए कार्य किए जाने हैं साथ ही जमीन की मापी भी कुछ संख्या में लंबित है, इसे देखते हुए दूसरे अंचलों से अतिरिक्त अमीन की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश दिया है। परिमार्जन के मामले की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया है कि अगले तीन दिनों के अंदर परिमार्जन संबंधित प्राप्त आवेदन को निष्पादन करें। म्यूटेशन की समीक्षा के दौरान अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि प्रतिदिन प्रगति संबंधित जानकारी अपर समाहर्ता राजस्व को उपलब्ध कराएंगे।जिला पदाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मचारियों को हिदायत दिया कि आमजनों को जमीन संबंधित कार्यों को तेजी से निष्पादित करें। जनता के संपर्क में रहे। जनता के साथ संवाद करें। उनकी हर संभव मदद करें।अभियान बसेरा समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने अपार समर्थ राजस्व एवं अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि पर्चा का समीक्षा कर जरूरतमंदों के बीच तेजी से पर्चा वितरण करवाये।

# अयोध्या के राम मंदिर एक वर्ष के उपलक्ष्य पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने प्रार्थना की

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जिला भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वाराअयोध्या में भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम स्थापना दिवस भारतीय जनमानस के लिए एक ऐतिहासिक एवं अद्भुत क्षण है। इस शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने भगवान राम लला को चरण वंदन करते हुए अपनी श्रद्धा प्रकट की है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस दिन को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में वर्णित किया गया है। उन्होंने भगवान राम की मयार्दा, धर्म और सत्य की स्थापना में उनकी भूमिका को स्मरण करते हुए कहा कि यह दिवस न केवल भारतीय संस्कृति की महानता को दशार्ता है, बल्कि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों और आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है भगवान राम के चरणों में अपनी प्रार्थना अर्पित की और देशवासियों के कल्याण, प्रगति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि राम लला के मंदिर का निर्माण हर भारतीय के गौरव का विषय है और इससे न केवल हमारी आध्यात्मिक धरोहर सशक्त होगी, बल्कि विश्व को भी हमारी संस्कृति का संदेश मिलेगा। इस अवसर पर अयोध्या को धर्म, संस्कृति और विकास के आदर्श स्वरूप के रूप में विकसित करने की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच उन्होंने किसान वर्ग के कल्याण के लिए भगवान राम से आशीर्वाद मांगा और यह विश्वास व्यक्त किया कि भगवान राम का आशीर्वाद देश को हर संकट से उबारकर नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। चरण वंदन और प्रेरणादायक विचार इस पावन दिवस को और भी स्मरणीय बना गए।यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व और आस्था का प्रतीक बनकर हमेशा स्मरणीय रहेगा।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत: प्राचार्य

प्रात: किरण संवाददाता



गया।गया कॉलेज, गया और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा गया के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्सव का आयोजन किया गया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ सतीश सिंह चंद्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की है।अपने अध्यक्षीय संबोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रोफेसर चंद्र ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत है, उनके बताए गए मार्गों पर चलकर युवा न केवल अपना उत्थान कर सकता है बल्कि भारत को एक विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अमृत काल में एक नए भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।इसके लिए आवश्यक है कि आप नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित हो और शिक्षकों द्वारा नई-नई जानकारियां ग्रहण कर अपनी सफलता के शिखर को प्राप्त करें। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजय किशोर, नगर संचालक, विवेकानंद केंद्र ,कन्याकुमारी शाखा गया, ने पीपीटी के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के विचारों और भारत के गौरवशाली अतीत से वर्तमान की यात्रा को प्रस्तुत किया है।इस कार्यक्रम में गया कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ,शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया है। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एनसीसी के छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा- गया की विद्योतमा चौधरी के द्वारा किया गया है।निरंजन बोरा, सेवाब्रती विवेकानंद केंद्र,कन्याकुमारी शाखा -गया नगर द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है। धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के एनसीसी एएनओ, लेफ्टिनेंट डॉ संजय कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत के साथ हुआ है।

# इनर व्हील क्लब का ऑफ गया के बैनर तले महिला कैदियों को आत्मनिर्भर बनाई जाएगी : तृप्ति गुप्ता



प्रात: किरण संवाददाता

गया।इनर व्हील क्लब का ऑफ गया के बैनर गया तले महिला कैदियों को मशरूम की खेती करने की शिक्षा दी गई है।प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया है।गया के जेल परिषद में महिलाओं को मशरूम उत्पादन की जानकारी सुरभि कुमारी और विष्णु नितानंद के द्वारा दी गई है जिससे वह जेल से छूटने के बाद अपने जीवन यापन के लिए रोजी रोजगार कर पाए और अपने जीवन स्तर को सही रख पाए मशरूम 30 पैकेट देकर उन्हें अच्छे से मशरूम उत्पादन करने के लिए सिखाया गया और क्लब की ओर से ठंड को देखते हुए उन्हें डेढ़ सौ टोपिया बांटी गई टोपी को पा कर महिला कैदी बहुत ही खुश हुई और इनर क्लब को धन्यवाद किया और कैदियों ने कहा कि हम सब टोपी को पहन कर ठंड में अच्छे से सो पाएंगे साथ ही तृप्ति गुप्ता ने कहा की महिलाओं कैदियों को ब्यूटीशियन सिलाई की भी जानकारी जल्दी दी जाएगी और मशरूम की खेती अच्छे से हुई या नहीं इसका भी 15 दिनों के बाद जानकारी ली जाएगी जिससे ताकि वह लोग इसको और अच्छे से सीख पाए और अपना रोजी रोजगार चला पाए।इसमें शामिल अनामिका सिन्हा, स्मिता जिंदल, समीक्षा गौतम थी सब ने मिलकर क्लब की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाया गया है।

# बीपीएससी परीक्षा में हुई अनियमितताओं के मुद्दे पर जन सुराज के नेताओं ने किया प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। शनिवार को जन सुराज के नेताओं और कार्यकताओं ने बीपीएससी परीक्षा में की गई अनियमितताओं को लेकर गया के गांधी मैदान के गेट नंबर 5 पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जिसका नेतृत्व जन सुराज के युवा नेता वसीम अंसारी एवं अध्यक्षता प्रो॰ दिनेश सिंह ने किया है। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने बिहार सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, और परीक्षा में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जाँच के साथ-साथ पुनर्परीक्षा कराए जाने की मांग की है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए हैं। सभी ने एकजुट होकर सरकार के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की है।इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को गिरफ्तार किया और छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करवाया गया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र का हनन बताया और कहा कि सरकार जनता और छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

# 14 को केन्द्रीय मंत्री करेंगे तपोवन महोत्सव का उदघाटन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। तपोवन महोत्सव कार्यक्रम पर्यटन विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन गया की ओर से आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव मोहरा प्रखंड के तपोवन ग्राम में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 11:00 बजे होगा जो संध्या 4:00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुति दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग भारत सरकार जीतन राम मांझी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर गरिमामयी में उपस्थित सभापति बिहार विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह, मंत्री सहकारिता तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार डॉ० प्रेम कुमार आदि थे। मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्रवण कुमार, माननीय मंत्री सूचना प्रावैधिकी, आपदा प्रबंधन तथा लघु जल संसाधन विभाग संतोष कुमार सुमन, सांसद जहानाबाद डॉ० सुरेंद्र प्रसाद यादव, सांसद औरंगाबाद अभय कुमार सिंह, विधायक टिकारी अनिल कुमार, विधायक वजीरगंज वीरेंद्र कुमार सिंह, विधायक बोधगया कुमार सर्वजीत, विधायक बेलागंज मनोरमा देवी, विधायक गुरुआ विनय कुमार, विधायक शेरघाटी मंजू अग्रवाल, विधायक अतरी अजय यादव, विधायक इमामगंज दीपा कुमारी, विधायक बाराचट्टी ज्योति देवी, सदस्य बिहार विधान परिषद कुमार नागेंद्र, सदस्य बिहार विधान परिषद डॉ कुमुद वर्मा, सदस्य बिहार विधान परिषद जीवन कुमार, सदस्य बिहार विधान परिषद आफाक अहमद खान, अध्यक्ष जिला परिषद गया श्रीमती नैना कुमारी, उपाध्यक्ष जिला परिषद गया शीतल प्रसाद यादव, पुलिस महानिरीक्षक मगध क्षेत्र एवं आयुक्त मगध प्रमंडल की गरिमा में उपस्थिती रहेगी। तपोवन महोत्सव पर सुविख्यात कलाकार भव्या पंडित एवं अन्य राज्य स्तरीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतीकरण दी जाएगी। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने गया जिला वासियों से अपील किया है कि आप सभी 14 जनवरी को सुबह 11:00 बजे तपोवन महोत्सव में आए और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

# जनता दरबार में दो मामलों का हुआ निष्पादन, तीन पेंडिंग

कुर्था (अरवल) राज्य सरकार के निर्देश पर भूमि विवाद को लेकर आए दिन हो रही मारपीट व अप्रिय घटना को लेकर राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी थानों में प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार आयोजन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी व थाना अध्यक्ष को दी थी, इसी के कड़ी में शनिवार को कुर्था थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुर्था थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, कुर्था अंचल अधिकारी रितिका कृष्णा के द्वारा जनता दरबार लगाया गया जहां जनता दरबार में भूमि विवाद को लेकर कई फरियादी जनता दरबार में पहुंचे ।

# प्रस्तावित हड़ताल पर हुई चर्चा



प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति का आवश्यक बैठक पुस्तकालय कक्ष में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बैठक में न्यायलय कर्मचारियों के 16/01/25 से प्रस्तावित हड़ताल पर चर्चा किया गया। 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस की तैयारी का अंतिम रूप दिया गया है। लायर्स भवन निर्माण में तेजी लाने का निर्णय लिया गया। जिला विधिज्ञ संघ के कर्मचारियों का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया। जिला विधिज्ञ संघ भवन के दोनों रोड़ तरफ

एल ई डी नेमप्लेट लगाने का निर्णय लिया गया है। कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने विकास कार्य की जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ कार्यसमिति औरंगाबाद के अधिकांश सदस्य उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में लगाया गया कैंप



**बिजली संबंधित शिकायत लेकर पहुंचते रहे उपभोक्ता**

प्रात: किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) । साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के निर्देश पर शनिवार को कुर्था विद्युत प्रशाखा के विद्युत कनीय अभियंता सूरज कुमार के द्वारा कुर्था प्रखंड मुख्यालय में बिजली बिल सुधार कैंप का आयोजन किया गया। जहां दिनभर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के विद्युत उपभोक्ता बिजली संबंधित तमाम शिकायतों को लेकर आते रहे जहां विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके समस्याओं का निराकरण किया गया। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने बताया कि साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के निर्देश पर कुर्था प्रखंड मुख्यालय में लगाए गए बिजली बिल सुधार कैंप के दौरान प्रखंड क्षेत्र से 8 मामले आए जहां तीन मामले बिजली बिल सुधार दो नया कनेक्शन व तीन मामले मीटर खराब को लेकर आए वहीं उन्होंने कहा कि उक्त कैंप में 19823 रुपए की रेवेन्यू वसूली की गई। इस मौके पर कनीय विद्युत अभियंता के अलावे मानव बल पंकज कुमार, राकेश कुमार, आशुतोष कुमार समेत कई मानब बल शामिल थे।

# प्रेम प्रकाश चिंटू एवं विजय मांझी को गया जिलाअध्यक्ष धोषित

प्रात: किरण संवाददाता



गया।गया जिले में संगठन पर्व 2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम गया के सम्राट होटल मैं विद्वत घोषणा बिहार सरकार के मंत्री संतोष सिंह और क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा ने गया जिले के नए जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई है। होटल सम्राट में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला के मंत्री विनोद सिंह ने की है। जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व सांसद हरि मांझी, रामजी मांझी, सुशील कुमार सिंह और विधायक वीरेंद्र सिंह,प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा, प्रदेश मंत्री अमित दांगी,क्षेत्रीय सह प्रभारी पंकज सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा सहित कई अन्य म नेता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होकर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं दोनों जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं है। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू का चयन संगठन की मजबूती और विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों अपनी निष्ठा और मेहनत से गया जिले में संगठन की गतिविधियों को नई ऊंचाई देंगे।इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष सिंह ने कहा, ह्लइस जिम्मेदारी को निभाने के लिए दोनों जिलाध्यक्षों में सामर्थ्य और अनुभव है। हम विश्वास करते हैं कि इनके नेतृत्व में गया जिले में संगठन और अधिक संगठित होगा। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन प्रभारी रत्नेश कुशवाहा के द्वारा अपने संबोधन में कहा, जिलाध्यक्ष पद पर विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू का चयन पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और मेहनत का प्रमाण है। मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं और विश्वास करता हूं कि वे संगठन के आदर्शों को बनाए रखते हुए समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का कार्य करेंगे।

जिलाध्यक्ष चुने जाने पर श्री विजय कुमार मांझी मैं इस सम्मान और जिम्मेदारी के लिए आभारी हूं। मेरी कोशिश होगी कि मैं संगठन के सभी सदस्यों को एकजुट रखकर जिले के विकास में अपना योगदान दूं। वहीं, प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी ने 101 वा इनर व्हील डे बच्चों को पढने के पाठ पुस्तक देकर मनाया

गया।आज दिनांक 11 जनवरी को इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी ने 101 वा इनर व्हील डे चंदौती राम भजन पार्क में स्लम एरिया के बच्चों के साथ मनाया है। बच्चों को पढ़ने की सामग्री के साथ बिस्कुट,केक और चॉकलेट दिया गया और क्लब की सदस्यों ने इनर व्हील डे केक काट कर मनाया है। सभी सदस्यों ने नीला रंग के परिधानों में हाऊजी,बाल पासिंग गेम,पेपर गेम खेला और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया है ।और कार्यक्रम के अंत में विनर को गिफ्ट दिया गया है। इस कार्यक्रम में अध्यक्षा मुक्ता अग्रवाल, चार्टर प्रेजिडेंट शिखा रानी, पीपी प्रभा देवी,रीना प्रसाद,गुंजन अग्रवाल ,पीपी निशा सेठ, कोषाध्यक्ष शोभा कंधवे,और इनर व्हील की सदस्य उपस्थित थे जिसकी जानकारी हमें क्लब की एडिटर प्रीति कुमारी ने दिया है।

# कुर्था पुलिस ने एससी एसटी व पोक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

कुर्था (अरवल)पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनामुल हक मेगनु के निर्देश पर चलाया जा रहे छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के पोंदिल धर्मपुर गांव से एससी एसटी एक्ट के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। इस बाबत कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत एससी एसटी एक्ट व पोक्सो एक्ट के आरोपित पोंदिल धर्मपुर गांव निवासी हरि यादव के पुत्र भूषण यादव को कुर्था थाना कांड संख्या 169 / 24 के तहत उसके घर से गिरफ्तार किया गया जिसे जेल भेज दी गई। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा एएसआई चंद्रदेव महतो, रिंकू कुमारी, स्मिता उपाध्याय, दिलीप कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सीताराम यादव ने किया कंबल का वितरण

गया, शेरघाटी विधानसभा आमस प्रखंड के झरी पंचायत अंतर्गत बहेरा हाई स्कुल के मैदान मे गरीबो के मसीहा संयोजक मुखिया संघ गया सह पैक्स अध्यक्ष सीताराम यादव ने शनिवार को हजारो गरीब व जरुरतमंदो के बिच मे कम्बल का वितरण किया पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा की बढ़ते ठण्ड को देखते हुए दो माह से लगातार गरीबो के बिच शेरघाटी विधानसभा के हर पंचायतों मे कैंप लगाकर जरुरतमंदो को लगातार मदद कर रहे है लगभग 30 पंचायतो मे कम्बल वितरण करने का लक्ष्य है. अबतक 16 पंचायतो मे कम्बल का वितरण किया जा चूका है। मौके पर उपस्थित समाज सेवी अमित आर्यन, साकेत कुमार वार्ड सचिव लालदेव मांझी, महेंद्र मांझी, रामदयाल चौधरी, शंकर सिंह, रामबली सिंह, सरोज देवी, उमेश यादव, राजेश यादव, शहीद कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद,पूर्व मंत्री श्री आलोक मेहता जी को बेवजह किया जा रहा परेशान:बीरेन्द्र गोप

गया।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एड०बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री आलोक मेहता को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा है। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि जिस केश में आलोक मेहता जी के घर ईडी का रेड पड़ा है उस केश के एफआईआर में इनका नाम ही नहीं है। इन्होंने 2012 में ही अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था जबकि गबन का मामला 2021-2023 के बीच का है। गोप ने कहा कि जिस प्रकार केन्द्र सरकार के इशारे पर आईआरसीटीसी के मामले में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को जबरदस्ती घसीटा गया उसी का पुनरावितृ आलोक मेहता जी के साथ किया जा रहा है। सही मायने मे कहा जाय तो जो मोदी शरणं गच्छामि नहीं हुए उन्हें किसी न किसी तरह से प्रताड़ित करने कि अभियान चलाई जा रही है।एक तरफ केन्द्र सरकार द्वारा विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है तो दूसरे तरफ केन्द्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले मीडिया के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

# समाज के सच्चे मार्गदर्शक थे प्रो. सीएस पाण्डेय : चाणक्य परिषद

**प्रो.सी. एस का निधन अपूर्णीय क्षति है : रामानुज पाण्डेय**

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के आई एम ए हॉल में सच्चिदानंद सिन्हा औरंगाबाद कॉलेज के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य के निधन पर आज प्रख्यात साहित्यकार एवं चाणक्य परिषद के संरक्षक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा जी के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि समारोह सह शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने किया। श्रद्धांजलि समारोह में सभी लोगों ने सर्वप्रथम स्वर्गीय प्रो सी एस की पाण्डेय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक अवकाश प्राप्त अपर समाहर्ता भैरवनाथ पाठक जी ने कहा कि अचानक से उनका चले जाना हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायि है उनकी कमी वर्षों तक पूरी नहीं की जा सकती है। प्रो रामाधार सिंह ने कहा शिक्षा से लेकर समाज तक हमने उनके साथ काम किया मेरे जीवन में उनके मुकाबले आज तक दूसरा कोई व्यक्तित्व ऐसा नहीं आया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरीय अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह ने कहा मैं उनके साथ कई बड़े-बड़े समारोह में रहा हूं और मैं सदैव उनके विद्वता एवं उनके व्यवहार कुशलता का प्रशंसक रहा हूँ वे हमारे समाज के एक रत्न थे

ज्योतिर्विद शिव नारायण सिंह ने कहा वे विनम्रता और विद्वता की प्रतिमूर्ति थे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा की पाण्डेय सर का असमय जाना इस जिले के बुद्धिजीवी वर्ग को मर्माहत करने वाला है इस जिले में उन्होंने हजारों प्रतिभाओं को निखारने का काम किया सामाजिक कार्यों में भी उनकी भागीदारी सदैव याद किया जाएगा। लखनऊ से चलकर आए बड़े प्रशासनिक अधिकारी अलख निरंजन मिश्रा ने कहा विराट हृदय के स्वामी थे। उनके व्यवहार कुशलता ने बहुत लोगों को सगे भी बढ़कर अपना बना लिया यही कारण है कि आज जब श्रद्धांजलि समारोह के बारे में मैंने सुना तो मैं अपने को रोक नहीं पाया और सपरिवार आज यहां श्रद्धांजलि देने उपस्थित हूँ। अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने कहा चाणक्य परिषद उन्हीं का बोया हुआ बीज है जो आज अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को सफलता और निर्भीकता पूर्वक निर्वहन कर रहा है। कोरोना काल हो जिसमें चाणक्य परिषद ने हजारों लोगों को उस भीषण आपदा में सत्तू और आमझोरा महीना तक देने का कार्य किया, अनेक गरीब मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता गरीब परिवारों को आर्थिक मदद यह सब कार्य लगातार चलता रहता है जिसमें उनकी बहुत बड़ी भूमिका रहती थी वह स्वयं निशुल्क विद्यार्थियों को शिक्षा दिया करते थे उनकी कमी सदैव रहेगी।

डॉ शंभू शरण सिंह एवं हम के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे ने कहा की वह अपने जीवन में दृढ़ संकल्प और अनुशासन प्रिय थे हम सबों को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।

# राजगीर और कोडरमा के बीच स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पूर्व मध्य रेल द्वारा 13.01.2025 से 31.03.2025 तक राजगीर और कोडरमा के बीच प्रतिदिन 03322/21 राजगीर-कोडरमा-राजगीर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।गाड़ी सं. 03322 राजगीर-कोडरमा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 13.01.2025 से 31.03.2025 तक प्रतिदिन राजगीर से 10.55 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 14.15 बजे कोडरमा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03321 कोडरमा-राजगीर एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 13.01.2025 से 31.03.2025 तक प्रतिदिन कोडरमा से 15.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 17.50 बजे राजगीर पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच साधारण श्रेणी के 19 कोच तथा एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 23 कोच होंगे ।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ जख्मी, रेफर

प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) । पुरैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत नरदह पंचायत के योगीराज समीप एस एच 58 पर शनिवार की संध्या करीब पांच बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के बारे में लोगों ने बताया कि पूर्णिया जिले के कर्मनचक महेशपुरा निवासी संतोष कुमार झा मधेपुरा जिले से पुत्री का परीक्षा दिलवा कर घर लौट रहे थे। योगीराज समीप मोटरसाइकिल चलाते समय हीं फोन से बात करने लगे। इसी क्रम में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल सहित युवक सड़क पर गिर गए जिसमें की संतोष कुमार झा गंभीर रूप से जख्मी हो गए और पुत्री को मामूली चोट आई उक्त घटना के बाद घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गया जिसे ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में पुरैनी के सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया।

# जिलाअधिकारी के कार्यालय कक्ष में हुई मधनिषेध की समीक्षात्मक बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मधनिषेध की समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी मधेपुरा के कार्यालय कक्ष में की गई।

बैठक में मधनिषेध से संबंधित छापामारी, जब्ती, गिरफ्तारी, शराब पीने के जुर्म में दोबारा पकड़े गए अभियुक्त के संबंध में, वाहन अधिग्रहण व नीलामी, विशेष न्यायालय उत्पाद, मधेपुरा द्वारा चलाए जा रहे हैं स्पीडी ट्रायल से संबंधित तथा सजा के साथ-साथ सतत जीविकोपार्जन का लाभ देने तथा नशा मुक्ति केंद्र के संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा में पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी मद्यनिषेध, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, विशेष लोक अभियोजक (पुलिस एवं उत्पाद ) एवं अधीक्षक मधनिषेध, मधेपुरा तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# नई दिशा परिवार का 29वाँ स्थापना दिवस समारोह 11 विशिष्ट लोगों को बिहार गौरव अवार्ड

प्रात: किरण संवाददाता




पटना। जन चेतना एवं जन शिक्षा पर केन्द्रित स्वयंसेवी संस्था नयी दिशा परिवार का 29वां स्थापना दिवस समारोह आज शनिवार को बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, कदमकुंआ में आयोजित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी कमलनयन श्रीवास्तव के जीवन पर आधारित पुस्तक एक और दधीचि - कमलनयन श्रीवास्तव का लोकार्पण विधासभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने संयुक्त रूप से किया। अपने उद्घाटन भाषण में श्री यादव ने कहा कि कमलनयन श्रीवास्तव ऐसे इंसान है जो जिद्दी किस्म के हैं, जो कुछ करना चाहते हैं, ठान लेते है, उसे करके ही दम लेते है। उन्होंने उनको शुभकामना दी कि 100 साल जीवित रहे, हमसे भी अधिक जीएं। उनके सारे संकल्प पूरा हों और आगे भी समाजसेवा करें, ऐसी शुभकामना देता हूं मुख्य अतिथि के तौर पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि कमलनयन श्रीवास्तव के जीवन से आज की और भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने की। उन्होंने कहा कि नई दिशा परिवार संस्था का आज 29बा स्थापना समारोह है, मैं शुरू से जुड़ा रहा हूं ।

युवा और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने के काम में संस्था लगी है जिसमें कार्यक्रम आयोजित करना, प्रतिभाओं को सम्मानित करना और बच्चों को सर्वांगीण विकास से जोड़ना संस्था का मूल कार्य रहा है। उन्होंने कमलनयन श्रीवास्तव की तारीफ करते हुए कहा कि सचमुच दधीचि हैं। जिस शायर को बिहार के लोग लगभग भूल गए उनको भी कमलनयन श्रीवास्तव ने सदैव याद किया। आजइनके प्रयास से ही नियमित उनके मजार पर चादरपोशी की जाती है और उनकी याद में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । उन्होंने कहा कि कमलनयन श्रीवास्तव एक ऐसे व्यक्ति हैं जो सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय रहे हैं। मैं समझता हूं कि उनपर लिखी पुस्तक एक और दधीचि पीढ़ियों को लाखों साल तक उनकी कीर्तिया याद दिलाएगी, प्रेरणा देगी ।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना के सांसद रविशंकर प्रसाद में कमलनयन श्रीवास्तव को एक संघर्षशील इंसान बताया और कहा कि समाजसेवा के लिए हमेशा आगे बढ़कर उन्होंने काम किया है।

# वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह जदयू जिला उपाध्यक्ष ने कई मांगों को ले बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

प्रात: किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज नगर परिषद वार्ड 12 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह मधेपुरा जदयू जिला उपाध्यक्ष संजय मंडल ने शुक्रवार देर संध्या को पटना स्थित आवास पर पहुंच कर बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव को अनुमंडल एवं नगर परिषद के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र सौंपा। जिसमें उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र में ब्लड बैंक की स्थापना को लेकर मांग उठाया। काव्य की ब्लड बैंक नहीं रहने से आम जनों में को बाहरी परेशानी का सामना करना पड़ता है ब्लड की जरूरत पड़ने पर भागलपुर मधेपुरा सहरसा पूर्णिया जाना पड़ता है देर हो जाने पर मरीजों की जान भी चली जाती है अगर अनुमंडल मुख्यालय में ब्लड बैंक की स्थापना हो जाती है तो अनुमंडल क्षेत्र के सभी लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने उदाकिशुनगंज नगर परिषद वार्ड 12 में मुख्यमंत्री सड़क से अर्जुन मंडल के घर से लेकर मंटू मंडल के घर तक लगभग चार बिजली पोल एवं बिजली तार एवं गोलू शर्मा घर से लेकर शंभू मंडल के घर तक तीन बिजली पोल एवं बिजली तार वहीं राजू मंडल के घर से लेकर सुरेश मंडल के घर तक में लगभग दो बिजली पोल एवं बिजली तार और मुख्यमंत्री सड़क से लेकर जनार्दन मंडल के घर तक एक पोल एवं बिजली तार एवं मुख्यमंत्री सड़क से लेकर अर्जुन शर्मा घर तक एक पोल और बिजली तार लगाए जाने की मांग उठाए। श्री मंडल ने टोटल 11 बिजली पोल और उस पर तार लगाया जाना अति आवश्यक बताया क्योंकि उन्होंने बताया कि यहां के लोग आज भी बांस के सहारे बिजली उपयोग करते आ रहे हैं जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। अगर बिजली का पोल और तार लग जाता है तो भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सकेगा। मौके पर वार्ड पार्षद नित्यानंद यादव भी मौजूद थे।

# जनसंवाद यात्रा के तहत पुरैनी पहुंचा कर्पूरी रथ, किया भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) । जनसंवाद यात्रा के तहत शुक्रवार को कपूर रथ पुरैनी प्रखंड पहुंचा जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्पूरी रथ के पहुंचने पर आलमनगर विधानसभा प्रभारी अमरेंद्र चंद्रवंशी व प्रखंड जदयू अध्यक्ष शैलेंद्र यादव सहित सभी कार्यकताओं ने इसका स्वागत किया। पुरैनी मुख्यालय स्थित औरैया गोठ के रंग मंच पर प्रदेश एवं जिला के दर्जनों कार्यकताओं द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 साल के शासनकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की। जदयू प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन राजभर ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में पिछड़े व अतिपिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए किये गए प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कर्पूरी रथ अतिपिछड़ा जन संवाद यात्रा के तहत पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछड़े व अतिपिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री ने जो कार्य किए हैं उनका लाभ जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। वहीं प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि यह कपूरी रथ विभिन्न गांवों व जगहों का भ्रमण करते हुए अपने मिशन को जनसमूह तक पहुंचाएगी। बता दे कि आज इस यात्रा के द्वारा बिहार के सभी जिलों के सभी प्रखंडों में धूम-घूमकर मुख्यमंत्री का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

वही सभी नेताओं को अंग वस्त्र व माल देते हुए आलमनगर विधानसभा प्रभारी अमरेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कपूर्री जन संवाद रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य कपूर्री ठाकुर के विचारों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 सालों में जो काम किया उसको सामने रखना है अति पिछड़ा समाज के लोग जो विकास से बहुत दूर थे उन्हें मुख्य धारा में लाकर नीतीश कुमार ने काफी सम्मान दिया हैं। वही जिला अध्यक्ष रमेश ऋषि देव ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा समाज के लिए शिक्षा, रोजगार और सशक्तिकरण पर आधारित कई योजनाएं चलाई हैं जो आज योजनाएं जननायक कपूर्री ठाकुर के सपनों को साकार कर रही हैं।

वही जन संवाद सभा को संबोधित करते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कपूर्री जन संवाद रथ का उद्देश्य मुख्यमंत्री द्वारा अति पिछड़ा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उक्त मौके पर पूर्व प्रमुख जवाहर मेहता, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार उर्फ निर्मल ठाकुर, जदयू प्रदेश महासचिव ललन राय, सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा प्रभारी नरेश पासवान, अतिपिछड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चंद्रवंशी, आलमनगर पूर्व प्रमुख सचिन यादव, उदाकिशुनगंज जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, जदयू जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद मंडल, रजनीश कुमार बबलू, मोहम्मद मिसराइल साहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने वैशाली जिला अंतर्गत राघोपुर सराय वार्ड नंबर 4 में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा एवं दवा वितरण का शिविर का आयोजन किया।

शिविर का आयोजन ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के वैशाली जिला अध्यक्ष ज्योति कुमार सिन्हा और वैशाली जिला युवा अध्यक्ष राज किशोर द्वारा किया गया था। उक्त जानकारी ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी।

उन्होंने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा एवं दवा वितरण शिविर में बिहार के जानेमाने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजली सिन्हा और शल्य चिकित्सक डॉ कमलकांत नाथ अपने अपने चिकित्सक दल के साथ उपस्थित रह कर लोगों की सघन स्वास्थ्य जांच करते हुए आवश्यकतानुसार दवा वितरण किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि उक्त अवसर पर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की संस्थापिका सह राष्ट्रीय महासचिव पुजा सिन्हा, उप संस्थापिका एससी एसटी विंग की महासचिव आशा देवी, उप सचिव किरण जी, राष्ट्रीय निगरानी सरिता देवी, राष्ट्रीय सांस्कृतिक सचिव श्वेता बॉबी सहित वैशाली जिला के सक्रिय सदस्य अरविंद कुमार झा, पूनम सिन्हा, मनोज कुमार सिंह, एक्टिव कार्यकर्ता मुन्ना कुमार, विकास कुमार, अमोद कुमार, नितीश कुमार तथा राजू कुमार उपस्थित रहकर उत्साह के साथ लोगों का स्वागत किया और कार्यक्रम को संपन्न करने में सहयोग किया।

उन्होंने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर समय-समय पर लोकहित सेवाओं का आयोजन करता रहता है, जिसमें असहाय एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोगों के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा, पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था और समय-समय पर अंग वस्त्र इत्यादि वितरण करता रहता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर आम लोगों को भी अपना सहयोग देती है। यदि कोई ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में सहयोग करना चाहते हो तो ह्यूमन राइट्स डिफेंडर सहर्ष स्वीकार कर अपना सहयोग देती है।

# सीएम के कार्यक्रम को ले डीएम ने लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा)। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अलग-अलग विभागों के अधिकारियों द्वारा चौसा प्रखंड के रसलपुर धुरिया पंचायत के विकास कार्यो को पूर्ण करने में कर्मी जुटे हुए हैं। शनिवार को डीएम तरनजोत सिंह, विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारीयों और कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्टेडियम,पंचायत सरकार भवन सहित खेल मैदान का जायजा लिया। जायजा के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में अलग-अलग विभाग के अधिकारीयों के साथ घंटों बैठक किया। बैठक में अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर बचे हुए काम को हर हाल में निपटने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा पॉलिटेक्निक कॉलेज अंदर घूम घूम कर जायजा लिया। जायजा के दौरान अधिकारियों को सही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार, उदाकिशुनगंज अनुमंडल पदाधिकारी एसजेड हसन, उदाकिशुनगंज भूमि उप समाहर्ता आमिर अहमद, बीडीओ बृजेश कुमार दीपक, सीओ शशिकांत यादव, मनरेगा पीओ बिंदु कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# आवास योजना को ले मुखिया ने चलाया जागरूकता अभियान, बिचौलियों से सावधान रहने की दी सलाह

प्रात: किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । प्रखंड क्षेत्र के मंजौरा पंचायत के मुखिया उषा देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी। मुखिया ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आवास योजना में नाम दर्ज कराया जाता है।इस काम के लिए कोई बिचौलिया रूपया की मांग करता है तो संबंधित कार्यालय के अधिकारी को सूचित करें। इसके साथ मुखिया ने यह भी कहा कि उन्हें भी रूपया मांगने वाले की जानकारी दें। वैसे व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना बिल्कुल ही निशुल्क है।

जरूरी कागजात आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड पति पत्नी का आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी कागजात को तैयार कर रखें। जहां कार्यालय कर्मी जाकर आपसे संपर्क करेगा और ऑनलाइन घर-घर जाकर करेगा। जहां मुखिया उषा देवी के साथ आवास सहायक राजेश कुमार राज शुक्रवार को घर-घर जाकर सभी को जागरुक करते हुए वार्ड संख्या एक से लेकर 13 तक के सभी लाभुकों का नाम अंकित कर आवास योजना की जानकारी दी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गोनर पासवान, उप मुखिया प्रतिनिधि कैलाश मेहता, चंद किशोर शाह बृजेश कुमार सहित अन्य लाभुक मौजूद थे।

## शाहजादपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है इंटर की प्रायोगिक परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शानुसार वर्ष 2025 के इंटर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का प्रायोगिक परीक्षा शुक्रवार से उदाकिशुनगंज प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहजादपुर में शांतिपूर्ण माहौल में संचालित किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. लालकुन कुमार एवं वरीय शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया है यहां इस विद्यालय में अनुमंडल के चौदह विद्यालयों के छात्र छात्राओं का प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में प्रारंभ किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां उच्च विद्यालय बुधामा, उच्च विद्यालय शाहजादपुर, उच्च विद्यालय कुमरगंज, उच्च विद्यालय उदा, उच्च विद्यालय कोशी कॉलोनी, उच्च विद्यालय विषहरिया, उच्च विद्यालय शाहपुर, उच्च विद्यालय बड़ाटेनी, उच्च विद्यालय रहटा फनहन, उच्च विद्यालय जोतैली, उच्च विद्यालय मंजौरा, उच्च विद्यालय बीड़ी रणपाल, उच्च विद्यालय लक्ष्मीपुर एवं उच्च विद्यालय सिंगारपुर के छात्र छात्राएं प्रायोगिक परीक्षा में शामिल हैं। शनिवार को छात्रों ने भौतिक विज्ञान, भूगोल एवं संगीत की परीक्षा में शरीक हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. लालकुन कुमार, वरीय शिक्षक नरेन्द्र कुमार, मुरलीधर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मुरारी सिंह, आशुतोष आशीष, ज्योति कुमारी सहित विद्यालय के सभी लोग सक्रिय भूमिका में नजर आए।

## शाहजादपुर पंचायत भवन में चोरों ने पुन: चोरी की घटना को दिया अंजाम

■ पूर्व में भी हुए चोरी की मामले का अभी तक नहीं हुआ है उद्भेदन

प्रात: किरण संवाददाता



नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के बुधामा ओपी अंतर्गत शाहजादपुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में एक बार फिर शुक्रवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। लगातार चोरी की घटना से लोगों में जहां रोष व्याप्त है, वहीं पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में शाहजादपुर के मुखिया प्रतिनिधि जयजय राम यादव ने बताया कि चोरों ने ताला तोड़कर व कुंडी काटकर सरकार भवन से दस बैटरी की चोरी कर ली है। इससे पूर्व भी इस पंचायत सरकार भवन में कई बार चोरी की घटना में लाखों के सामान पर चोरों ने हाथ फेर लिया था, बाबजूद कई महीने बीतने के उपरांत भी पुलिस प्रशासन मामले का उद्भेदन नहीं कर सका है। मुखिया प्रतिनिधि जयजय राम ने बताया कि इस घटना की जानकारी से उदाकिशुनगंज के बीडीओ एवं थाना को भी अवगत कराया गया है। पंचायत सचिव के आने के बाद कार्रवाई हेतु आवेदन थाना में देने की बात बताई गई।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल पुलिस कार्यालय उदाकिशुनगंज में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं सक्रिय अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा वाहन चेकिंग के क्रम में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया गया। परंतु दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर और तेज गति से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस बल के द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया, पुलिस के द्वारा दोनों व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया, पकड़ाए गए व्यक्ति के पास चोरी का बाईक, डिक्की का लॉक तोड़ने वाला लोहे का टी चाभी, 2 मोबाइल, 1 छोटा मोबाइल का बैटरी, एक बैंक पासबुक, ब्ल्यू रंग का हैंड बैग सहित 4620 रुपया नगद बरामद किया गया, पुलिस के द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल कुमार यादव, दूसरा ने अपना नाम रवि कुमार यादव घर कटिहार जिले के कोढ़ा थाना के जोबरगंज नयाटोला वार्ड नंबर एक बताया, कोढ़ा गैंग का सदस्य बताया। दोनों युवकों से पूछताछ के दौरान कई कांडों में अपनी संलिपिता भी स्वीकार किया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया।

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बड़हरा प्रखण्ड अंतर्गत खवासपुर थाना क्षेत्र के जानकी बाजार स्थित लकड़ी के गुमटी में पान एवं गुटका के पैकेट में छुपा कर फ्रूटीनुमा शराब तस्कर द्वारा बेचा जा रहा था । गुप्त सूचना के आधार पर खवासपुर थाना प्रभारी चंदन भगत शराब तस्कर पप्पू कुमार को जानकी बाजार निवासी स्वर्गीय जय नारायण यादव के पुत्र को शराब के साथ गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के गुमटी से 4.9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया ।

## तीन महिला शराब कारोबारी समेत पांच गए जेल

शेरघाटी। उत्पाद थाना के पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए चार शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर उत्पाद आने के पुलिस ने बताया कि रोशनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुइयांडीह गांव में छापेमारी के दौरान सामोद कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया जो बाइक पर शराब लेकर जा रहा था तभी गिरफ्तार किया गया इसके पास से एक बाइक व 200 लीटर शराब को जब्त किया गया है। वहीं दूसरी तरफ शेरघाटी थाना क्षेत्र के जलसा गांव में छापेमारी करते हुए पुलिस ने 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ उमेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है, उद्यानबीघा गांव में छापेमारी के दौरान 5 लीटर शराब के साथ शारदा देवी, गोपालपुर गांव में छापेमारी के दौरान 2 लीटर शराब के साथ अनिता देवी,तेतरिया गांव से छापेमारी के दौरान का 2लीटर शराब के साथ कविता देवी को गिरफ्तार किया गया।सभी आरोपियों को कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## बुनकर संघ के नेतृत्व में श्रम मंत्री से पात्रता रखने वाले श्रमिकों को लेबर कार्ड निर्गत करवाने की मांग : गोपाल पटवा

गया।बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के तत्वाधान में संतोष सिंह श्रम मंत्री बिहार को पुष्पगुच्छ प्रदान कर गया परिसदन में शानदार स्वागत , अभिवादन किया गया है।गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बुनकर संघ के नेतृत्व में प्रकाश राम पटवा द्वारा संयुक्त रूप से अभिनंदन किया गया है। श्रम संसाधन मंत्री से पटवा ने पात्रता रखने वाले श्रमिकों को लेबर कार्ड निर्गत करवाने एवं अन्य उचित श्रमिक योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया है। श्रम संसाधन विभाग के मंत्री ने उप श्रमायुक्त गया से अविलंब अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर पूर्व सांसद हरि मांझी उपस्थित रहे।

## भारी मात्रा में शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

शेरघाटी। कंटेनर मैं लगा हुआ अवैध शराब के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार, शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि बाराचट्टी थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान भलुआ चट्टी के पास से बाहर जांच के दौरान गाड़ी नंबर एचआर 39एफ 6222 कंटेनर की तलासी के दौरान गाड़ी में लदा हुआ 1953.51 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजस्थान के मीदीयावास होडू थाना सिणधरी एवं मोहन लाल साकिन साष्टा दोनों बाड़मेर राजस्थान के रहने वाला हैं, गए दोनों शराब कारोबारी के पास से एक कंटेनर में लदा हुआ भारी मात्रा में शराब को बरामद किया गया। जबकि तीन मोबाइल समेत 3000 नगद भी जप्त किए गए हैं।

# प्रखंड क्षेत्र के 12 ग्राम पंचायतों में 13 जनवरी से 30 जनवरी तक लगाए जाएंगे कैंप

प्रात: किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड अंतर्गत सभी 12 ग्राम पंचायत में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत ट्राई साइकिल, सहायक उपकरण, कबीर अंत्येष्टि, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ एवं सभी प्रकार के पेंशन से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु 13 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक पंचायत वार कैंप का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ गुलजारी कुमार पंडित ने बताया। उन्होंने बताया कि कैंप में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव, पंचायत कार्यपालक सहायक एवं विकास मित्र उपस्थित रहेंगे। प्रखंड कार्यालय में प्रतिनियुक्ति सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कार्यपालक सहायक रोस्टर अनुसार कैंप में उपस्थित रहेंगे। सभी कर्मियों को आदेश दिया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करेंगे। संबंधित पंचायत सचिव का दायित्व होगा कि प्राप्त आवेदन को पंजीबद्ध करते हुए उसी दिन स्थलीय जांच कर मंतव्य सहित प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे साथ ही प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उदाकिशुनगंज को निर्देश दिया गया है कि कैंप से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां की समीक्षा कर हमें सूचित करेंगे एवं कैंप के समय भी कैंप के प्रभारी पदाधिकारी के रूप में मौजूद रहेंगे। कैंप द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाए जाने को लेकर सभी ग्राम पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य को भी सूचित किया गया है अपने-अपने पंचायत और वार्ड के लोगों को इसकी सूचना दें और उसे कैंप के माध्यम से लाभ दिलाएं।

**इन पंचायत में इन तिथियों को लगाए जाएंगे कैंप**

| पंचायत का नाम | दिन और दिनांक |
|---|---|
| (1) शहजादपुर | सोमवार 13 जनवरी 2025 |
| (2) नयानगर | मंगलवार 14 जनवरी 2025 |
| (3) जौतेली | शुक्रवार 17 जनवरी 2025 |
| (4) गोपालपुर | शनिवार 18 जनवरी 2025 |
| (5) लश्करी | सोमवार 20 जनवरी 2025 |
| (6) मधुबन | मंगलवार 21 जनवरी 2025 |
| (7) बराही आनंदपुरा | शुक्रवार 24 जनवरी 2025 |
| (8) मंजोरा | शनिवार 25 जनवरी 2025 |
| (9) बीड़ी रणपाल | सोमवार 27 जनवरी 2025 |
| (10) पिपरा करोती | मंगलवार 28 जनवरी 2025 |
| (11) खारा | शुक्रवार 29 जनवरी 2025 |
| (12) बुधमा | शनिवार 30 जनवरी 2025 |

# बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने लिया संन्यास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने फिर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह दूसरी बार है जब उन्होंने अपने करियर को अलविदा कहा है। तमीम ने जुलाई 2023 में भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही अपना फैसला बदल दिया था।

तमीम ने हाल ही में नेशनल सेलेक्शन पैनल से मुलाकात की थी। उन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम के ऐलान से पहले ही संन्यास ले लिया।

तमीम ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी मैच सितंबर 2023 में खेला। उन्होंने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। तमीम ने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। तमीम ने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। तमीम का इंटरनेशनल रिकॉर्ड तमीम इकबाल ने 70 टेस्ट मैचों में 38.89 के एवरेज से 5134 रन बनाए। इसमें 10 शतक और 31 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं 243 वनडे में उनके नाम पर 36.65 की औसत से 8357 रन दर्ज हैं। वनडे इंटरनेशनल में 14 शतक और 56 अर्धशतक लगाए। तमीम ने 78 टी-20 इंटरनेशनल में 24.08 के एवरेज से 1758 रन बनाए। इसमें उनके नाम पर 1 शतक और सात अर्धशतक दर्ज हैं। कप्तान शांतो ने मनाने की कोशिश की तमीम ने 8 जनवरी को सिलहट में बांग्लादेश के चयनकर्ताओं को अपने फैसले की जानकारी दी।

गाजी अशरफ हुसैन की अगुआई वाली चयन समिति ने उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश टीम में वापस आने के लिए कहा। तमीम ने तब उनसे कहा था कि वह संन्यास लेने के अपने फैसले पर कायम रहेंगे, लेकिन कप्तान नजमुल हुसैन शांतो सहित कुछ बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने उनसे फिर से विचार करने का रिक्वेस्ट किया, जिसके बाद उन्होंने एक दिन और समय लिया। इंटरनेशनल क्रिकेट में मेरा अध्याय समाप्त हो चुका है उन्होंने शुक्रवार को फेसबुक पर लिखा, मैं लंबे समय से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हूं। वह दूरी बनी रहेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट में मेरा अध्याय समाप्त हो चुका है। मैं इस बारे में लंबे समय से सोच रहा था। अब जब चैंपियंस ट्रॉफी जैसा बड़ा आयोजन आ रहा है, तो मैं किसी के ध्यान का केंद्र नहीं बनना चाहता। उन्होंने आगे लिखा, कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने ईमानदारी से मुझे टीम में वापस आने के लिए कहा। चयन समिति के साथ भी चर्चा हुई। टीम में मुझे शामिल करने के लिए मैं उनका आभारी हूं। हालांकि, मैंने अपने दिल की बात सुनी है। उन्होंने लिखा, मैंने खुद को बहुत पहले ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटा लिया था क्योंकि मैं इबंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करना चाहता था।

# रानी रामपाल को उम्मीद- भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग




**नई दिल्ली** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी।

सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए। भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा, ''पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी।''उन्होंने कहा, अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा। इस संदर्भ में महिला क्रिकेट का उदाहरण देते हुए रानी ने कहा, महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इसका अनुसरण करना शुरू कर दिया।

# नॉकआउट में पहुंचने के लिए जीतने होंगे दोनों मैच

**धर्मशाला, एजेंसी।** हिमाचल अगर गुजरात को अंतिम लीग मैच में हरा देती है तो नॉकआउट के लिए आसानी से क्वालीफाई कर सकती है। हिमाचल के कप्तान और कोच के अंतिम लीग मैचों के लिए विशेष रणनीति तैयार करनी होगी। रणजी के नॉकआउट में जाने के लिए हिमाचल को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे, लेकिन उसकी राह में सबसे बड़ा रोड़ा गुजरात बनेगा। हिमाचल अगर गुजरात को अंतिम लीग मैच में हरा देती है तो नॉकआउट के लिए आसानी से क्वालीफाई कर सकती है। हिमाचल के कप्तान और कोच के अंतिम लीग मैचों के लिए विशेष रणनीति तैयार करनी होगी। अंडर-23 ट्राफी में भी पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने पर हिमाचल को गुजरात ने हराकर फाइनल में खेलने का सपना तोड़ा था। वहीं, अब रणजी के दो मैच हिमाचल को हैदराबाद और गुजरात में खेलने हैं। हिमाचल का छठा रणजी मैच 23 से 26 जनवरी को हैदराबाद के साथ होगा। 30 जनवरी से दो फरवरी को गुजरात के साथ दूसरा मुकाबला होगा। अभी तक हिमाचल ने पांच लीग मैचों में तीन में जीत हासिल की और दो मैच हारे हैं। जबकि गुजरात ने पांच में दो मैच जीते हैं और तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। हिमाचल 21 अंकों के साथ पूल में दूसरे स्थान पर है और गुजरात की टीम 19 अंकों के साथ के तीसरे स्थान पर बनी है। 28 अंकों के साथ विदर्भ की टीम पहले स्थान पर है। हैदराबाद 9 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। हिमाचल के लिए जहां हैदराबाद पर जीत हासिल करनी होगी। गुजरात से मैच जीतना भी सबसे जरूरी है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि हिमाचल अगर गुजरात से मैच में जीत जाता है तो वह आराम से नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करेगा। बचे हुए दो मैच से पूर्व हिमाचल की टीम का अभ्यास कैंप भी लगाया जाएगा। इसमें कोच और कप्तान अगले दो मैचों के लिए रणनीति भी तैयार करेंगे। इस बार हिमाचल नॉकआउट के लिए क्वालीफाई भी करेगा और फाइनल भी खेलेगा।

इंडिया-इंग्लैंड सीरीज

# सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं रोहित शर्मा!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी जिसका आयोजन 5 मैचों की टी20 सीरीज के बाद किया जायेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी के लिहाज से इस सीरीज को काफी अहम माना जा रहा है। भारत ने पिछले साल यानी 2024 में सिर्फ 3 वनडे मैच खेले थे और ये सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली गई थी, लेकिन टीम इंडिया को 0-2 से हार मिली थी। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया इस हार को भूलकर इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरुआत करेगी और सीरीज को जीतने की कोशिश भी करेगी। इस वनडे सीरीज के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने का भी बेहतरीन मौका होगा।

रोहित शर्मा के पास वनडे में दूसरे सबसे तेज 11,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बनने का भी मौका है। रोहित शर्मा ने अब तक वनडे में 265 मैचों की 257 पारियों में 10,866 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा अगर अगली 10 पारियों में 134 रन बना लेते हैं तो वो वनडे में दूसरे सबसे तेज 11,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। वनडे में सबसे कम पारियों में ग्यारह हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज कोहली हैं जिन्होंने 222 पारयों में ये कमाल किया था। वहीं सचिन तेंदुलकर दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 276 पारियों में 11,000 रन बनाए थे। वैसे रोहित शर्मा इंग्लैंड सीरीज के दौरान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं।

### वनडे में 11,000 रन पूरे करने के करीब हैं रोहित

रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान 134 रन बनाते ही 50-50 ओवर के प्रारूप में अपने 11,000 रन भी पूरे कर लेंगे। रोहित शर्मा ने 265 वनडे मैचों में अब तक 10,866 रन बनाए हैं। इस वनडे सीरीज में 11,000 रन पूरा करते ही वो भारत की तरफ से वनडे प्रारूप में रन के इस आंकड़े को छूने वाले चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। भारत की तरफ से वनडे प्रारूप में 11,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब तक सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और सौरव गांगुली शामिल हैं।

### सबसे तेज 11,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | 222 पारी |
| सचिन तेंदुलकर | 276 पारी |
| रिकी पोंटिंग | 286 पारी |
| सौरव गांगुली | 288 पारी |
| जैक कैलिस | 293 पारी |



# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सात्विक और चिराग ने लेकिन लगातार अंक लेकर पहला गेम जीता। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने मजबूत शुरूआत की लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी करते हुए 17 में से 13 अंक लेकर जीत दर्ज की। भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन में शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गए। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यि तियू को 26-24, 21-15 से हराया। पिछली बार उपविजेता रहे सात्विक और चिराग का सामना दक्षिण कोरिया के वोन हो किम और सियुंग जाए सियू से होगा।

पहला गेम बराबरी का रहा जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारतीय जोड़ी ने 11-9 की बढ़त बना ली जो 18-16 हो गई लेकिन मलेशियाई टीम ने लगातार तीन अंक लेकर वापसी की और स्कोर 19-19 कर दिया। इसके बाद उन्होंने 20-19 की बढ़त बना ली। सात्विक और चिराग ने लेकिन लगातार अंक लेकर पहला गेम जीता। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने मजबूत शुरूआत की लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी करते हुए 17 में से 13 अंक लेकर जीत दर्ज की।



# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला ऑकलैंड में खेला गया. शनिवार 11 जनवरी को हुए इस मैच में श्रीलंका की टीम ने लगातार दो मैच हारने के बाद दमदार वापसी की. इस मैच में उसने कीवी टीम को 140 रनों के बड़े अंतर से हराया. हालांकि, इस जीत का सीरीज पर कोई खास असर नहीं पड़ा और न्यूजीलैंड ने 2-1 से इसे अपने नाम कर लिया. बता दें इस मुकाबले में श्रीलंका की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 290 रन बनाए थे. फिर असिथा फर्नांडो, ईशान मलिंगा और महीश तीक्षणा ने अपनी घातक गेंदबाजी से न्यूजीलैंड को महज 150 रन पर ढेर कर दिया.

श्रीलंका की टीम इस मैच से पहले लगातार 2 मैच हारकर पहले ही सीरीज गंवा चुकी थी. अब उसके लिए सम्मान की लड़ाई थी. इसलिए उसने कड़ा रुख अपनाया और टॉस जीतकर पहले बैटिंग की. पहले ओवर से श्रीलंकाई टीम ने आक्रामक अंदाज अपनाया जो अंत तक जारी रहा. ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए श्रीलंका के बल्लेबाजों ने बोर्ड पर 290 रन लगा दिए. इसके बाद श्रीलंकाई पेस अटैक ने कीवी बल्लेबाजों पर कहर बरपाया.

# अगर जीतना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेलना होगा



**मेलबर्न, एजेंसी।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले जितने संभव हो सके उतने ग्रैंड स्लैम जीतने का अपना लक्ष्य व्यक्त किया। 21 वर्षीय खिलाड़ी के संग्रह से ऑस्ट्रेलियन ओपन एकमात्र प्रमुख खिताब है जो वह जीते नहीं है. अल्काराज़ ने कहा, मेरे लिए लक्ष्य ग्रैंड स्लैम, मास्टर्स 1000 जीतने की कोशिश करना है। मेरे लिए वे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। उन्होंने कहा, जाहिर है कि रैंकिंग लक्ष्यों में ऊपर है, साथ ही, मैं जैनिक (सिनर) के जितना करीब हो सकता हूं उतना करीब पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं या (अलेक्जेंडर) जवेरेव को भी पीछे छोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। रैंकिंग वहां है। लेकिन मेरे लिए मुख्य बात ग्रैंड स्लैम है, जितना हो सके उतने ग्रैंड स्लैम जीतने की कोशिश करना,

अलकाराज़ ने पहले ही चार प्रमुख खिताब हासिल कर लिए हैं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए एंडी मरे और पूर्व विश्व नंबर 3 स्टेन वावरिंका जैसे महान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को पीछे छोड़ दिया है। 2024 में, स्पैनियार्ड और जैनिक सिनर ने ग्रैंड स्लैम दृश्य पर अपना दबदबा बनाया, प्रत्येक ने दो खिताब जीते। जून से एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर काबिज सिनर, अलकाराज़ के करियर में एक केंद्रीय व्यक्ति बन गए हैं। अलकाराज़ ने साझा किया कि कैसे उनकी रोमांचक प्रतिद्वंद्विता उनके विकास में एक प्रेरक शक्ति रही है।

जब मैं उसके खिलाफ खेल रहा होता हूं, तो मेरी मानसिकता थोड़ी अलग होती है। जब आप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सामना कर रहे होते हैं, तो आपको कुछ अलग करना होता है, अलग तैयारी या अलग मानसिकता, । जब मैं उसका सामना कर रहा होता हूं, तो मुझे बस इतना पता होता है कि अगर मुझे जीतना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेलना होगा। बस इतना ही। शायद अगर जैनिक के खिलाफ़ खराब दिन होने पर 99 प्रतिशत संभावना है कि आप हार जाएं । हर बार जब मैं उसके खिलाफ़ खेलने जा रहा होता हूं, तो मेरे दिमाग में यही बात होती है। उन्होंने कहा, मेरे लिए अच्छी बात यह है कि जब मैं उसे खिताब जीतते हुए देखता हूं, जब मैं उसे रैंकिंग में शीर्ष पर देखता हूं, तो यह मुझे हर दिन और भी कठिन अभ्यास करने के लिए मजबूर करता है। अभ्यास में, मैं बस उन चीजों के बारे में सोचता हूँ जिन्हें मुझे उसके खिलाफ़ खेलने के लिए सुधारना है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत बढ़िया है, उनके साथ रहना, अब तक इतनी शानदार प्रतिद्वंद्विता, बस हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए।

अल्काराज़ और सिनर मेलबर्न पार्क में होने वाले फाइनल तक एक-दूसरे का सामना नहीं कर सकते। तीसरे वरीय खिलाड़ी का ध्यान आगे के प्रत्येक मैच पर रहेगा, जिसकी शुरुआत अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले से होगी। एक साल पहले, अल्काराज़ को ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में अलेक्जेंडर जवेरेव ने बाहर कर दिया था। उस समय, वह अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के बिना ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर गए थे, जो घुटने की सर्जरी के बाद टूर्नामेंट से चूक गए थे। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर 1 मेलबर्न पार्क में इस साल के संस्करण के लिए अल्काराज़ के हाफ में वापस आ गया है।

# नीरज सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट, नदीम रहे दूसरे स्थान पर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में नदीम ने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

उन्होंने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। नदीम इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं क्योंकि उन्होंने ओलंपिक के अलावा केवल एक अन्य प्रतियोगिता पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसे वह चौथे स्थान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक में उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था।भारत संभवत- इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें नीरज सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है।शीर्ष प्रतियोगिताओं में दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। नीरज ने हाल ही में अपने करियर में एक रोमांचक नए अध्याय की शुरुआत की थी। नीरज ने महान भाला फेंक एथलीट यान जेलेज्नी को अपना नया कोच बनाया। तीन बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन और मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी लंबे समय से चोपड़ा के आदर्श रहे हैं।जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं।

# इजरायली हमलों में पत्रकार समेत 22 की मौत, संचार सेवा ठप होने का बढ़ा खतरा

प्रात : किरण/एजेंसी

गाजा। इजरायली हवाई हमलों में एक पत्रकार सहित करीब 22 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। ईंधन की कमी के कारण गाजा में संचार व्यवस्था ठप होने का खतरा भी बढ़ गया है। गाजा में सिविल डिफेंस के अनुसार, शुजाय्या इलाके के एक घर को निशाना बनाकर हवाई हमला किया गया। इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले में सात लोग मारे गए। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में नासेर अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर हुए हवाई हमलों के बाद चार शव बरामद किए गए। मध्य गाजा के अल-नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल की ओर से बताया गया कि गोलाबारी और ड्रोन हमलों में अल-गाद टीवी के पत्रकार सईद नभान सहित तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। गाजा स्थित सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, नभान की मृत्यु के साथ, 7 अक्टूबर 2023 को संघर्ष शुरू होने के बाद से मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 203 हो गई है। गाजा के संचार और डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल रज्जाक अल-नतशा ने चेतावनी दी कि ईंधन की कमी के कारण शुक्रवार रात तक इंटरनेट और लैंडलाइन सहित संचार सेवाएं बंद हो



सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन आपूर्ति पर इजरायल की नाकाबंदी का असर पड़ा है। जिससे आपातकालीन सेवाओं के बाधित होने होने का खतरा है। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के नेतृत्व वाले हमले के बाद संघर्ष शुरू हुआ, जिसमें 1,200 से अधिक इजरायली मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में इजरायल की बड़े पैमाने पर सैन्य प्रतिक्रिया के कारण 46,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान में एक इजरायली हवाई हमले में पांच लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने शुक्रवार को पांच शवों की बरामदगी की घोषणा की, जिसके बारे में उसने कहा कि वे दक्षिणी लेबनान के पूर्व में स्थित लेबनानी शहर खियाम पर हाल ही में इजरायली हमलों के दौरान मारे गए थे। 27 नवंबर, 2024 को लेबनान के साथ युद्धविराम समझौते के बावजूद इजरायल ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में रुक-रुक कर हमले किए हैं, जिनमें से कुछ में हताहत भी हुए हैं। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इजराइली विमानों ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के हथियारों से भरे एक वाहन पर हमला किया। बयान के अनुसार, हवाई हमला तब किया गया जब आईडीएफ ने पाया कि कई आतंकवादी ट्रक पर हथियार लाद रहे हैं। आईडीएफ ने एक अलग बयान में कहा कि दक्षिणी लेबनान के एक गांव में तलाशी अभियान के दौरान, इजरायली सैनिकों को एक मल्टी-बैरल रॉकेट लांचर, सैकड़ों मोर्टार गोले, विस्फोटक उपकरण और आरपीजी राइफलें मिलीं।

# लॉस एंजिल्स फायर : अब तक 11 की मौत, आग बुझाने के लिए पानी की कमी पर भड़के गवर्नर, जांच के आदेश






प्रात : किरण/एजेंसी

लॉस एंजिल्स। लॉस एंजिल्स में लगी विनाशकारी जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 11 हो गई है। वहीं आग बुझाने की कोशिशों के बीच कथित पानी की कमी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। एलए काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने हाल ही में हुई मौतों की पुष्टि की है। उसने चेतावनी दी है कि दिन गुजरने के साथ यह संख्या बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलिफोर्निया के गवर्नर ने स्वतंत्र जांच की मांग की है कि किस तरह पानी की कमी ने लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लगी आग के खिलाफ लड़ाई को 'नुकसान पहुंचाया'। गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने कहा कि उन्होंने कुछ फायर हाइड्रेंट में पानी की सप्लाई की कमी और सांता यनेज जलाशय से पानी की आपूर्ति की कथित अनुपलब्धता के दावों की स्वतंत्र जांच की मांग की। लॉस एंजिल्स के जल और बिजली विभाग के प्रमुख जैनिस क्विनोन और लॉस एंजिल्स काउंटी के लोक निर्माण निदेशक मार्क पास्ट्रेला को लिखे पत्र में न्यूजॉम ने रिपोर्टों को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच फायर फाइटर आग बुझाने में लगे हुए हैं, हालांकि सप्ताह की शुरूआत में आग को भड़काने वाली तेज हवाएं अब थम गई हैं। ईटन फायर को नियंत्रित करने में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं ने पैलिसेड्स फायर को नियंत्रित करना विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण बना दिया। आग ने लॉस एंजिल्स शहर के उत्तर में घनी आबादी वाले 25-मील (40 किमी) क्षेत्र में 12,000 से अधिक घरों और इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया है। लगभग 150,000 निवासियों को घर छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। इस क्षेत्र में आठ महीने से अधिक समय से बारिश नहीं हुई है, जिससे नुकसान बहुत ज्यादा हुआ है। भयानक आग में अमेरिकी फिल्म जगत के कई हस्तियों के घर भी आ गए हैं क्योंकि लपटें हॉलिवुड हिल्स तक पहुंच गई हैं।

## मैं ट्रंप को हरा देता लेकिन पार्टी की एकजुटता की खातिर पीछे हटा: बाइडन

प्रात : किरण/एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह नवंबर में हुए आम चुनावों में ट्रंप को हरा देते लेकिन उन्होंने डेमोक्रिटिक पार्टी की एकजुटता की खातिर चुनाव के बीच उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया। बाइडन से शुक्रवार को यहां व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया, राष्ट्रपति महोदय, क्या आपको चुनाव न लड़ने के अपने फैसले पर खेद है ? क्या आपको लगता है कि आपने अपने पूर्ववर्ती (ट्रंप) को अपना उत्तराधिकारी बनने का आसान मौका दिया ? इसपर बाइडन ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। मुझे लगता है कि मैं ट्रंप को हरा देता, हरा सकता था। मुझे लगता है कि कमला (हैरिस) ट्रंप को हरा सकती थीं। उन्होंने कहा, ह्यपार्टी को एकजुट करना महत्वपूर्ण है और जब पार्टी इस बात को लेकर चिंतित थी कि मैं आगे बढ़ पाऊंगा या नहीं, तो मैंने सोचा कि पार्टी को एकजुट करना बेहतर होगा। हालांकि मुझे लगा था कि मैं फिर से जीत सकता हूं। जून में अटलांटा में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच हुई डिबेट में बाइडन (82) का प्रदर्शन कुछ खास नहीं था जिसके बाद से उनकी ही पार्टी के सदस्य बाइडन के इस पद की दौड़ से हटने की बात करने लगे थे और अंततः बाइडन ने ट्रंप के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने का फैसला किया था। बाइडन की जगह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया था। हालांकि उन्हें ट्रंप के हाथों हार का सामना करना पड़ा। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन ने कहा कि कमला हैरिस फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक ऐसा निर्णय है जिसके बारे में वह सोच सकती हैं। वह चार साल बाद फिर से चुनाव लड़ने के लिए सक्षम है। यह निर्णय उन्हें ही लेना होगा। इस दौरान बाइडन से पूछा गया, क्या आप राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद भी सक्रिय रहने की योजना बना रहे हैं, या आप बुश मॉडल का अनुसरण करने जा रहे हैं, जहां आप लोगों की नजरों से ओझल रहेंगे ? इसका जवाब देते हुए बाइडन ने कहा, मैं न तो नजरों से ओझल होऊंगा और न ही दिलों से। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडन 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद छोड़ देंगे। उनकी जगह डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। रिपब्लिकन पार्टी के ट्रंप बाइडन से पहले भी अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं।

# अंगोला में हैजा के 119 मामले आए सामने , 12 की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी



लुआंडा। अंगोला के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में हैजा के प्रकोप पर एक बुलेटिन जारी किया। बुलेटिन में 12 लोगों की मौत की जानकारी दी गई। इनमें से 14 मामलों की पुष्टि प्रयोगशाला परीक्षण के माध्यम से हुई और 12 नमूनों का विश्लेषण किया जाना बाकी है। बुलेटिन में कहा गया है कि 7 जनवरी 2025 को पहले मामले की पुष्टि के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने हैजा प्रकोप की घोषणा की थी। मिनसा ने अपनी राष्ट्रीय कोलेरा रिस्पॉन्स प्लान को अपडेट और एक्टिवेट यानि सक्रिय किया है। उन्होंने चिकित्सा संसाधन और आपूर्ति जुटाई है। प्रमुख उपायों में बढ़ी हुई महामारी विज्ञान और प्रयोगशाला निगरानी, सामुदायिक संचार पहल और जल और स्वच्छता हस्तक्षेप शामिल हैं, जैसे कैल्शियम हाइपोक्लोराइट वितरित करना और पीने योग्य पानी के टैंकों को कीटाणुरहित करना और आपूर्ति करना।
मंत्रालय ने प्रकोप के प्रबंधन में चुनौतियों का हवाला दिया। विशेष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में खराब स्वच्छता और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में पीने योग्य पानी की व्यवस्था की कमी। पिछले 24 घंटों में हैजा के 24 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 20 कैकुआको नगर पालिका में केंद्रित थे, जो प्रकोप का केंद्र है। अंगोला के राजधानी प्रांत लुआंडा में एक उपनगरीय क्षेत्र कैकुआको में 1.2 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं। रिपोर्ट किए गए 119 मामलों में से 53 प्रतिशत महिलाएं और 47 प्रतिशत पुरुष हैं। हैजा से होने वाली 12 में से 11 मौतें कैकुआको में हुईं। बुलेटिन में हैजा के मामले को गंभीर या अत्यधिक निर्जलीकरण वाले रोगी या दो वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में उल्टी के साथ या दस्त के कारण मृत्यु, उन क्षेत्रों में परिभाषित किया गया है जहां हैजा का प्रकोप है। एक मामले की पुष्टि हो गई है जबकि एक संदिग्ध मामला है जहां मल के नमूनों में हैजा विब्रियो की मौजूदगी पाई गई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि बुलेटिन में एक टाइमलाइन चार्ट से संकेत मिलता है कि हैजा के लक्षण पहली बार 31 दिसंबर 2024 को एक मरीज में देखा गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हैजा एक तीव्र दस्त संक्रमण है जो विब्रियो कोलेरा नामक जीवाणु से दूषित भोजन या पानी के सेवन से होता है। हैजा और अन्य जलजनित बीमारियों को रोकने के लिए सुरक्षित पानी, बुनियादी स्वच्छता और स्वच्छता तक पहुंच आवश्यक है। हैजा से पीड़ित अधिकांश लोगों को हल्का या मध्यम दस्त होता है और उनका इलाज ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) से किया जा सकता है। हालांकि, यह बीमारी तेजी से बढ़ सकती है, इसलिए जान बचाने के लिए जल्दी से इलाज शुरू करना जरूरी है।

# भारत-तालिबान संबंध : इस्लामाबाद के बंद कमरों में बैठकों का दौर शुरू, पाकिस्तानी एक्सपर्ट ने दी चेतावनी

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। दुबई में तालिबान शासित अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ भारतीय विदेश सचिव की बैठक ने पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की नींद उड़ा दी है। कई शीर्ष विश्लेषकों ने सुझाव दिया है कि इस्लामाबाद को काबुल के प्रति अपने आक्रामक रुख पर फिर से विचार करना चाहिए। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ 'क्षेत्रीय घटनाक्रम' से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

इससे पहले नई दिल्ली ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक की कड़ी निंदा की थी जिसमें कई महिलाओं और बच्चों सहित 46 लोगों की मौत हो गई थी। अफगानिस्तान की तरफ से भारत को 'महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और आर्थिक साझेदार' बताए जाने के



बाद पाकिस्तान में अफगान रणनीति की गहन समीक्षा की मांग बढ़ गई है। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि इस्लामाबाद में बंद कमरे में बैठकें हो रही हैं, जिसमें शीर्ष अधिकारी अपने अस्थिर पड़ोसी के प्रति नीति को लेकर गहन विचार-विमर्श कर रहे हैं।

रणनीतिक विश्लेषक आमिर राणा ने कहा, पाकिस्तान के लिए यह एक चेतावनी होनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तालिबान के कब्जे से पहले भारत अफगानिस्तान में एक प्रमुख प्लेयर था। नई दिल्ली ने पुनर्निर्माण परियोजनाओं के लिए अफगानिस्तान में लगभग 3 बिलियन डॉलर का निवेश किया था और उत्तरी गठबंधन के सदस्यों के भी नई दिल्ली के साथ अच्छे संबंध हैं। राणा ने कहा, भारतीय तालिबान के साथ सावधानी से काम कर रहे हैं और चीजें वास्तव में आगे बढ़ रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक है और हमारे द्विपक्षीय संबंधों में जबरदस्त गिरावट आई है। रणनीतिक विश्लेषक ने कहा, पाकिस्तान अपने पश्चिम में एक 'दुश्मन' पड़ोसी बर्दाश्त नहीं कर सकता। एक नजरिया यह है कि काबुल में लोगों के साथ संवाद करने के बजाय, इस्लामाबाद कंधार में तालिबान नेतृत्व के साथ टीटीपी मुद्दे को उठा सकता है क्योंकि असली शक्ति वहीं से आती है। रणनीतिक विशेषज्ञ ने सुझाव दिया, 2023 में तालिबान के एक फतवे में कार्यकर्ताओं को पाकिस्तान के अंदर जिहाद छेड़ने से रोकने की बात कही गई थी। इसका इस्तेमाल तालिबान को टीटीपी और अन्य पाकिस्तान विरोधी समूहों को अपनी सीमाओं से दूर करने के वास्ते अफगान तालिबान को मनाने के लिए किया जा सकता है। बता दें अफगानिस्तान के प्रति पाकिस्तान की मौजूदा नीति, कम बातचीत और अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने की है। राणा ने कहा, बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। पाकिस्तान क्षेत्रीय देशों के माध्यम से तालिबान पर अपने आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने के लिए दबाव डाल सकता है। अगर अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंध और खराब होते हैं, तो यह पहले से ही अस्थिर सुरक्षा स्थिति को और बढ़ा देगा।

बात दें अफगानिस्तान और पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। टीटीपी का उद्देश्य पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और राज्य के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाकर पाकिस्तान सरकार को उखाड़ फेंकना है। पाकिस्तान का अफगान तालिबान पर आरोप है कि वह टीटीपी विद्रोहियों को सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने और उनकी आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करता है। हालांकि काबुल इन आरोपों का खंडन करता आया है।

**शपथ** शपथग्रहण के मौके पर आसपास की गलियों और पास के एक प्लाजा में लोगों की भारी भीड़ जमा थी, जिनमें से कई ने मादुरो के समर्थन में टी-शर्ट पहन रखी थी।

# वेनेजुएला: निकोलस मादुरो ने विरोधों के बीच राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली

प्रात : किरण/ एजेंसी

कराकस। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने शुक्रवार को नये कार्यकाल के लिए शपथ ली। मादुरो ने विरोध प्रदर्शनों और अमेरिका और अन्य देशों की आलोचनाओं के बीच राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। मादुरो के विरोधी उन पर पिछले साल हुए चुनावों में धांधली का आरोप लगाते हैं। मादुरो ने वेनेजुएला के विधान भवन में शपथ ली और एक जोशीला भाषण भी दिया। शपथग्रहण समारोह के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शपथग्रहण के मौके पर आसपास की गलियों और पास के एक प्लाजा में लोगों की भारी भीड़ जमा थी, जिनमें से कई ने मादुरो के समर्थन में टी-शर्ट पहन रखी थी। मादुरो ने अपने विरोधियों और अमेरिका में उनके समर्थकों पर उनके शपथ ग्रहण को विश्व युद्ध में बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण को रोकने में उनके दुश्मनों की विफलता वेनेजुएला की शांति और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए ह्यएक बड़ी जीतह्न है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे न तो अमेरिका की सरकार ने राष्ट्रपति बनाया है, न ही लातिन अमेरिका की साम्राज्यवाद समर्थक सरकारों ने। मैं लोगों के बीच से आता हूं, मैं लोगों का हूं और मुझे शक्ति इतिहास और लोगों से मिलती है। मैं लोगों का ऋणी हूं। सैकड़ों वेनेजुएलावासियों ने बृहस्पतिवार को मादुरो पर सत्ता हथियाने का आरोप लगाते हुए सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया था। विरोध प्रदर्शन अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा लेकिन इसके खत्म होने के बाद, पूर्व सांसद मारिया कोरिना मचाडो के सहयोगियों ने कहा कि उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। सरकार ने मचाडो को चुनाव लड़ने से रोक दिया था। वह बृहस्पतिवार



को मादुरो के खिलाफ रैली में शामिल होने के लिए महीनों तक छुपने के बाद बाहर आईं।

उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया और आरोप लगाया कि नेशनल गार्ड्स के जवानों ने उनके काफिले पर गोलियां चलाईं और जब वह एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी थीं तब खींचकर ले गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने उन्हें बताया कि वे उन्हें जेल ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके मोटरसाइकिल चालक के पैर में गोली लगी है। मचाडो ने कहा कि लेकिन जेल ले जाने के दौरान रास्ते में, सुरक्षा गार्ड का मन बदल गया और उन्होंने हिरासत में लिए जाने से इनकार करते हुए जीवन के प्रमाण के रूप में एक वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए मजबूर किया। वहीं मादुरो के समर्थकों ने विपक्षी गुट पर अंतरराष्ट्रीय संकट पैदा करने के लिए फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाया। सरकारी टीवी ने कहा कि 10 राष्ट्राध्यक्षों ने मादुरो के शपथग्रहण समारोह में भाग लिया। हालांकि दुनिया भर की बहुत सी सरकारों ने मादुरो के जीत के दावों को खारिज किया है। मादुरो के बढ़ते अलगाव को रेखांकित करने के लिए, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को 20 से अधिक अधिकारियों पर नये प्रतिबंधों के समन्वित दौर की घोषणा की और उन पर वेनेजुएला के लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया। इनमें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, निर्वाचन अधिकारी, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी के प्रमुख और कैबिनेट मंत्री शामिल हैं।

अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन ने वेनेजुएला की ह्यगंभीर मानवीय आपात स्थितिह्न का हवाला देते हुए 600,000 वेनेजुएला प्रवासियों को अमेरिका में रहने की मंजूरी देने वाली विशेष अनुमति को 18 महीने के लिए बढ़ा दी। प्रशासन ने अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना करने के लिए मादुरो और गृहमंत्री डियोसाडो कैबेलो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर कर दी और रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैडरिनो पर 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नया इनाम घोषित किया। मादुरो के प्रतिद्वंद्वी एडमंडो गोंजालेज ने डोमिनिकन गणराज्य से सोशल मीडिया पर एक एक वीडियो जारी किया जिसमें, उन्होंने नवीनतम प्रतिबंधों का हवाला देते हुए, वेनेजुएला के ह्यलोकतांत्रिक मित्रोंह्न को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला का माहौल सुरक्षित होने पर वह अपने देश लौटेंगे। प्रमुख विरोधियों पर चुनाव लड़ने से अधिकारियों द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बाद मादुरो के 2018 के पुनर्निर्वाचन को व्यापक रूप से एक दिखावा बताते हुए खारिज कर दिया गया था। वेनेजुएला के विपक्षी गुट ने पिछले साल मादुरो पर मतदान में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रिटेन की वित्त मंत्री की चीन यात्रा आरंभ

बीजिंग। ब्रिटेन और चीन के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रिटेन की वित्त मंत्री रशेल रीव्स की चीन यात्रा शनिवार को शुरू हो गई। रीव्स उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग समेत चीन के वित्त व वाणिज्यिक अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। रीव्स ने ब्रिटेन की साइकिल निमार्ता कंपनी ब्रॉम्पटन के एक स्टोर के दौरे के दौरान कहा, विकास ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सरकार का नंबर एक मिशन है। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, हमें दुनिया भर में निर्यात करने के सिलसिले में ब्रिटेन के व्यवसायों की मदद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य दुनिया भर में निर्यात और व्यापार करने वाली ब्रिटिश कंपनियों को फायदा पहुंचाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (चीन) तक हमारी पहुंच बेहतर हो। रीव्स की यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य चीन-ब्रिटेन आर्थिक व वित्तीय वार्ता को पुनर्जीवित करना है। दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय वार्ता 2019 से निलंबित है। ब्रिटेन को उम्मीद है कि नए सिरे से बातचीत से उन बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी, जिनका सामना ब्रिटेन के व्यवसायों को चीन में निर्यात या विस्तार करने के लिए करना पड़ता है।

### अमेरिका में भारतीय नागरिक ने बाल यौन शोषण सामग्री रखने का आरोप स्वीकार किया

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के एक नागरिक ने बाल यौन शोषण सामग्री रखने के आरोप स्वीकार कर लिए हैं। एक वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी अब्दुल रऊफ शेख को अधिकतम 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई जा सकती है और 250,000 अमेरिकी डॉलर तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार शेख पहले कार्निवल क्रूज लाइन्स नामक कंपनी में कार्यरत था। अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा विभाग के विशेष एजेंटों को न्यू ऑरलीन्स के एराटो स्ट्रीट क्रूज टर्मिनल में शेख के पास बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री मिली थी, जिसके बाद उसे जुलाई 2024 में गिरफ्तार कर लिया गया था। न्यू ऑरलीन्स में 16 अप्रैल को उसे सजा सुनाई जाएगी।

### इजरायली पीएम नेतन्याहू ने क्यों दी हूती विद्रोहियों को धमकी

यरूशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि ह्यमन के हूती अपने हमलों (इजरायल पर) की भारी कीमत चुका रहे हैं और चुकाते रहेंगे। उन्होंने हूती विद्रोहियों को ईरान का प्रतिनिधि और इजरायल तथा पूरे क्षेत्र के लिए खतरा बताया। नेतन्याहू की यह टिप्पणी इजरायल की सेना की इस घोषणा के बाद आई कि उसके लड़ाकू विमानों ने हूती ठिकानों को बनाया बनाया। इजरायली सेना ने कहा कि यमन की राजधानी सना में हिज्याज पावर स्टेशन के साथ-साथ होदेइदाह और रास इस्सा के यमन बंदरगाहों पर हमला किया। सेना ने दावा किया कि उसने उन बुनियादी ढांचों को भी निशाना बनाया जो हूती विद्रोही अपने अभियानों में इस्तेमार करते हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज, ने कहा, होदेदाह बंदरगाह ठप हो गया है, और रास इस्सा बंदरगाह जल रहा है। उन्होंने कहा कि हमलों ने हूती ग्रुप को संदेश दिया है कि ह्यकोई भी बच नहीं पाएगा। रक्षा मंत्री ने तेल अवीव में वायुसेना के कमांड सेंटर से हवाई हमलों को देखा। कैट्ज ने कहा, इजरायल का लंबा हाथ हर उस जगह तक पहुंचता है और पहुंचता रहेगा, जहां हमारे लिए खतरा है - यहां तक कि यमन में भी। इजरायल के आर्मी रेडियो के मुताबिक यह यमन पर इजरायली सेना का पांचवां बड़ा हमला था।

### पाकिस्तान में कोयला खदान में विस्फोट, कम से कम चार लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीथेन गैस से हुए विस्फोट के कारण एक कोयला खदान ढह गई, जिससे कम से कम चार खनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में आठ खनिकों के लापता होने की खबर है, जिन्हें बचाने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, बलूचिस्तान प्रांत में क्वेटा से लगभग 40 किलोमीटर दूर संजदी क्षेत्र में नौ जनवरी को एक कोयला खदान मीथेन गैस भरने से हुए विस्फोट के कारण ढह गई, जिससे 12 श्रमिक मलबे में दब गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने शनिवार को कहा, ह्ययह घटना मीथेन गैस भरने के कारण हुई, जिससे विस्फोट हुआ और खदान ढह गई। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान 24 घंटे से अधिक समय से जारी है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129